3.2
VHP2
ाची संस्कृत ग्रन्थमाला १७७
नाटिका
ानूलाल शुक्ल शास्त्री
चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी

॥ श्रीः ॥

काशी संस्कृत ग्रन्थमाला

१७७

श्रीमद्विश्वनाथकविराजप्रणीता

चन्द्रकला-नाटिका

'प्रभावली' हिन्दीव्याख्योपेता

व्याख्याकारः सम्पादकश्च
श्री बाबूलाल शुक्ल, शास्त्री
एम. ए., साहित्याचार्य
मध्यप्रदेशशासन (साहित्य अकादमी) सम्मानित
आचार्य (प्रोफेसर) तथा अध्यक्ष,
स्नातकोत्तर संस्कृत अध्यापन एवं संशोध विभाग,
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
शाजापुर (म. प्र.)

चौखम्भा संस्कृत संस्थान
भारतीय सांस्कृतिक साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक
पो० आ० चौखम्भा, पो० बा० नं० १३९
जड़ाव भवन; के. ३७/११६, गोपाल मन्दिर लेन
वाराणसी-२२१००१ (भारत)

THE

KASHI SANSKRIT SERIES

177

****

THE

CHANDRAKALĀ-NĀTIKĀ

OF

VIŚVANĀTH KAVIRĀJA

Edited with the 'Prabhāvali' Hindī Commentary

By

Prof. BĀBŪ LĀL ŚUKLA, ŚĀSTRĪ

M. A., Sāhityāchārya.

Honoured by Madhya Pradesh
Government (Sahitya Academy)
Professor and Head of Department Postgraduate Teaching
and Research in Sanskrit, Government Postgraduate
College, SHAJAPUR (M. P.)

CHAUKHAMBHA SANSKRIT SANSTHAN

Publisher and Distributor of Oriental Cultural Literature

P. O. Chaukhambha, P. Box No. 139

Jadau Bhawan, K. 37/116, Gopal Mandir Lane

VARANASI–221001 (INDIA)

प्रस्तावना

लोकप्रिय ग्रन्थ 'साहित्यदर्पण' के रचयिता होने के कारण विश्वनाथ कविराज संस्कृत के प्रायः सभी विद्वानों से सुपरिचित हैं। इन्हीं की एक कृति 'चन्द्रकला'-नाटिका भी है जिसका 'साहित्यदर्पण' में अनेक वार उल्लेख हुआ है। चन्द्रकला-नाटिका के अतिरिक्त विश्वनाथ कविराज की अन्य अनेक कृतियाँ भी थीं जो आज तक देखने में नहीं आयीं केवल इनकी अप्रकाशित काव्यप्रकाशटीका 'दर्पण' हस्तलेख के रूप में विद्यमान है जिसका निकट भविष्य में प्रकाशित हो जाना संभव नहीं दिखाई देता।

'चन्द्रकला'-नाटिका भी आज तक उपेक्षित सी थी जिसे अब हिन्दी व्याख्यानात्मक अनुवाद के साथ द्वितीय वार प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रस्तुत नाटिका का अध्ययन विश्वनाथ कविराज के व्यक्तित्व और विशेषतः उनके स्थितिकाल पर ऐतिहासिक घटनाओं के उल्लेखों के कारण महत्वपूर्ण सामग्री की प्राप्ति करवाता है। इन संकेतित घटनाओं का अनुशीलन तथा पूर्व-सामग्री का पुनरीक्षण भी इस प्रसंग में अनुपयुक्त न होगा जिसने विश्वनाथ कविराज के इस पक्ष (व्यक्तित्व एवं स्थितिकाल) को धीरे-धीरे प्रामाणिक सीमाओं में प्रविष्ट करवा कर निश्चय तक पहुँचाने में पर्याप्त सहकार किया है।

इधर विश्वनाथ कविराज से सम्बद्ध अभिलेख (एवं उल्लेखात्मक सामग्री) का—उनकी प्राप्ति के पश्चात्—भारत के विभिन्न प्रदेशों के अनेक संशोधक विद्वानों द्वारा समीक्षण किया गया है, जिससे अनेक नवीन तथ्य प्रकाश में आये हैं परन्तु इनके आधार पर समवेत एवं व्यवस्थित ऐसे प्रयास नहीं हुए जिनमें समग्र प्राप्य सामग्री का एक सुसंगत क्रम में उपयोग किया गया हो। अतएव चन्द्रकला-नाटिका के प्रस्तुत संस्करण के अवसर पर इन नवीन तथ्यों के प्रस्तुतीकरण की समयौचिती एवं उपयोगिता असंदिग्ध रूप से आवश्यक बन कर उपस्थित हो गयी है जिसे अग्रिम पृष्ठों में यथाशक्य प्रस्तुत करने का एक विनम्र प्रयास किया गया है जो विज्ञ पाठकों के लिये विचारणीय अवश्य बन पड़ा है।

विश्वनाथ कविराज

(वंशपरिचय एवं स्थितिकाल के ऐतिहासिक आधार)

'साहित्यदर्पण' के अनुशीलन से विश्वनाथ कविराज का जो परिचय मिलता है उससे इनके नाट्यकार, आलङ्कारिक आचार्य, सन्धिविग्रहिक और

अनेक भाषाओं के अधिकारी पण्डित का व्यक्तित्व एकत्र समाहित होकर स्पष्ट उभर आता है। इतना विस्तीर्ण-क्षेत्र विश्वनाथ कविराज को पैतृकदेन और पारिवारिक वातावरण से अनायास ही प्राप्त होना असंभव नहीं था क्योंकि इनके वंश के पूर्वपुरुष भी अपने समय के अप्रतिम पण्डित, कवि और आलङ्कारिक आचार्य होते रहे थे। इनके वृद्धप्रपितामह (या प्रपितामह) नारायण या नारायणदास थे जिनने त्रिकलिङ्गनरसिंहदेव की सभा में दिग्गज विद्वान् धर्मदत्त को शास्त्रार्थ में पराजित किया था।[1] विश्वनाथ कविराज के पितामहानुज चण्डीदास[2] अलङ्कारशास्त्र के अधिकारी विद्वान् थे जिनने काव्यप्रकाश पर एक पाण्डित्यपूर्ण टीका लिखी थी जिसका नाम है (काव्य-प्रकाश) दीपिका। इन नारायणदास के पुत्र का नाम 'उल्लासदास'[3] था जिसका विश्वनाथ कविराज ने काव्यप्रकाशदर्पण में उल्लेख किया हैं। इससे स्पष्ट है कि उल्लासदास के अनुज चण्डीदास थे। उल्लासदास के आत्मज थे चन्द्रशेखर महाकवि जो अपने समय के साहित्यशास्त्र के दिग्गज विद्वान् भी थे। इन्हीं के पुत्र थे विश्वनाथ कविराज जिनके शास्त्रीय शिक्षण का महत्व-पूर्ण भाग स्वयं इनके पिता द्वारा ही सम्पन्न करवाया गया था। चन्द्रशेखर महाकवि की दो रचनाओं का 'साहित्यदर्पण' में उल्लेख मिलता है। इनमें एक है 'भाषार्णव' नामक व्याकरण सम्बन्धी ग्रन्थ और अन्य है 'पुष्पमाला' (नाटिका), परन्तु 'दर्पण' में ही चन्द्रशेखर महाकवि की पद्यरचनाओं के भी अनेक उद्धरण मिलते हैं जिससे इनके द्वारा और भी रचनाएँ लिखी

---

१. यदाहुः नरसिंहदेवसभायां धर्मदत्तं स्थगयन्तः सहृदयगोष्ठीगरिष्ठकवि-पण्डितमुख्यास्मत्प्रपितामहा श्रीमन्नारायणपादाः' (काव्यप्रकाशदर्पण काव्य-प्रकाशदीपिका की भूमिका पृष्ठ २५—वाराणसी) तथा—'तत्प्राणत्वं चास्मद्वृद्ध-प्रपितामहसहृदयगोष्ठीगरिष्ठकविपण्डितमुख्यश्रीमन्नारायणपादैरुक्तम्' (सा० दर्पण परि० ३। पृष्ठ ७८ बम्बई संस्करण)

२. 'चास्मत्पितामहानुज कविपण्डितमुख्य श्रीचण्डीदासपादैरुक्तम्' (सा० द० परि० ३) तथा—'अस्मत् पितामहानुज—श्रीचण्डीदासपादानान्तु खण्ड-रस नाम्ना' (सा० द० परि० ७।)

तथा—'इति कपिञ्जलकुलतिलकषड्दर्शनचक्रवर्ती महाकविचक्रचूडामणि-सहृदयगोष्ठीगरिष्ठ श्रीचण्डीदास महोपाध्यायकृत काव्यप्रकाशदीपिकायां दश-मोल्लासः (D. C. of Skt Mss म० म० हरप्रसाद शास्त्री Vol Vi पृष्ठ ४१६)

३. 'गुरुषु त्रिकलिङ्गदेवेन्द्र-श्रीनरसिंहदेवस्य कविराज-उल्लासदासेष्वस्माकं ज्येष्ठतातेषु' (काव्यप्रकाशदर्पण Ms. पृष्ठ १४५)

गयी होंगी ऐसा प्रतीत है। चन्द्रशेखर महाकवि नरसिंहदेव की सभा में विद्यमान थे।

विश्वनाथ कविराज के पुत्र थे अनन्तदास। विश्वनाथ कविराज के पिता महानुज चण्डीदास के आत्मज थे कृष्णानन्द 'कवि' जो 'सहृदयानन्द' काव्य के रचयिता थे। विश्वनाथ कविराज ने सुप्रसिद्ध कपिञ्जल वंश[1] में जन्म लिया था और इनके कुल के अनेक सदस्य कुलपरम्परा से चले आने वाले पाण्डित्य के आधार पर कलिङ्गसाम्राज्य के दरबार में प्रतिष्ठित स्थान और सान्धिविग्रहिक के पद को सुशोभित करते चले आ रहे थे। विश्वनाथ कविराज ने बड़े आदर से कृष्णानन्द कवि के 'सहृदयानन्द' काव्य के पद्य 'साहित्यदर्पण' में उद्धृत किये हैं।[2]

इस विवरणके आधार पर विश्वनाथ कविराज का वंशवृक्ष इस प्रकार बनता है :—

नारायणदास
- उल्लासदास-कविराज
  - चन्द्रशेखर महाकवि
    - विश्वनाथ कविराज सान्धिविग्रहिक
      - अनन्तदास
- चन्डीदास-कविपण्डित
  - कृष्णानन्द सान्धिविग्रहिक

स्थितिकाल—(ऐतिहासिकप्रमाण तथा सङ्केत)

विश्वनाथ कविराज के स्थितिकाल के निश्चय हेतु अन्तरंग और बहिरंग सामग्री प्रचुर रूप में विद्यमान है जिसपर सावधानी से विचार और परीक्षण

---

१. विश्वनाथ कविराज के पुत्र अनन्तदास ने भी अपने कपिञ्जल कुल का परिचय साहित्यदर्पण की लोचन व्याख्या में दिया है यथा :—

"आसीत् कपिञ्जलकुलक्षीराकूपारचन्द्रमाः।
त्रिकलिङ्गाधिपधरा-धामधीसचिवः कृती॥

अशेषभाषारमणीभुजङ्गः साहित्यविद्यार्णवकर्णधारः।
ध्वन्यध्वनि प्रौढधियां पुरोगः श्रीविश्वनाथः कविचक्रवर्ती॥

(सा० द० लोचन टीका पृष्ठ १ लाहौर संस्करण)

२. द्रष्टव्य–सा० दर्प० परि० ८। 'सूचीमुखेन सकृदेव' इत्यादि पद्य

अपेक्षित है। अतएव अब (क्रमशः) उसी पर विचार करने के लिये सर्वप्रथम कपिञ्जल कुल के प्रधान पुरुष नारायण से आरम्भ किया जारहा है। पिछले विवरणों से यह तो स्पष्ट रूप में ज्ञात हो जाता है कि नारायणदास त्रिकलिङ्ग देवेन्द्र नरसिंहदेव के सभापण्डित थे। इस तथ्य को विश्वनाथ-कविराज और इनके पितामहानुज चण्डीदास ने अपनी रचनाओं में कई बार बतलाया किन्तु उड़ीसा के शासकों में अनेक नरसिंहदेव हुए हैं और उनकी अनेक प्रशस्तियाँ और अभिलेख प्राप्त होते हैं।

इनमें प्रथम नरसिंहदेव थे 'लाङ्गुला' नरसिंहदेव[1] जिनने उड़ीसा में गजपति-साम्राज्य को स्थिर किया और अनेक शत्रुभूपालों को युद्ध में पराजित कर कोणार्क में सूर्यमन्दिर का निर्माण करवाया। संभवतः अनेक लोकोत्तर पौरुष के कारण ही इनकी 'लाङ्गुलानरसिंह' के रूप में ख्याति फैल गयी थी जिसका विस्तार से गङ्गचरितवंशानुचरितचम्पू में वर्णन प्राप्त होता[2] है। इनका स्थितिकाल ऐतिहासिक विद्वानों द्वारा ई० सन् १२५३ के आस-पास माना है। ये परम प्रतापी सम्राट् थे जिनकी पर्याप्त प्रशस्तियाँ प्राप्त हैं।

म० म० पाण्डुरंग वामन काणे ने इन्हीं नरसिंहदेव प्रथम के दरबार में नारायणदास के स्थित रहने की कल्पना की है। उनका मत है कि—'यदि नारायण (या नारायणदास) विश्वनाथ कविराज के वृद्ध पितामह थे तो उनके आश्रयदाता नरसिंहदेव प्रथम होना चाहिए जिनका स्थितिकाल ई० सन् १२५३ के आसपास माना जाता है'। परन्तु नारायणदास के आश्रयदाता नरसिंहदेव का स्थितिकाल इसी कल्पना से स्पष्ट नहीं होता क्योंकि नारायणदास

---

१. द्रष्टव्यः—तस्मादासीन्नृसिंहो नृपतिरतिकृती कोपनो यत्र दुष्टे
स्पष्टं लाङ्गूलमाविर्भवति स च ततो नाम तत्पूर्णमाप।
यस्यारीणां चरोक्तेर्महमभि सरुषो गाढमापीडयमानं
मुष्टिद्वन्द्वं न्यमज्जयत् किल भुजवलिनोट्टङ्कितं राजपट्टे।

तथा—

कोणार्कक्षेत्रपृष्ठे विपुलतमपृथूच्छायमुत्साहशाली
सौरं प्रसादमेकं व्यरचयदचिरान्नारसिंहोऽवतारः।

(वासुदेवसोमयाजी–गंग० वंशा० चम्पू)

२. विस्तार के लिए देखिये म० म० दुर्गाप्रसाद द्विवेदी की साहित्यदर्पण भूमिका पृष्ठ ६० [वम्बई संस्करण] तथा म० म० पाण्डुरंग वामन काणे कृत सा० द० की भूमिका और History of Skt, Poetics. पृष्ठ २८५ से पृष्ठ २८७

के पौत्र चन्द्रशेखर महाकवि ने अपने आश्रयदाता नरसिंहदेव के पिता भानुदेव नृपति की प्रशस्ति में स्पष्टतः यह बतलाया है कि भानुदेव नृपति की महारानी उमादेवी थी ।[1] इससे जो सङ्केत मिलता है वह यही बतलाता है कि चन्द्रशेखर महाकवि के पिता और पितामह नारायणदास इन्हीं भानुदेव के पिता नरसिंहदेव के दरबार में रहे होंगे ।

सर्वप्रथम इस पद्य के ऐतिहासिक सूत्र को म० म० चक्रवर्ती[2] ने अपने विचारक्षेत्र में लिया और यह निश्चय किया कि चन्द्रशेखर महाकवि की प्रशस्ति के लक्ष्य भानुदेव द्वितीय हैं। (परन्तु उस समय ऐतिहासिक प्रमाण के उपलब्ध न होने के कारण किसी भानुदेव नृपति का उमादेवी महारानी के साथ गजपति साम्राज्य में विद्यमान रहना प्रमाणित नहीं हो पाया था कि वे कौन भानुदेव नृपति रहे होंगे।) इसलिए उन्होंने भानुदेव द्वितीय को ही (प्रमाणों के विशिष्ट आधारों के बिना ही) काल्पनिक संगति बैठाते हुए निश्चित कर दिया। इसी कल्पना को डॉ० रामकृष्ण गोपाल भाण्डारकर ने अन्य बहिरङ्ग प्रमाण प्रस्तुत करते हुए समर्थन दे डाला। उनके मत में एकावली नामक अलङ्कारशास्त्र ग्रन्थ के रचयिता विद्याधर ने नरसिंहदेव को 'कविकुमुदव्यूहनक्षत्रनाथः' बतलाया। जिससे स्पष्ट है कि नरसिंहदेव 'कवि एवं पंडितों के आश्रयदाता और प्रेमी थे। (परन्तु इन्हीं नरसिंहदेव के दरबार में चन्द्रशेखरकवि थे यह इनके तर्क से सम्बद्ध कैसे माना जाए।) इनके मत में— 'नरसिंहदेव के पिता भानुदेव नृपति की ही चन्द्रशेखर महाकवि ने प्रशस्ति लिखी है जिसे साहित्यदर्पण में उद्धृत किया गया। इस प्रकार अनुमान के आधार पर–'चन्द्रशेखर महाकवि के वर्ण्य भानुदेव द्वितीय ही थे जिनकी महारानी उमादेवी रही होगी', ऐसा मान कर समस्या को निपटा लिया गया।

इधर कुछ वर्ष पूर्व सौभाग्य से भुवनेश्वर (कटक) में लिङ्गराजमन्दिर से लगे हुए पार्वतीमन्दिर में एक शिलालेख ढूंढ़ निकाला गया जिसने उपर्युक्त विद्वानों के काल्पनिक प्रासाद को धराशायी कर दिया। बात यह थी कि उक्त शिलालेख पर पार्वतीमन्दिर के निर्माणार्थ द्रव्य प्रदान करने वाले महाराज

१. द्रष्टव्य–'दुर्गालङ्घितविग्रहो मनसिजं सम्मीलयँस्तेजसा' इत्यादि पद्य। (सा० द० पृष्ठ ६२ बम्बई संस्करण)

२. द्रष्टव्य––म०म० चक्रवर्ती Journal of Asiatic Society Bombay 1903 पृष्ठ १४६, तथा श्री करुणाकर कर की सा० दर्प० भूमिका भी। (लाहौर १९३८ संस्करण)

भानुदेव तथा महारानी उमादेवी का नाम उत्कीर्ण था।[१] शिलालेख के अनुशीलन से निश्चय हुआ कि ये भानुदेव तृतीय ही थे जिनकी महारानी का नाम उमादेवी था तथा जो निश्शङ्क भानुदेव चतुर्थ के पितामह थे। (ऐतिहासिक विद्वान् भानुदेव तृतीय का राज्यकाल ई० सन् १३५३ से १३७७ ई० तक मानते हैं)

इसके वाद इस तथ्य की पुष्टि एक अन्य शिलालेख के प्राप्त होने से पुनः हो गयी। यह दूसरा शिलालेख विशाखापत्तन जिले के 'सिंहाचलं' मन्दिर पर उत्कीर्ण था।[२] इस शिलालेख में महारानी केवल उमादेवी का ही नाम उत्कीर्ण था। इस शिलालेख का लेखन-काल शाके १३०१ (या ईसवी सन् १३७९) दिया गया था। इस समय भानुदेव तृतीय के पुत्र नरसिंहदेव का राज्य था तथा भानुदेव तृतीय का देहावसान हो जाने से महारानी उमादेवी विधवा हो चुकीं थीं जिनने धर्मलाभ के लिए सिंहाचलं मन्दिर के निर्माणार्थ अर्थ प्रदान किया था। अतः भानुदेव तृतीय के पुत्र नरसिंहदेव चतुर्थ के ही राज्यकाल में विश्वनाथ कविराज के पिता चन्द्रशेखर महाकवि विद्यमान थे जिनने अपने आश्रयदाता नरसिंहदेव चतुर्थ के पूज्य पिता भानुदेव को तृतीय की प्रशस्ति लिखी थी। अतः चन्द्रशेखर कवि के पितामह नारायणदास और पिता उल्लासदास को जिन नरसिंहदेव की सभा में विद्यमान रहना बतलाया गया है वे नरसिंहदेव तृतीय थे जिनके पुत्र भानुदेव की सभा में सम्भवतः उल्लासदास विद्यमान रहे।

चन्द्रशेखर कवि के नरसिंहदेव चतुर्थ के समय विद्यमान होने के पक्ष में एक अन्य ऐतिहासिक प्रमाण भी है। यह पूर्व में वतलाया जा चुका है कि जिन कृष्णानन्द कवि ने 'सहृदयानन्द' काव्य की रचना की थी वे विश्वनाथ कविराज के पितामहानुज चण्डीदास के आत्मज थे। ये कृष्णानन्द कवि भी नरसिंहदेव चतुर्थ के दरवार में विद्यमान थे और विश्वनाथ कविराज के वंशज होने से सान्धिविग्रहिक जैसे महत्वपूर्ण राजकीय पद पर आसीन भी थे।

नरसिंहदेव चतुर्थ के ही दरवार में कृष्णानन्द सान्धिविग्रहिक थे इस तथ्य का आधार नरसिंहदेव चतुर्थ का वह ताम्रपट्ट[३], जिसका लेखन-काल

---

१. इस शिलालेख का प्रकाशन Orissa Historical Research Journal Vol III पृष्ठ १४६ पर हुआ है।

२. द्रष्टव्य South Indian Inscriptions Vol VI Nn. 730

३. इस ताम्रपट्ट का प्रथम प्रकाशन J. A. S. B. Vol LXIV पृष्ठ १२८ पर हुआ था। तथा इसका D. C. सरकार द्वारा Epi. India में Vol. XXVI

यद्यपि विभिन्न विद्वानों ने भिन्न-भिन्न माना है परन्तु मध्यमार्ग द्वारा उसे ई० सन् १३९६ का माना जाए तो भी अनुचित न होगा। इस ताम्रपट्ट के लेखन-काल के समय विद्यमान राजकीय अधिकारियों में महापात्र कृष्णानन्द सान्धि-विग्रहिक भी विद्यमान थे। इससे स्पष्ट हो जाता है कि विश्वनाथ कविराज के जनक चन्द्रशेखर महाकवि नरसिंहदेव चतुर्थ की सभा में विद्यमान थे और कृष्णा-नन्द कवि के समसामयिक भी। यह भी सम्भव है कि दोनों की अवस्थाओं में अधिक अन्तर न रहा हो। कृष्णानन्द कवि ने भी चन्द्रशेखर कवि की सामयिक काव्यशैली में ही अपने समसामयिक आश्रयदाता नरसिंहदेव चतुर्थ का सहृदयानन्द काव्य के उपसंहारात्मक पद्य में व्यञ्जना द्वारा (इस प्रकार) वर्णन किया है।

लक्ष्मीः यावदलङ्करोति हृदयं विष्णोर्नृसिंहाकृतेः
यावद्विष्णुपदी च धूर्जटिजटाजूटान्तरे क्रीडति।
कृष्णानन्दकवेः कपिञ्जलकुलक्षीरोदशीतद्युतेः
तावत् काव्यमिदं तनोतु कृतिनामन्तःप्रमोदोदयम्॥
(सहृ० काव्य। काव्यमाला। पृष्ठ. ७४)

(इस प्रकार) जब कृष्णानन्द कवि विश्वनाथ-कविराज के पितृव्य थे तो अतिनिकटवर्ती और स्ववंशज होने के कारण उनके तत्कालीन लोकप्रिय काव्य 'सहृदयानन्द' से 'साहित्यदर्पण' में उपयुक्त उद्धरण लिया गया। इसके अतिरिक्त विश्वनाथ कविराज ने अपने समसामयिक एवं आश्रयदाता निश्शङ्क भानुदेव चतुर्थ के पिता नरसिंहदेव चतुर्थ की प्रशस्ति में 'साहित्यदर्पण' के उपरान्त 'नरसिंहविजय' काव्य की रचना भी की थी, जिसका विश्वनाथ कविराज के आत्मज अनन्तदास ने अपने पिता की कृति के रूप में 'दर्पण' की स्वनिर्मित 'लोचना टीका' में स्पष्टरूप से उल्लेख किया है तथा इससे उद्धरण भी दिया है।

पृष्ठ ३०३ पर पुनः सम्पादन किया गया। श्री सरकार के मत में उक्त ताम्रपट्ट का लेखनकाल १३९६ ई० है जो नरसिंहदेव चतुर्थ के समय किया गया था। इस विषय में S. Indian Ins. Vol. VII. No. 1016 का भी अवलोकन आवश्यक है।

१. द्रष्टव्य—साहित्यदर्पण-लोचनव्याख्या पृष्ठ ९ (लाहौर संस्करण) पर अनन्तदास का निम्न उद्धरण-यथा मम तातपादानां विजयनृसिंहे-'निःश्वासोद्धात-वातप्रसरधुतकुलाहार्यमुद्घृष्टदंष्ट्रा - जातज्योतिः स्फुलिङ्गप्रकरविरचितोल्कानि कायाभिशङ्का' इत्यादि।

विश्वनाथ कविराज ने अपनी चन्द्रकला-नाटिका की प्रस्तावना[१] में बड़े सम्मान से अपने आश्रयदाता निश्शङ्कभानुदेव की विजययात्रा और उसके पश्चात् मनाए जाने वाले विजयोत्सव का प्रभावशाली शैली[२] में वर्णन दिया है। निश्शङ्क भानुदेव के विजयोत्सव के उपलक्ष में समागत नरपतिमण्डल के मनोरंजनार्थ ही चन्द्रकला-नाटिका का अभिनय प्रस्तुत किया गया था। इससे स्पष्ट है कि चन्द्रकला का लेखन इसी विजयोत्सव के तुरन्त बाद ही किया गया होगा।

निश्शङ्क भानुदेव चतुर्थका राज्याधिरोहण ई० सन् २४१३ में हुआ था तथा कलिङ्ग देश पर इनका शासन ई० सन् १४१३ से ई० सन् १४३५, तक बना रहा। निश्शङ्क भानुदेव ने अपने पुरुषार्थ एवं पराक्रम से चोल, कोसल, गौड़ (बंगाल) आदि देशों पर विजयपताका फहरा कर स्थायी एवं शक्तिशाली गजपति साम्राज्य की धाक एवं प्रतिष्ठा बनाए रखी। निश्शङ्क भानुदेव के द्वारा की गयी विजय में गौडदेशपर विजय पाना अतिशय महत्व रखता है।

अब इस गौड-विजय के स्वरूप एवं इसके उपयुक्त समय पर ध्यान केन्द्रित करना आवश्यक हो जाता है। क्योंकि निश्शङ्क भानुदेव ने जिस गौडशासक पर विजय प्राप्त की थी वह यवन था। (विश्वनाथ ने चन्द्रकला की प्रस्तावना में गौडदेश के शासकपर निश्शङ्कभानुदेव के विषयोल्लेख का प्रसङ्ग दिखलाते हुए वहाँ के शासक को यवन बतलाया है) अब प्रश्न यह उठता है कि बंगाल का यह कौन यवन शासक था जिसे निश्शङ्क भानुदेव ने पराजित किया।

बंगदेशीय इतिहास के परिशीलन से ज्ञात होता है कि वहाँ इलयास शाही वंशके अन्तिमशाहकी मृत्यु हिजरी सन् ८१७ या ई० सन् १४१४ में हुई थी। इस समय तक बंगाल के शासक सुलतान थे और पुनः यही शासनक्रम ८४६ हिजरी (ई० सन् १४४६) से स्थापित हुआ था। इन के मध्यवर्ती २९ वर्षों में बंगाल पर यवनराज नहीं रहा और राजा गणेश तब सर्वप्रथम बंगाल के हिन्दू शासक बने। इन्हीं राजा गणेश के पुत्र ने कुछही सयय बाद अपने पिता का स्थान ग्रहण किया और इस्लामधर्म स्वीकार कर अपना नाम जलालुद्दीन रखा। जलालुद्दीन की तख्तनशीनी ई० सन् १४१४ में हुई थी। कलिङ्ग का पड़ोसी राज्य होने के कारण इसका सदा उससे शत्रुभाव विद्यमान था। ऐसे शक्तिशाली राज्य के साथ ज्योंही निश्शङ्कभानुदेव चतुर्थ को राज्य-

---

१. द्रष्टव्य—चन्द्रकला नाटिका (प्रस्तावना पृष्ठ २ पर)
अयमिदानीं यवनपुरपुरन्ध्री…… श्रीमान् निश्शङ्कभानुदेवः इत्यादि।

२. द्रष्टव्य—चन्द्रकला-नाटिका अङ्क १ पद्य २।

प्राप्ति हुई तो तुरन्त अपने पराक्रम को सार्थक करने के लिये उसने गौड-देश पर विजय प्राप्त कर सदा से चले आ रहे कण्टक का शोधन कर डाला। भानुदेव के द्वारा गौड देश की यह विजय ई० सन् १४१४ के वाद ही किसी समय की गयी होगी और यह पराजित सुलतान जलालुद्दीन ही था।

अन्य विद्वानों के [1]मतानुसार वंगाल के शाह गयासुद्दीन को निश्शङ्कभानुदेव ने पराजित किया था परन्तु एक तो गयासुद्दीन निश्शङ्कभानुदेव चतुर्थ का समकालीन सुलतान ही नहीं था तो फिर उस पर विजय करने की कल्पना अनैतिहासिक सी लगती है।

निश्शङ्कभानुदेव के द्वारा की गई इस गौडदेश की विजय के उपलक्ष में मनाये जाने वाले समारोह में त्रिकलिङ्ग शासक के अनेक सहायक भूपालगण, मित्र, राजकीय अधिकारीगण और प्रजाजन ने भाग लिया होगा। इस महोत्सव को और अधिक मनोरंजक वनाने के लिए समाज में अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किय गये होंगे। विश्वनाथ कविराज की प्रस्तुत नाटिका चन्द्रकला का भी इस अवसर पर अभिनय प्रस्तुत किया गया जिसकी प्रस्तावना में अपने समय में की गयी निश्शंकभानुदेव की (यवन शासक पर) विजय का वड़ा प्रभावशाली ढंग से प्रतिपादन किया गया है। अतः ऐसा लगता है कि इस नाटिका की रचना ही विश्वनाथ कविराज ने विजयोत्सव के मनोरंजन-कार्यक्रम हेतु की थी।

इस घटना को ई० सन् १४१४ के वाद कहीं घटित मानते हुए इसी के आधार पर विश्वनाथ कविराज का स्थितिकाल सहज ही निश्चित करना होगा। विश्वनाथ कविराज चन्द्रकला की प्रस्तावना में स्वयं को गजपति साम्राज्य के सान्धिविग्रहिक बतलाते हैं। सान्धिविग्रहिक पद राज्याधिकारी का विशेषपद है जिस पर विश्वनाथ के पूर्ववर्त्ती पुरुष श्रीधर, राघवानन्द, कृष्णानन्द, गोपीनाथ आदि भी आसीन थे। इनमें श्रीधर और चण्डीदास ने काव्यप्रकाश पर टीकाएँ भी लिखी थीं। राजतरङ्गिणी में भी ऐसी उपाधि और राजकीय सम्मान का विवरण प्राप्त है। यह उपाधि सन्धि और विग्रह के सम्पादन करने वाले राजकीय अधिकारीगण या उसी राजकीय विभाग के ऐसे नियुक्त अधिकारीगण को दी जाती थी जहाँ सन्धि आदि महत्वपूर्ण कार्य[2]

---

१. द्रष्टव्य—साहित्यदर्पण की भूमिका (लाहौर संस्करण १९३८) पृष्ठ १६ जहाँ श्री करुणाकर ने विस्तार से इसी तथ्य को प्रस्तुत किया है।

२. सान्धिविग्रहिकः सन्धिविग्रहाधिकृतः। 'तत्र नियुक्तः' (अ० ४।४।६९) इतिठक्।

का विनिश्चय किया जाता हो। ऐसे अधिकारीगण विद्याप्रणयी कलिङ्गराज्य में प्रतिष्ठित होकर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए राज्यव्यवस्था का संचालन किया करते होंगे यह निर्विवाद है। ये अधिकारीगण कलिङ्गराज्य की सत्ता रहने तक बराबर विद्यमान रहे और जैसे ही कलिङ्गपर कपिलेश्वर देव का राज्य ई० सन् १४४० के लगभग स्थापित हुआ यह व्यवस्था भंग हो गयी।[1] इसी कारण कपिञ्जल कुल में उत्पन्न विश्वनाथ कविराज के आत्मज अनन्तदास को योग्य होने पर भी सम्भवतः सान्धिविग्रहिक जैसा गौरवशाली पद और राजकीय प्रतिष्ठा प्राप्त नहीं हो पायी जिससे अनन्तदास का १४४० ई० के उपरान्त विद्यमान होना स्थिर होता है और विश्वनाथ कविराज का स्थितिकाल स्पष्टतः ई० सन् १४०० से १४४० तक निश्चितरूप से माना जा सकता है।

इस सन्दर्भ में कुछ अन्य उल्लेख एवं प्रमाणों पर भी पुनः विचार करना चाहिए। म० म० काणे ने डॉ० स्टीन के द्वारा संगृहीत जम्मू-काश्मीर के शासकीय हस्तलिखित पुस्तकालय में विद्यमान एक 'साहित्यदर्पण' की प्रति का उल्लेख किया है जिसका लेखन वर्ष १४४१ है। डॉ० स्टीन और म० म० पाण्डुरंग वामन काणे ने इसका अर्थ विक्रम संवत् लेकर विश्वनाथ कविराज का ई० सन् १३८४ के पूर्व समय निश्चित कर डाला। यही विचार श्री म० म० हरप्रसादशास्त्री ने भी प्रस्तुत किया था। उक्त प्रति को ध्यान से देखने पर शकाब्द ही निश्चित हुआ जिसका उक्त विद्वानों ने विक्रम संवत् अर्थ निकाला था। यह ध्यान देने की बात है कि बंगाल तथा उडीसा में सदा शकाब्द का प्रचलन रहा था जो आज तक चल रहा है। इसके अतिरिक्त गजपतिसाम्राज्य के अभिलेख एवं ताम्रलेख आदि पर भी शकाब्द ही उल्लिखित मिलता है। इन कारणों पर ध्यान देने से निश्चय होता है कि उडीसा से प्रतिलिपि करने के पश्चात् ही साहित्यदर्पण की प्रतियाँ भारत के भूभाग में फैली होंगी। जब 'साहित्यदर्पण' का लेखन-काल ही ई० सन् १४२८–३० के लगभग हुआ तो उसकी प्रति १३८४ ई० में कैसे प्राप्त होगी। अतः उक्तप्रति का लेखन-काल शाके १४४१ (अर्थात् ई० सन् १५३९) है जो निश्चित ही हमारे द्वारा निर्धारित विश्वनाथ कविराज के स्थितिकाल के समीप होकर नवीन मत में भी सहायक ही है।

इसके अतिरिक्त दूसरा तर्क ये ही विद्वान् इस प्रकार प्रस्तुत करते हैं कि म० म० कोलाचल मल्लिनाथ सूरि के आत्मज कुमारस्वामी ने विद्यानाथ के 'प्रतापरुद्रयशोभूषण' ग्रन्थ की टीका 'रत्नापण' में 'साहित्यदर्पण' का स्पष्ट उल्लेख किया है।

१. द्रष्टव्य—Orrisa His. Research Journal Vol. V. No. 3, 4 पृष्ठ ९८–१०४।

यथाः—

'सम्मोहनन्दसम्भेदो मदो मद्योपयोगजः' इत्यादि साहित्यदर्पणे।

(प्रता०, रत्नापण, रसप्रकरण)

तथा—'मोहो विचित्तता भीतिदुःखवेगानुचिन्तनैः।

घूर्णनागात्रपतन-भ्रमणादर्शनादिकृत्।' इति साहित्यदर्पणे।

प्रता, रत्ना०, रसप्रकरण)

मल्लिनाथ एवं इनके पुत्र कुमारस्वामी का स्थितिकाल १५ वीं शती माना जाता है। मल्लिनाथसूरि विजयनगर के महाराज प्रताप प्रौढ़देवराय के समय विद्यमान थे। विजयनगर के सम्राट् प्रौढदेवराय (द्वितीय) का स्थितिकाल १४२२ ई० से १४६६ तक माना जाता है। प्रौढ देवराज के पुत्र मल्लिकार्जुन थे जिनके दरबार में कुमारस्वामी विद्यमान थे। ऐतिहासिक प्रमाणों पर ध्यान देने से ज्ञात होता है कि मल्लिार्जुन का राज्याधिरोहण ई० सन् १४४७ में हुआ था। अतः समीपवर्ती प्रदेश उत्कल में निर्मित 'साहित्यदर्पण' का अपने निर्माण के १५ वर्ष बाद विजयनगर में पहुँच जाना स्वाभाविक है (तथा यह प्रमाण भी 'साहित्यदर्पण' के ई० सन् १४३० के आसपास लेखनकाल का विरोधी नहीं।)

इस प्रकार ऐतिहासिक प्रमाणों तथा अन्य बहिः साक्ष्य और अन्तःसाक्ष्य द्वारा प्रस्तुत सामग्री के आधार पर निश्चय हो जाता है कि विश्वनाथ कविराज का स्थितिकाल ई० सन् पन्द्रहवीं शती का पूर्वार्द्ध (अर्थात् ई० १४०० से १४४०) निर्भ्रान्त रूप से माना जाना उचित है।

रचनाओं का लेखनक्रम

विश्वनाथ कविराज प्रौढ़ प्राण्डित्य एवं कविभाव समन्वित व्यक्तित्व लिये हुए थे और विविध भाषाविद् भी। इनकी 'साहित्यदर्पण' ऐसी महत्व-पूर्ण एवं प्रसिद्ध रचना है जिससे इनकी अन्य स्वनिर्मित कृतियों का नाम आदि का बोध तो होता ही है साथ ही अनेक महत्वपूर्ण अन्य अप्रसिद्ध कृतियों का भी पता चलता है। 'साहित्यदर्पण' को मध्यबिन्दु मान कर यदि विचार किया जाए तो इनकी रचनाएँ दो विभागों में विभाजित की जा सकती हैं। एक-'साहित्यदर्पण' के पूर्व निर्मित रचनाएँ और दूसरी होंगी 'साहित्यदर्पण' के अनन्तर निर्मित रचनाएँ।

पूर्व निर्मित रचनाओं में चन्द्रकला (नाटिका) प्रभावती-परिणय (नाटिका), कुवलयाश्वचरित (प्राकृतकाव्य), प्रशस्तिरत्नावली (करम्भक-

षोडशभाषामयी कृति), राघवविलास (महाकाव्य) तथा कंसवध (काव्य) हैं। ये छः रचनाएँ 'साहित्यदर्पण के पूर्व ही विश्वनाथ कविराज द्वारा लिखी जा चुकी थीं जिनका उल्लेख स्वयं ग्रन्थकार ने ही इनसे उदाहरण आदि रखते हुए अपने साहित्यदर्पण में किया है।

'साहित्यदर्पण' के पश्चात् इनके द्वारा मम्मटभट्ट के काव्यप्रकाश पर 'दर्पण' टीका का निर्माण हुआ। इस (व्याख्या) में ग्रन्थकार ने ही अपने 'साहित्यदर्पण' की बार-बार चर्चा की है। अतः यह स्पष्ट है कि 'दर्पण' के पश्चात् एक अन्य 'दर्पण' का भी कविराजद्वारा प्रणयन हुआ। विश्वनाथ कविराज की 'काव्यप्रकाश' पर निर्मित यह व्याख्या अभी तक पूर्णरूप में अप्रकाशित है।

'काव्यप्रकाश' दर्पण के अतिरिक्त विश्वनाथ कविराज ने 'विजय-नरसिंह' या 'नरसिंहविजय' काव्य की भी रचना की थी जो सम्भवतः अपने आश्रय-दाता नरसिंहदेव चतुर्थ की प्रशस्ति में लिखी गयी होगी। ('नरसिंहविजय-काव्य' का उल्लेख अनन्तदास ने 'साहित्यदर्पण' कीं लोचना व्याख्या में किया है तथा उससे एक उद्धरण भी दिया है जिसे बतलाया जा चुका है।

'चन्द्रकला' नाटिका के अध्ययन से स्पष्टतः विदित हो जाता है कि इसके प्रस्तावना में विश्वनाथ कविराज के द्वारा स्वयं का जो परिचय दिया गया उसमें केवल साहित्यशास्त्र के अध्ययन तथा नाटयशास्त्र की गम्भीर विद्वत्ता का उल्लेख किया गया है। सम्भवतः इस समय तक विश्वनाथ कविराज राजकीय कार्यों में महत्वपूर्ण स्थान तो प्राप्त कर चुके थे किन्तु अपने अप्रति-भट पाण्डित्य के प्रस्थापन करने की स्थिति में नहीं आये थे। अतः 'चन्द्रकला' को प्राथमिक रचनाओं में मान लिया जाकर आगे की रचनाओं पर विचार किया जाना उचित है। इनकी सम्प्रति अन्य रचनाओं की उपलब्धि नहीं हो पायी है और ध्यान से देखने पर ऐसा लगता है कि विश्वनाथ कविराज की रचनाओं में 'चन्द्रकला' से प्रभूत उद्धरण 'साहित्यदर्पण' में लिये गये हैं। अतएव 'चन्द्रकला' से इनकी प्रारम्भिक रचनाओं में मध्यवर्ति स्थान देना उचित होगा। ('चन्द्रकला' नाटिका की समीक्षा आगे की गयी है) चन्द्र-कला' के बाद ही कविराज ने अन्य रचनाओं के लेखन के साथ ही अपनी प्रख्यात रचना 'साहित्यदर्पण' का निर्माण किया होगा। विश्वनाथ कविराज के द्वारा रचित ग्रन्थों की संख्या ९ अद्यावधि ज्ञात है परन्तु अनेक पद्य अभी 'साहित्यदर्पण' में विश्वनाथ कविराज के ऐसे मिलेंगे जिनके स्थान का पता लगाना शेष है और वे इसके अतिरिक्त अन्य अज्ञात रचनाओं में से भी किन्हीं के हो सकते हैं। इस प्रकार स्पष्ट है कि कविराज की रचनाओं का एक रचनाक्रम उपरिनिर्दिष्ट विचारप्रणाली से स्थापि हो जाता है।

परम्परागत'वंशगौरव एवं शास्त्रपाण्डित्य

विश्वनाथ कविराज के पूर्वज कलिङ्गराज्य में अपने पाण्डित्य एवं काव्य विद्या के कारण ही महत्वपूर्ण राजकीय पदों पर आसीन थे। विश्वनाथ कविराज के वृद्धप्रपितामह नारायणदास शास्त्रार्थी पण्डित होने के साथ-साथ साहित्यशास्त्र के महत्वपूर्ण आचार्य भी थे। इनकी अनेक मान्यताओं का विश्वनाथ कविराज ने अपने 'साहित्यदर्पण' तथा काव्यप्रकाश-दर्पण में यथाप्रसंग उल्लेख किया है जो इनके अलङ्कारशास्त्र पर स्वतन्त्र विचार-विमर्श के साथ-साथ तत्कालीन पण्डितसमाज पर विद्वत्ता के अप्रतिम प्रभाव का भी संकेत करता है। नारायणदास नरसिंहदेव के सभापण्डित थे।

विश्वनाथ कविराज के प्रपितामह 'उल्लासदास' भी नरसिंहदेव की सभा में विद्यमान रहे तथा इन पर भी शासन की पूज्य भावना रही थी। विश्वनाथ कविराज ने 'उल्लासदास' का अपनी काव्यप्रकाश-दर्पणव्याख्या में उल्लेख भी किया है। जो नरसिंहदेव के पूज्य गुरु एवं सभापण्डित रहे थे।

विश्वनाथ कविराज के पिता चन्द्रशेखर कवि एवं पण्डित थे। इनकी दो कृतियों का 'साहित्यदर्पण' में उल्लेख किया गया है। ये त्रिकलिङ्गभूपालों के सान्धिविग्रहिक पर कार्य करते थे तथा महाकवि थे। विश्वनाथ ने इनकी अनेक सूक्तियाँ 'दर्पण' में उद्धृत की है जिससे इनकी अन्य रचनायें भी अवश्य रही होंगी ऐसा अनुमान सहज ही किया जा सकता है। 'महाकवि' उपाधि से विभूषित होने के कारण इनके द्वारा किसी महाकाव्य की रचना अवश्य की गयी होगी। चन्द्रशेखर महाकवि की पुष्पमाला (नाटिका) तथा भाषार्णव नामक भाषाओं का व्याकरण-ग्रन्थ सम्प्रति पूर्णतः उपलब्ध नहीं है, केवल अनन्तदास द्वारा 'भाषार्णव' से लिये गये उद्धरण साहित्यदर्पण 'लोचन'[1] में प्राप्त होते हैं।

विश्वनाथ कविराज के पितामहानुज कविपण्डितमुख्य चण्डीदास थे। ये भी अपने पिता की तरह ही शास्त्रार्थी पण्डित थे। काव्यप्रकाश पर 'दीपिका' टीका का इन्होंने निर्माण किया था। 'दीपिका' की पुष्पिका से ज्ञात होता है कि चण्डीदास दर्शनशास्त्र के अप्रतिभट विद्वान होने के साथ-साथ उत्कृष्ट कवि भी थे। चण्डीदास भी अपने ज्येष्ठतात उल्लासदास की तरह नरसिंहदेव की सभा को ही सुशोभित करते थे।

---

१. द्रष्टव्य—साहित्यदर्पण लोचनटीका (पृष्ठ २८३) में निम्न उद्धरण—तदुक्तं भाषार्णवे—

'भाषा मध्यमपात्राणां नाटकादौ विशेषतः।
महाराष्ट्री सौरसेनीत्युक्ता भाषा द्विधा बुधैः ॥' इति।

विश्वनाथ कविराज के इन सभी पूर्वजों ने महनीय कीर्ति का अर्जन किया और अनेक विरुद धारण किये थे। इनमें अनेक सान्धिविग्रहिक, कविराज तथा महापात्र थे। जिनमें सान्धिविग्रहिक पद राजकीय अधिकारी होने पर दिया जाता होगा तथा 'कविराज' इनके काव्यसौष्ठव पर प्रसन्न होकर कलिङ्गराज द्वारा दी गयी होगी। वंशपरम्परागत उपाधि इनकी 'महापात्र' हैं जो इनके ब्राह्मणवंश को निदर्शित करती है। उडीसा में आज भी सहस्रों ब्राह्मणकुल महापात्र कहलाते हैं। प्रायः सभी शिलालेख एवं कृतियों में इनकी 'महापात्र' उपाधि का उल्लेख किया गया है। इनका कपिञ्जल कुल था जो सम्भवतः अब भी उडीसा में यत्र-तत्र प्राप्त होता है। कुछ विद्वान् 'महापात्र' शब्द को 'महामात्र' मानते हैं परन्तु यदि ऐसा ही होता तो पूर्ववर्णित ग्रन्थों की प्राप्त पुष्पिकाओं और उल्लेखों में केवल 'महापात्र' शब्द उपलब्ध न होता।

विश्वनाथ कविराज भी अपने पिता के समान कलिङ्गराज्य के प्रतिष्ठित पदाधिकारी थे और पिता के योग्य उत्तराधिकारी भी। अतएव इनके नाम के साथ सान्धिविग्रहिक, महाकवि आदि विरुद लगी हुई है। इसके अतिरिक्त वे उद्भट विद्वान् आलंकारिक एवं कलाविद् थे। रसिकता विश्वनाथ कविराज की सर्वोत्तम-सुरभि है (जो सभी क्षेत्रों में व्याप्त है)। ये रसिक शिरोमणि होने के कारण ही 'कविसूक्तिरत्नाकर' विरुद धारण करते थे। वर्णों के मनमोहक संगीत का इनकी रचनाओं में सर्वत्र प्रगाढ़ प्रस्तुतीकरण प्राप्त होता है। काव्यप्रकाशदर्पण में इसी तथ्य को 'संगीतविद्याविद्याधर' विरुद के द्वारा निदर्शित किया है। चन्द्रकला नाटिका में दिये गये विवरण से इनकी 'नाट्यवेददीक्षागुरु' उपाधि का पता चलता है। सचमुच नाट्यशास्त्र' पर इनका गहन अध्ययन था जो साहित्यदर्पण के नाटकादि विवेचन के देखने पर इसकी सार्थकता को पुष्ट करता है। इसके अतिरिक्त अपने पिता से विरासत में प्राप्त भाषाओं एवं शास्त्रों के ज्ञान के कारण ये 'विविधविद्यार्णवकर्णधार' (दर्पण में साहित्यविद्यार्णवकर्णधार पाठ मिलता है) एवं 'अष्टादशभाषावारविलासिनीभुजङ्ग' भी कहलाते थे। काव्यप्रकाशदर्पण में इसके अतिरिक्त 'कलाविद्यामालतीमधुकर' उपाधि भी प्राप्त होती है जो केवल विशेषणसंवर्द्धन न होकर इनकी लोकप्रियता एवं पाण्डित्य की प्रसिद्धि एवं विस्तार को ही निदर्शित करती है।

वैष्णवधर्म में विश्वनाथ कविराज की आस्था देख कर अनेक विद्वानों ने इन्हें वैष्णव माना है परन्तु यह उचित नहीं। एक तो वैष्णव नामों के अतिरिक्त इनके वंशजों के अन्य नाम भी विद्यमान हैं दूसरे स्वयं विश्वनाथ कविराज ने ही शिव और विष्णु की यथाप्रसंग स्तुति

की है। 'दर्पण' का मंगलाचरण यदि सरस्वती-वन्दनापरक है तो चन्द्रकला का शिव की वन्दना करता है। चन्द्रकला का भरतवाक्य विष्णु की कृपा का आकांक्षी है तो 'दर्पण' का समाप्ति पद्य भी वही बात कहता है। इसके अतिरिक्त इन्हीं के पिता चन्द्रशेखर महाकवि की पुष्पमाला में दी गयी नान्दी गौरी-वन्दना में आबद्ध है। इससे यही निष्कर्ष निकलता है कि सामान्य उत्कल निवासी ब्राह्मण की तरह ये भी परम्परागत पंचदेवोपासक स्मार्त्त थे।

संक्षिप्त-समाचार

चन्द्रकला नाटिक की कथावस्तु इस प्रकार है :—

नान्दीपाठ के बाद सूत्रधार नटी को बुलाकर बतलाता है कि आज विश्वनाथ कविराज द्वारा रचित चन्द्रकला-नाटिका को श्री निश्शङ्कभानुदेव के साथ उपस्थित राजकीय जन एवं जनसमुदाय के सम्मुख प्रस्तुत करना चाहिए। तब नटी वसन्तऋतु का गीत प्रस्तुत करते हुए एक गाथा प्रस्तुत करती है जिसमें भ्रमर का कुन्दलता को बिना छोड़े ही आम्रमञ्जरी का रसग्रहण करने की बात कही जाती है। इसी तथ्य को जब सूत्रधार अपनी सहमति देता है तभी सूत्रधार के कथन को दोहराते हुए महामन्त्री सुबुद्धि आते हैं।

महामात्य सुबुद्धि को दिव्यवाणी से जब यह पता चलता है कि उन्हें प्राप्त हुई राजकुमारी चन्द्रकला से जिसका विवाह होगा उसे स्वयं महालक्ष्मी अभीष्ट वरदान प्रदान करेंगी। महामन्त्री ने तभी इस लाभ को अपने स्वामी महाराज चित्ररथदेव को उपलब्ध करवाने का निश्चय कर चन्द्रकला को अन्तःपुर में अपनी सम्बन्धिनी बतला कर महारानी के संरक्षण में रख दिया। मन्त्री को विश्वास था कि वहाँ महाराज चन्द्रकला को देखकर स्वयं आसक्त हो जाएँगे और फिर चन्द्रकला से महाराज के पाणिग्रहण को सरलता से सम्पन्न किया जा सकेगा।

महामन्त्री के इस प्रयास को सफलता मिलने लगी और अन्तःपुर की विश्वस्त परिचारिका सुनन्दना ने महामन्त्री को समाचार दिया कि महाराज चन्द्रकला को देख कर आसक्त हो चुके हैं और अब उसे पाने को अधीर हो रहे हैं। चन्द्रकला से उनका मिलन करवाने के लिए यह उपाय सोचा गया कि जब महाराज मनोविनोद के लिए प्रमदोद्यान में आएँ तभी सुनन्दना चन्द्रकला को भी वहीं ले जाकर महाराज से मिलन करवादे। निदान सुनन्दना चन्द्रकला को प्रमदोद्यान में ले जाती हैं। महाराज उसके अंगलावण्य और सौन्दर्य को देखकर उस पर अतिशय अनुरक्त हो उठते हैं। इधर चन्द्रकला भी महाराज

के सौन्दर्य को देखने का अवसर प्राप्त करती है और उन पर आसक्त हो जाने के कारण लज्जावश वहीं ठिठक जाती है। तभी सहसा महारानी की दासी रतिकला के आजाने से इस प्रणयव्यापार में विघ्न आजाता है और चन्द्रकला अपनी सखी सुनन्दना को लेकर पास ही लता की ओट में छिप जाती है। रतिकला महाराज को निवेदन करती है कि महारानी वसन्तलेखा उन्हें बुलवा रही है तथा इसी कार्य के लिए अन्य परिचारिकाओं को भी महाराज की तलाश करने के लिए भेजा जा चुका है। सन्देश सुनकर महाराज रतिकला के साथ अन्तःपुर को चल पड़ते हैं और चन्द्रकला को संकेत से अपने पुन-र्मिलन की सूचना दे देते हैं।

महारानी वसन्तलेखा महाराज के साथ प्रमदोद्यान में जाकर सायंकाल के समय ही चन्द्रकिरणों से चन्द्रमा का मिलन-महोत्सव सम्पन्न करवाने के लिए महराज से प्रार्थना करती है। इसी समय वहाँ एक वघेरा घुस आने के समाचार से त्रस्त होती हुई महारानी अन्तःपुर में भेज दी जाती हैं और महाराज वघेरे को मारने की तैयारी करते हैं। जव महाराज वघेरे पर तीर चलाने को होते हैं तभी वघेरा अपना रूप छोड़कर मित्र रसालक के रूप में वदल जाता है और महाराज को चन्द्रकला से मिलने के लिए अपने साथ प्रमदोद्यान के एक एकान्त स्थान पर ले जाता है।

प्रमदोद्यान में सखी सुनन्दना को लेकर चन्द्रकला वहुत समय पूर्व ही पहुँच गयी थी जो अब वहाँ महाराज के न मिलने से विरह सन्तप्त हो कर घवड़ाने लगती है। महाराज प्रमदोद्यान में जव पहुँचते हैं तो चन्द्रकला की दशा को छिप कर देखना उचित मान कर पहिले तो लता की ओट में हो जाते हैं किन्तु फिर सहसा उसके पास पहुँचकर उसे आश्वस्त करने लगते हैं। विदूषक महाराज को संकेत से सहसा महारानी के आने का समाचार देता है। तभी घवड़ाहट में अपनी अंगूठी को वहीं छोड़कर चन्द्रकला सुनन्दना के साथ वहाँ से चली जाती है। महाराज उस अंगूठी को उठा लेते हैं और अपने मित्र को सम्हाल कर रखने के लिए दे देते हैं। तभी महारानी वहाँ आ पहुँचती है और वघेरे को मारने पर महाराज का अभिनन्दन करती है और इसी उपलक्ष में विदूषक को अपना हार उपहार में दे डालती है। विदूषक हार को अपने गले में डालकर अहङ्कारवश अपने पास विद्यमान चन्द्रकला की अंगूठी भी पहिन लेता है जिसे महारानी पहिचान लेती है और अतिशय क्रुद्ध होकर महाराज के रोकने पर भी अन्तःपुर में चली जाती है। महाराज विदूषक को उसकी भूल वतलाते हैं और वह महारानी के क्रोध को हटाने की प्रतिज्ञा करता है।

इधर जब विदूषक को पता लगता है कि महारानी ने चन्द्रकला को सुनन्दना के घर छिपा दिया है तो वह सुनन्दना की सहायता से ही चन्द्रकला के साथ महाराज का प्रमदोद्यान के मणिमण्डप में मिलन करवाने का उपाय करता है। किन्तु असावधानीवश वह स्वयं इसका सङ्केत महारानी की विश्वस्त परिचारिका माधविका को देता है और यह समाचार महारानी तक पहुँच जाता है। महाराज चन्द्रकला से मिलने के लिए रात्रि के समय प्रमदोद्यान में पहुँचते हैं और वहाँ चन्द्रकला को न पाकर दुःख में उन्मत्त विरही की तरह अकेले प्रलाप करने लगते हैं। तभी उनका मित्र रसालक सूचना देता है कि चन्द्रकला मणिमण्डप में आ चुकी है। महाराज भी मणिमण्डप पहुँच कर चन्द्रकला से मिलते हैं। परन्तु महाराज का पीछा करती हुई महरानी भी अपनी सखियों के साथ मणिमण्डप तक पहुँच कर छिप जाती है पर क्रोधाति-रेक के कारण इनके प्रणयालाप को सहन न करती हुई आगे बढ़ जाती है। वह विदूषक को सुनन्दना के साथ बाँध कर ले चलने और चन्द्रकला को बन्दी बनाने की आज्ञा देती है जिसकी पूर्ति भी तुरन्त हो जाती है। महाराज सारी घटना को देखते रह जाते हैं और अन्त में खिन्न होकर अकेले ही राजमहल की ओर बढ़ जाते हैं।

इस प्रकार कुछ समय बीत जाता है और चन्द्रकला के बन्दी बनाये जाने से महाराज विरहसंतप्त बने रहते हैं। तभी महारानी के पितृगृह पाण्डदेश से महाराजा का सन्देश लेकर दो बन्दीगण दर्शनार्थ आते हैं। अपने पितृगृह से अनेक वर्षों बाद समाचार आने से तत्सम्बन्धी कौतूहल के अतिशय बढ़जाने के कारण महारानी विदूषक को प्रसन्न करने के लिये उसे तुरन्त कारा से मुक्त कर पुरस्कृत करती है और उसी के द्वारा महाराज के साथ मणिमन्दिर में बन्दीगण से मिलने की महाराज से अभ्यर्थना भी करती है। महराज को जब विदूषक निवेदन करता है तो वे महारानी की प्रार्थना पर मणिमन्दिर में विदूषक के साथ पहुँच जाते हैं और महारानी के साथ बन्दीगण से मिलते हैं। बन्दीगण महाराज को समाचार देते हैं कि—'पाण्डयराज की छोटी पुत्री एक बार मनोरंजनार्थ विहार के लिए निकली तो रास्ता भूलजाने से अरण्य में भटक गयी जिसे शबरराज ने अकेली पाकर विन्ध्यवासिनी देवी के बलिदान के लिए उपयुक्त लक्षणोंवाली कन्या समझ कर स्वयं के महल में बन्दी बना दिया और कृष्णचतुर्दशी की रात्रि को ज्यों ही बलि चढ़ाने के लिए देवी-मन्दिर में लेजाकर अपनी खड्ग उसने उठायी ही थी कि वहाँ विक्रमाभरण सेनापति का एक सैनिक दर्शनार्थ आ गया और उसने निरपराध कन्या की रक्षा करते हुए शबरराज को युद्ध में मार डाला और राजकन्या को सेनापति विक्रमाभरण के संरक्षण में रख दिया। सेनापति ने सारी स्थिति महामन्त्री

सुबुद्धि को बतला कर उस कन्या को भी भेज दिया था अतः वह कन्या इस समय आपके ही संरक्षण में है। कन्या के सुलक्षणा और अतिशय सौभाग्य-शाली होने से पाण्ड्यराज ने इसे अपने जामाता चित्ररथदेव को ही प्रदान करने का निश्चय कर रखा था अतः अब आप महारानी वसन्तलेखा की सहमति से उसके साथ पाणिग्रहण कर लें।

महाराज और महारानी इस समाचार को सुन कर महामन्त्री सुबुद्धि को दरबार में बुलवाते हैं। महामन्त्री बतलाते हैं कि विक्रमाभरण के द्वारा जब यह राजकन्या मेरे पास भेजी गयी तभी मुझे एक दिव्यवाणी सुनाई दी थी कि जो इस कन्या से विवाह करेगा उसे स्वयं महालक्ष्मी अभीष्ट वर प्रदान करेगी। अतएव मैंने इसे अपनी सम्बन्धिनी बतला कर महारानी के ही संरक्षण में रख दिया था।

सारी घटनाओं को सुन कर महारानी चन्द्रकला को जब वहाँ बुलवाती है तो वन्दी उसे पहचान लेते हैं। निदान पाण्ड्यराज की द्वितीय कन्या चन्द्रकला से पिछले कठोर व्यवहार पर पश्चात्ताप प्रकट करती हुई महरानी वसन्तलेखा स्वयं महाराज चित्ररथदेव का चन्द्रकला के साथ पाणिग्रहण सम्पन्न करवा देती है। ज्यों ही विवाह होता है वहाँ महालक्ष्मी प्रकट होकर सभी को दर्शन देकर अभीष्ट वर प्रदान करती है।

नाटकीय-समीक्षा

'चन्द्रकला नाटिका की कथावस्तु रत्नावलीं, स्वप्नवासवदत्त आदि पूर्व-वर्ती रचनाओं तथा उनमें आनेवाली घटनाओं से पर्याप्त सादृश्य लिये है और नाटिका के शास्त्रीय लक्षण और नाटचरूढ़ियों का मनोयोगपूर्वक प्रस्तुतीकरण करती है। यदि शास्त्रीय लक्षणों को ध्यान से देखें तो प्रस्तुत नाटिका में लक्षणानुसार चार अंक हैं तथा महारानी आदि स्त्रीपात्रों की प्रमुखता और बाहुल्य है जो नाटकीय संविधान के विकास में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। आचार्य भरत, कोहल एवं धनञ्जय आदि ने शृङ्गाररस के साथ संगीत आदि कलात्मक तत्त्वों का सहभाव नाटिका में निर्दिशित किया है और यथासम्भव इनके सम्मिश्रण को आवश्यक भी माना है। चन्द्रकला की नायिका यद्यपि मालविकाग्निमित्र की मालविका की तरह नृत्यविशारदा, स्वप्नवासवदत्त की वासवदत्ता जैसी वीणावादनकुशला या रत्नावली की तरह चित्रकर्मविशारदा नहीं है किन्तु वह एक रूपलावण्यसम्पन्ना सुलक्षणा कन्या के रूप में बड़ी सफल एवं प्रभावशालिनी बन पड़ी है। नाटिका में शृङ्गार के विप्रलम्भपक्ष का जो कलात्मक प्रस्तुतीकरण है वह करुणगीतिनिनाद सा आवर्जक एवं मनोहारी प्रभाव डालने में पर्याप्त सक्षम है।

विश्वनाथ कविराज का व्यक्तित्व गम्भीर शास्त्रानुशीलन के कारण आलङ्कारिक आचार्यत्व की ओर अधिक झुकाव लिये हुए था। इसी कारण प्रस्तुत नाटिका में शास्त्रीय लक्षणों एवं रूढ़ियों का जहाँ पूर्णतः अनुसरणकरने का उद्योग हुआ वहीं मौलिकता के लिए कठिनाई उपस्थित हुई और ऐसा लगने लगा कि इसमें घटित घटनाएँ कहीं स्वप्नवासवदत्ता के, कहीं रत्नावली या प्रियदर्शिका के या फिर कालिदास के मालविकाग्निमित्र आदि के आसपास मंडरा रही हों। सर्वत्र एक उदाहरण के रूप में निर्मित नाटिका का रूप ही उभरता दिखलाई पड़ता है और इस प्रकार विश्वनाथ कविराज मूल्याङ्कन के वाद द्वितीयश्रेणी के नाटयकार ही ठहरते हैं। यदि इनकी अन्य नाटिका प्रभावती-परिणय प्राप्त होती तो तुलनात्मक दृष्टि से नाटकीयता का विनिश्चय सरल होता और तभी इनके संविधानकौशल एवं अन्य नाटकीय गुणों का उचित विवेचन किया जा सकता था। प्रस्तुत कृति को देखने से ऐसा लगता है कि वे अपने पात्रों के कार्यों और घटना-कौशल में रत्नानली जैसी दीप्ति उत्पन्न करने का प्रयास कर रहे हैं इसी कारण कालिदास के सदृश नाट्यकौशल एवं प्रखर आकर्षण शक्ति का प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत कृति में दूर की वात हो गयी। कहीं-कहीं मालविकाग्निमित्र की अनुकृति करते हुए विरहिजन को कष्ट देने-वाली दशा का प्रसंग उठाया गया है और इस क्रम में वसन्त के सारे आलम्वन एवं उद्दीपन दिखाये गये हैं। इसी प्रकार चन्द्रिका का भी एक प्रसंग पर उल्लेख किया गया है परन्तु ऐसे समय पात्रों के कार्य या व्यवहार अधिक प्रभाव उत्पन्न नहीं कर पाये यहाँ तक कि राजा का विरह प्रलाप स्पष्टतः 'विक्रमो-र्वशीयम्' के पुरूरवा-प्रलाप की एक अनुकृति मात्र वन कर रह गयी।

इसी प्रकार 'रत्नावली' के वानर की तरह जो यहाँ तरक्षु प्रसंग की उद्भावना की गयी है उसे सर्वथा तर्कसंगत नहीं माना जा सकता क्योंकि महारानी चतुर होकर भी नकली तरक्षु का विनिश्चय नहीं कर पाती है। आगे भी उनके इसी प्रकार के स्वभाव का थोड़ा अंकन किया गया है जब वह अपनी ही छोटी वहिन को ठीक से नहीं पहचानती जव कि पितृगृह से आने वाले वन्दीगण चन्द्रकला को तुरन्त जान लेते हैं। इससे पाठकों को यह भी अनुमान लगाना पड़ता है कि कदाचित् महामन्त्री सुवुद्धि ने चन्द्रकला को अपना ठीक परिचय न देकर अन्तःपुर में रहने की सलाह दी होगी परन्तु यही वात यदि स्वप्नवासवदत्त की तरह कथाक्रम में ही स्पष्ट घटना के रूप में या कथनोपकथन में रख दी जाती तो अधिक अच्छा होता।

नाटिका की कथावस्तु 'कल्पित होती है और ऐसे स्वरूप को प्रस्तुत करने का ही विश्वनाथ कविराज का उद्योग रहा है। अतएव इसे किसी पौराणिक या

सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक कथा के आधार पर ग्रथित 'नाटिका' नहीं माना जा सकता। यदि हम प्रस्तुत नाटिका के नायक चित्ररथदेव को भानुदेव का प्रतीक माने (विश्वनाथ कविराज जिनके आश्रित एवं सभापण्डित थे) तो यह इतिहास से स्पष्ट नहीं हो पाएगा कि महाराज भानुदेव चतुर्थ की महारानी राजुला देवी पाण्डयदेश की थी या किसी अन्य प्रदेश की और इस प्रकार यह विचार एक दूरारूढ़ कल्पना मात्र होगी उसके ऐतिहासिक उत्स स्थापित करने में। और इस प्रकार हम इसे उत्पाद्य कथावस्तु-समन्वित नाटिका के स्थान पर इसके अन्य रूप को स्पष्ट करने में भी समर्थ न हो पाएँगे। क्योंकि तब सेनापति के विक्रमाभरण या महामन्त्री सुबुद्धि के अभिधानों को भी प्रतीक मान कर उनका स्पष्टीकरण देना होगा। अतएव 'नाटिका' की कल्पित कथावस्तु को ही नियमानुसार यहाँ (भी) रखा गया है यही मानना युक्तिसंगत होगा।

'चन्द्रकला' की समीक्षा के प्रसंग में उसके अनुपम एवं मनोहारी नाटच-सौष्ठव को भुलाया नहीं जा सकता जिसमें अनेक सुन्दर वृत्तचित्रों को काव्यात्मकता के रमणीय परिवेश में प्रस्तुत किया गया है। ऐसे चित्र हमें रात्रि के अंधकार और प्रकाश, चीते का उपद्रव आदि में मिलते हैं जिनमें नायिका का सौन्दर्यवर्णन अपनी रमणीय पदावली और अनवद्यशैली के कारण हृदय को छू सा लेता है और महाराज चित्ररथदेव की संयोग और वियोग की अवस्थाएँ मार्मिक बन पड़ी हैं। इन प्रसंगों में वसन्तऋतु और चन्द्रोदय के प्राकृतिक-माध्यमों ने जिन रमणीय सङ्गीत ध्वनियों को छोड़ा वे निस्सन्देह मनोमुग्धकारिणी हैं। चन्द्रकला में काव्यसौन्दर्य के प्रचुर प्रदेश सहज प्राप्य है एवं इन्हीं विशेषताओं के कारण नाटचकार के रूप में भी विश्वनाथ कविराज का महत्वपूर्ण स्थान है। अपने कलात्मक सौष्ठव को पर्याप्त मात्रा में प्रकट करने में सक्षम होने के कारण नाटिकाओं के विकासक्रम में 'चन्द्रकला' ने मध्यकाल की रचनाओं में महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त करने की उपयुक्तता को स्वतः प्रतिनिधिरचना बन कर प्रमाणित कर दिया है।

चन्द्रकला के पात्र

चित्ररथदेव (नायक)—महाराज चित्ररथदेव चन्द्रवंशीय सम्राट थे जो अपने समग्र शत्रुओं के पराभव के कारण निश्चिन्त हो चुके थे। ये प्रकृतिप्रेमी और अतिशय मृदुभाव के होने पर भी उदयन के समान न तो संगीतकला के स्वयं प्रयोक्ता हैं और न ही दुष्यन्त की तरह चित्रकर्मनिपुण ही। ये तो मनोरंजन के समग्र अवसरों में स्वयं को लगा कर जीवन बिताने वाले व्यक्तियों में हैं जिनका समययापन अपने मित्र रसालक की गपशप में बीतता है। वीरता के परम्परागत धनी होने के कारण प्रमदोद्यान में बघेरे के आने के समाचार से

उत्तेजित हो कर वे स्वयं ही उसे मारने के लिए उठपड़ते हैं। प्रेम में छलप्रपञ्च की उपयुक्तता को कदाचित् स्वीकारने के कारण ये एक सचमुच के बघेरे को मार कर और उसे वाणों से छेद कर रख देने का शवर को आदेश देते दिखाई पड़ते हैं।

इनके प्रत्येक व्यवहार में कुलीन पुरुष की गम्भीरता परिलक्षित होती है अतः चन्द्रकला में अनुरक्त रहने पर भी ये महारानी वसन्तलेखा के प्रति सम्मान, नम्रता एवं स्नेहपूर्ण व्यवहार में कमी नहीं दिखलाते। यहाँ तक कि जब महारानी चन्द्रकला के साथ इनके मिलन में विघ्न उत्पन्न करने लगती तब भी ये उसे किसी प्रकार का मानसिक आघात पहुँचाना नहीं चाहते और अपनी मृदुप्रकृति का परिचय देते हुए महारानी की सभी प्रार्थना और आकांक्षाओं की पूर्ति करते रहते हैं, यहाँ तक कि रसालक जब इनसे महारानी का सन्देश कह कर मणिमण्डप प्रासाद में वन्दीगण से मिलने की प्रार्थना करता है तो ये तुरन्त उसके साथ रनिवास में चलने को उद्यत हो जाते हैं। ये क्रोधासक्त महारानी को समझाने का उद्योग करते हुए रत्नावली के वत्स-राज उदयन या मालविकाग्निमित्र के अग्निमित्र से दिखाई पड़ते हैं। इस प्रकार नाटिका के लिये अपेक्षित नायक के लक्षणानुसारी परम्परागत दक्षिण-नायक का पूर्णतः निर्वाह 'चन्द्रकला' में चित्ररथदेव द्वारा सम्पन्न किया गया है।

चन्द्रकला—(नायिका)—प्रस्तुत नाटिका की नायिका 'चन्द्रकला' है जिसके नाम पर ही हर्ष की रत्नावली आदि के अनुकरण पर नाटिका का नाम-करण हुआ है। इसका चित्रण नायिका के समग्र लक्षण और अवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए विश्वनाथ कविराज ने सावधानी से किया है। नाट्य-शास्त्रादि के अनुसार चन्द्रकला परकीया कन्या नायिका है जो नवानुराग के कारण 'मुग्धा' स्वरूप को वहन करती है। यह पांड्यनरेन्द्र की द्वितीयात्मजा तथा महारानी वसन्तलेखा की छोटी बहिन है परन्तु महारानी को (भी) इस तथ्य का ज्ञान नहीं था। इसका पता केवल सुबुद्धि महामन्त्री को ही सर्वप्रथम लगता है कि यह अतिशय सौभाग्यशालिनी कन्या है। इसी कारण वह इसी के भाग्य से महाराज की भावी समृद्धि बनाना उपयुक्त मानकर इसी से महा-राज का विवाह करवाने का उद्योग करता है और इसी क्रम में सर्वप्रथम वह चन्द्रकला को अपनी सम्बन्धिनी कन्या बतला कर महारानी के संरक्षण में रखने और उसे अन्तःपुर में रहने का अवसर दिलवाने में सफल हो जाता है। इसी कारण कदाचित् महारानी ने उससे अधिक आत्मीयता स्थापित करना आवश्यक नहीं समझी और महामन्त्री की सम्बन्धिनी होने के भ्रम से ही सदा वह आच्छन्न रही।

चन्द्रकला सुलक्षणा तो थी ही परन्तु इसका कवि के शब्दों में स्वरूप है 'निरुपमसौन्दर्यलक्ष्मी' तथा 'लावण्यामृतपूरणमयी'। इसके इसी स्वरूप को

देखने पर महारानी तक को सदा आशंका वनी रहती थी कि इसे देखते ही महाराज कहीं इस पर अनुरक्त न हो उठें। परन्तु चन्द्रकला ने ही सर्वप्रथम प्रमदोद्यान में चित्ररथदेव को देखा तो वह स्वयं उन पर आसक्त हो उठी। चन्द्रकला कोमल प्रकृति की वह कन्या है जिसमें सांसारिक सुख दुःखों को अधिक अनुभव और सहन करने का सामर्थ्य नहीं था। उसे वियोगाधि का जव प्रथम प्रथम अनुभव होता है तो कालिदास की शकुन्तला की भाँति वह भी अतिशय विकलता धारण करती है।

इसका वड़ा लजीला स्वभाव है और (इसी कारण) यह अपने प्रिय को दृष्टि उठा कर पूरी तरह देखती तक नहीं, पूछने पर ठीक से उत्तर नहीं देती एवं प्रिय के सम्मुख उपस्थित हो जाने पर झुक जाती और प्रिय के तनिक से स्पर्श पा जाने पर कांपने लगती है। यही सहजगुण इसे सर्वाधिक आकर्षण की उच्चतम भूमि पर पहुँचा देता है। और इसी कारण विना अधिक प्रयास के वह महाराज चित्ररथदेव की प्रेमपात्री बन जाती है।

कालिदास की मालविका के समान चन्द्रकला नृत्य-संगीत में वैदग्ध्य नहीं रखती और रत्नावली के समान वह चित्रकर्म में निपुण भी नहीं फिर भी अपने सहज रूप लावण्य एवं सुलक्षणों से वह अवश्य आपूर्ण है और इसी कारण उसके पाणिगृहीता को महालक्ष्मी के साक्षात् दर्शन से लाभान्वित होकर सम्पूर्ण इष्टतम पदार्थों के उपलब्ध होने की भविष्यवाणी को मौलिक रूप में प्रस्तुत किया गया है जो रत्नावली प्रभृति नाटिकाओं की रूढ़िमूलक परम्परा का अनुसरण करते हुए कल्याण प्राप्ति के नये पार्श्व का उद्घाटन करती है।

वसन्तलेखा (महादेवी)—महारानी वसन्तलेखा प्रधान महिषी और पाडचनरेश की ज्येष्ठ कन्या है। नाटिका में जेष्ठ महारानी की महत्वपूर्ण स्थिति रहती है क्योंकि नायक पर कोप और प्रसाद करने के कारण नायक नायिका का मिलन इसी के अधीन होता है। इसी कारण नायक एवं नायिका के वाद महारानी की नाटिका में महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। महाराज भी नवीन प्रेयसी के साथ प्रणयपथ में अवतीर्ण होते समय सदा महादेवी से आशंकित और त्रस्त रहते हैं परन्तु सभी ओर से सतर्क रहने पर भी विदूषक के प्रमाद और अहंकार से महाराज के नवप्रणय की कलई खुल जाती है और महारानी नायिका और महाराज के प्रियमित्र रसालक तक को वन्धनागार में रख देती है।

महाराज की इस पट्टमहिषी को रस एवं प्रणय की समग्र विधाओं का कलात्मक वोध विद्यमान होने से यह प्रगल्भा नायिका की श्रेणी में आती है। इसका स्वभाव गम्भीर है और यह सदा मान धारण करती रहती है। यह

सदा महाराज की उत्सुक होकर प्रतीक्षा करती है और थोड़ा विलम्ब होने पर उनकी तलाश में स्वयं निकल पड़ती है। यह महाराज के साथ विहार करने की सदा इच्छुक रहने के कारण अनेक उपायों द्वारा उन्हें आमन्त्रित करने और मनोविनोद करने का उपक्रम करती रहती है।

महाराज के साथ उद्यान में विहार करते हुए जब बघेरे के घुस आने का समाचार सुनती है तव यह घवड़ा जाती है और जैसे ही उसके मारे जाने का समाचार प्राप्त करती है तो तुरन्त महाराज का अभिनन्दन करने को उतावली हो उठती है। इसका अपने स्वामी पर स्थिर अनुराग है अतः जव रतिकला महाराज के अन्यासक्त होने की वात करती है तो यह उसे डांटती भी है और आगे जव स्वयं चन्द्रकला के साथ महाराज के प्रणयोद्गारों को सुन लेती है तभी उत्तेजित होकर कठोर आज्ञाएं देती हुई सारी प्रणय-लीलाओं का संहार कर देना चाहती है। यह अपनी हठ पर इतनी अड़ी रहती है कि स्वयं महाराज भी अपने कार्य और निश्चय से उसे हटाने में असमर्थ हो जाते हैं परन्तु वह निपुण और नीतिज्ञ के समान जव सारी स्थिति जान लेती है तो उसे अपनी वहिन चन्द्रकला से भूल की क्षमायाचना तक करती हुई पछताती है और स्वामी की समस्त अभिलाषाओं की स्वयं पूर्ति करती है। वह स्वयं चन्द्रकला के साथ महाराज का विवाह करवा कर अपनी प्रतिष्ठा का ठीक से निर्वाह तो करती ही है साथ ही अपने पूज्य माता-पिता के आदेश का भी पालन कर देती है।

शास्त्रीय लक्षणों के अनुसार वह ज्येष्ठा नायिका है जो प्रगल्भा और मानवती है। जिसका विश्वनाथ ने दर्पण में स्वयं लक्षण वतलाया है। इस प्रकार वह रत्नावली की महादेवी से समानता रखती है [तथा मालविकाग्निमित्र की महादेवी से भी जो नाटिका नहीं है] परन्तु महादेवी के मान का विस्तार कदाचित् 'चन्द्रकला में अपूर्व है और इस रूप में वसन्तलेखा का चित्रण कवि-कौशल का मौलिक निदर्शन भी है जहाँ वह मानिनी नायिका, आज्ञाकारिणी पुत्री और (स्वामी की) मङ्गलाकांक्षिणी भार्या बन जाती है।

सुवुद्धि—महामति एवं उदारचेता महामन्त्री सुवुद्धि का चित्रण करते समय विश्वनाथकविराज के मस्तिष्क में स्वप्नवासवदत्त या रत्नावली के यौगन्धरायण का आदर्श अवश्य ध्यान में रहा है। इसकी स्वामिभक्ति अपूर्व है और यह अपने कर्तव्यों का (राज्य की सारी व्यवस्था देखते हुए) अतिशय कुशलता से निर्वाह करता है। विश्वनाथ कविराज के शब्दों में यह 'राज्यपालननियुक्तधीसचिव' है।

इसी के प्रयासों से महाराज के साथ चन्द्रकला का पाणिग्रहण सम्भव होता है परन्तु यह अपने कूट प्रयास इतने सुगुप्त रखता है कि महारानी भी यह नहीं जान पायी कि जिस कन्या को महामन्त्री ने मेरे संरक्षण में रखा है वह स्वयं

मेरी ही वहिन है। इसकी स्वामिभक्ति और व्यवहार से महारानी सदा आश्वस्त रही और चन्द्रकला को सुखी बनाकर अन्तःपुर में रखने को इसी कारण राजी हो गयी थी। यद्यपि सुबुद्धि का नाटिका में प्रथम और अन्तिम अंक में ही प्रवेश करवाया गया है फिर भी सारे घटनाचक्रों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष परिचालन में सुबुद्धि के रहने की वात दर्शक के हृदय से एक क्षण भी विलग नहीं हो पाती। इस प्रकार प्रस्तुत नाटिका में सुबुद्धि की भूमिका महत्वपूर्ण स्थान रखती है।

रसालक—नाट्यशास्त्र के आचार्यगण विदूषक को हास्यकारी पात्र के रूप में नाटिका आदि में रखते रहे हैं जिसका नाम किसी कुसुम या ऋतु के आधार पर रखा जाए। तदनुसार यहाँ इसका नाम 'रसालक' रखा गया है। यह महाराज चित्ररथदेव का नर्मसचिव एवं प्रिय सुहृद् भी है जो प्रणय और मनोरंजन के प्रत्येक प्रसंग में महाराज की सहायता करता रहता है। हास-परिहास का मुख्य केन्द्र वन कर यह प्रणयकथा-वहुल नाटिका में महत्वपूर्ण स्थान पर आसीन है परन्तु अभिमान और मूर्खता के अप्रत्याशित मिश्रण से कभी-कभी यह संकटपूर्ण परिस्थितियाँ खड़ी कर देता है।

स्वभाव से ही हँसोड़ होने के कारण यह कार्य, देश और चेष्टाओं द्वारा सदा सभी के मनोरंजन में लीन रहता है। कभी-कभी तो दासियों को देखकर न केवल अपनी ऐंठ दिखलाता है किन्तु दुर्वचन तक कहने लगता है और कभी-कभी दासियों के आग्रह पर भयभीत होकर गुप्त वात भी प्रकट कर देता है।

इसका शृङ्गाररस में सहायक पात्र के रूप में विनियोजन आवश्यक माना जाता है और इसी कारण सदा यह अपने बुद्धिकौशल से महाराज के इष्ट साधन में लगा रहता है। यहाँ तक कि जब वह महारानी से महाराज को दूर कर चन्द्रकला के पास पहुँचाने का उपयुक्त माध्यम नहीं देखता तो स्वयं वघेरा वन कर ऐसा वातावरण वना डालता है जिससे महाराज चन्द्रकला के पास शीघ्र पहुँच सकें। वह अपनी प्रशंसा करते हुए स्वयं कहता है कि प्रणय-प्रसंग में सभी कभी कभी मन्त्रियों को वह मात दिए हुए है। (अतिशयित-सकलमन्त्रिबुद्धिविभवेन)

इसका एक अन्य गुण हंसोड़ है। भोजनप्रियता या पेटूपन जिसे ब्राह्मण होने के कारण वह कभी नहीं भूलता और किसी भी उपयुक्त अवसर के आने पर वह भोजन की चर्चा विना छेडे अन्य वातों को तो प्रस्तुत ही नहीं करना चाहता। इस प्रकार परम्परागत तत्वों के साथ हास्यरस की सृष्टि का मूलाधार वनते हुए सफलता से वह अपने कार्य का निर्वाह करता है।

सुनन्दना—महामन्त्री सुबुद्धि की विश्वासपात्र दासी के रूप में सुनन्दना का नाटिका में महत्वपूर्ण स्थान है। यह चन्द्रकला की प्रियसखी है और महाराज

से चंद्रकला के मिलन के प्रत्येक अवसर पर महत्वपूर्ण सहायता करने को सदा उद्यत रहती है। इसी प्रकृति मृदु होने से यह सहज ही चन्द्रकला के लिये एक संरक्षिका सी दिखाई देने लगती है।

विदूषक आदि सभी का इसे विश्वास प्राप्त (रहता) है और यह राज-सेवा में ठीक से कार्यरत रहकर पूर्ण स्वामिभक्ति का परिचय देती है।

रतिकला—महारानी की अतिशय विश्वस्त दासी है जिसे केवल महा-रानी पर ही अतिशय भक्ति है। इसकी तीक्ष्ण दृष्टि है और हृदय कठोर तथा कुटिल भावों से व्याप्त। साधारण काइयां राजनीतिज्ञों की तरह यह सदा शिकायत करने की अभ्यस्त और छिछले स्वभाव वाली है। इसकी राजभक्ति सर्वतोगामी स्वामी की मंगलकामना से रहित है अतः जब यह महाराज को अन्यासक्त पाती है तो तुरन्त उनकी शिकायत करने में भी नहीं हिचकती। इसे महाराज के नवप्रणय से कोई वास्ता ही नहीं दीखता और यह सदा महादेवी के प्रतिष्ठा-संरक्षण में व्यस्त दिखाई पड़ती है।

माधविका—अन्तःपुर की एक अन्य परिचारिका माधविका है जिसे विदूषक विश्वस्त मानता है परन्तु अन्त में यह भी महारानी के पक्ष की दासी निकल जाती है जो ठीक समय पर चन्द्रकला एवं महाराज के रात्रि-मिलन की सूचना महादेवी वसन्तलेखा को देकर उसकी सारी योजना पर पानी फेर देती है।

बन्दीगण—महाराज पाण्डयनरेश के परम्परागत चारण के रूप में बन्दी-गण का कार्य नाटिका में अतिशय अल्प है। ये राजकुमारी चन्द्रकला के अपने घर से खो जाने के बाद उसकी भावी स्थिति का वर्णन प्रभावशाली प्रकार से प्रस्तुत करते हैं। चन्द्रकला को पहिचान लेते हैं और चन्द्रकला तथा महा-राज के मिलन के बीच की सारी कठिनाइयो को दूर कर डालते हैं। बन्दी-गण के आने की घटना भी 'स्वप्नवासवदत्त' नाटक की याद दिलाती है जहाँ बन्दीगण 'वासवदत्ता' को पहिचान लेते हैं।

इसके अतिरिक्त अतिशय गौण भूमिकाओं में लक्ष्मी, परिचारिका और शवर आदि आते हैं जिनके कथावस्तु के अनुसार कार्य रखे गये हैं और जो नाटकीय घटनाओं को अपने समग्र रूप में प्रस्तुत करने हेतु अंगभूत हैं।

नाट्य-शास्त्रीय विश्लेषण एवं काव्यसौष्ठव

चन्द्रकला की प्रस्तावना में सूत्रधार ने इसे विश्वनाथ कविराज की कृति बतला कर 'नाटिका' कहा है। भरतमुनि से लेकर विश्वनाथकविराज तक सभी नाट्यशास्त्रज्ञ आचार्यों ने नाटिका के समय-समय पर विभिन्न लक्षण दिये हैं पर चन्द्रकला में प्रायः समग्ररूप में सभी का अनुसरण मिलता है।

इस नाटिका की प्रस्तावना भी रत्नावली नाटिका के समान 'कथोद्घात' लक्षण वाली है। जब सूत्रधार अपनी भार्या से—'चिराधिगतं वस्तु' आदि पद्य कहता है तो उसके इसी कथन को दोहराते हुए रत्नावली यौगन्धरायण की तरह महामन्त्री सुबुद्धि का प्रवेश होता है। यह प्रस्तावना ठीक रत्नावली नाटिका की तरह ही रखी गयी है।

चन्द्रकला के नायक महाराज चित्ररथदेव धीरललित प्रकार के हैं जिन्हें समग्र शत्रुमण्डल अवसन्न हो जाने से अब पराक्रम का अवसर प्राप्त ही नहीं है। महाराज की इसी अकण्टक शासन की स्थिति का उनके मित्र रसालक ने अनेकशः उल्लेख किया है। प्रस्तुत नाटिका में इनकी कलासक्त प्रकृति को कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है जो अनेक संयोग एवं वियोग की शृङ्गारिकदशाओं में फूट पड़ती है और इनका यही काव्यप्रेम इनकी मृदु-प्रकृति के साथ मणिकाञ्चन संयोग बन गया है।

नायिका चन्द्रकला परकीया, कन्या एवं मुग्धा है। जिनके समग्र चित्रण का नाटिका में व्यवस्थित उपक्रम हुआ है। इसकी अन्य नायिका महारानी वसन्तलेखा स्वकीया, मध्या और प्रगल्भा हैं जो नायक को तर्जित करती है तथा अनेक अवसरों पर मान धारण करती हुई दिखाई देती है। (और मानिनी स्वरूप को प्रकट करती है।)

नाटिका की वृत्ति कैशिकी है जिसका शृङ्गाररसबहुल प्रयोग परिलक्षित होता है। कैशिकी के नर्म, नर्मस्फूर्ज, नर्मस्फोट एवं नर्मगर्भ नामक प्रकारों का यथास्थान कथावस्तु की प्रकृति को ध्यान में रख कर विनियोजन किया गया है। प्रस्तुत नाटिका में सर्वत्र प्रसादगुण और वैदर्भी-रीति के दर्शन सहज प्राप्य हैं तथा विष्कम्भक आदि का यथावसर लक्षणानुसारी प्रयोग भी मिलता है।

यह हम पहिले अनेकबार बतला आये हैं कि प्रस्तुत नाटिका रत्नावली के आदर्श पर अधिक चलती है। यहाँ हम कुछ ऐसे रमणीयपद्यों को प्रस्तुत कर रहे हैं जो इस नाटिका में ग्रथित हैं :—

चन्द्रकला में प्रस्तुत बघेरे के वर्णन की ये पंक्तियां काव्यसौष्ठव के साथ स्पष्ट चित्र का सशक्त प्रस्तुतीकरण है :—

'लाङ्गूलेनाभिहत्य·······तरक्षुः। (चन्द्र० २।४)

तथा—

'उदस्यैकं पादं·······परितः। (वही २।६)'

निम्न (दो) पद्यों में रात्रि के अंधकार का वर्णन अतिशय आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया है :—

'आस्तीर्णा इव नीलचेलनिचयै·······

·····तमालमलिनंच्छायेव सर्वा दिशः ॥' (च० कला० ३।१३)

तथा—

'आलोकाय भवन्ति न व्रततयो·········

·······तमसा संहृत्य नीतं वलात्' ॥ (च० कला० ३।१४)

नायिका के सौन्दर्य और चेष्टाओं का अनेकशः वर्णन काव्य के रमणीय सन्निवेश को प्रकट करता है। कुछ हृदयस्पर्शी पद्य इस प्रकार हैं—

(क) 'सा दृष्टिः········

···· · वेधसः ॥' (च० कला० १।७)

(ख) 'अब्जद्वन्द्वं········

···· शीतद्युतेर्मण्डलः।' (च० क० १।१३)

(ग) विम्बस्यासुकृतेन·······

··· ··· निर्मितम् ॥ (च० क० ३।१६)

(घ) असावन्तश्चञ्चद् ·· ···

सुमुखि ते ॥ (च० क० १।१७)

महाराज चित्ररथदेव के प्रिया के प्रति उद्‌गार निम्न पद्यों में साकार हो उठे हैं।

'वैलक्ष्यस्य भवत्यसाववसर·······

········निर्वापय ॥ (च० क० ३।१८)

तथा—

गीतं कर्णपुटद्वयेन······

·······नैवासवः ॥ (च० क० ४।१)

वसन्त की मन्द मन्द वयार का चन्द्रकला नाटिका की प्रस्तावना में किया गया निम्न वर्णन काव्य के माधुर्यगुण को जहाँ पूर्णतः समाविष्ट किये हैं वही विश्वनाथ कविराज की उदात्त साहित्यिक रुचि को भी स्पष्ट करता है।

यथा—

'लताकुञ्जं गुञ्जन्······

······ किरति मकरन्दं दिशि [1]दिशि ॥ (च० क० १।३)

---

१. यहाँ स्थानाभाव से सम्पूर्ण पद्य एवं उनके अनुवाद को नहीं दिया जा रहा है केवल स्थाननिर्देश कर दिया है। कृपया निर्दिष्ट स्थान पर समग्र पद्य एवं उनके अनुवाद देखिये।

इस प्रकार चन्द्रकला नाटिका साहित्य के विदग्ध विद्वानों और साहित्य अनुशीलन कर्त्ता संशोधकों के लिए मूल्यवान् कृति है जिसका विश्वनाथ कविराज की साहित्यरचना का पारम्परिक-स्तर स्थापित करने में पर्याप्त महत्व है।

साहित्यदर्पण में प्राप्त चन्द्रकला के उद्धरण

चन्द्रकला नाटिका को देखने पर विद्वज्जन (स्वयं) पाएंगे कि इसके काव्यसौष्ठव से उद्वेलित होकर ही विश्वनाथ कविराज ने बार-बार इसी कें विविध प्रसंगों से साहित्यदर्पण' में अधिक उद्धरण लिए। साहित्यदर्पण में 'चन्द्रकला' के नामोल्लेखपूर्वक किये गये उद्धरण निम्न हैं :—

(१) 'अङ्गानि खेदयसि किम्' (च० क० १।१७ तथा सा० द० परि० ६।१९१)

(२) तारुण्यस्य विलास:....(च० क० १।९ सा० द० परि० ३।१६)

(३) हसति परितोषरहितं....(च० क० १।१५ सा० द० परि० ६।१८३)

(४) तए संहरिज्जइ (च० क० २।१३ सा० द० ६।१८४)

इसके अतिरिक्त निम्न उद्धरण भी साहित्यदर्पण में चन्द्रकला नाटिका से विश्वनाथ कविराज ने लिए हैं जिन्हें केवल 'यथा मम' लिखकर निर्दिष्ट किया गया है या फिर केवल पद्य उद्धृत कर दिया गया है। ये निम्न है :—

(क) लताकुञ्जं गुञ्जन् मदवदलि।

(च० क० १।३ सा० द० परि० ८।३ पर उद्धृत)

(ख) एसो ससहरबिंबो ...।

(च० क० २।८ सा० द० परि० ७।२९ पर ,,)

(ग) मूर्द्धव्याधूयमानध्वनदमर ...।

(च० क० ४।५ सा० द० परि० ७।१६ पर ,,)

(घ) भ्रातर्द्विरेफ भ्रमता भवता ...।

(च० क० ३।९ सा० द० परि० ३।१६० पर ,,)

(ङ) लाङ्गूलेनाभिहत्य.... ।

(च० क० २।४ सा० द० परि० १०।९२ पर ,,)

(च) मध्येन तनुमध्या मे ..।

(च० ३।१७ सा० द० परि० १०।८६ पर ,,)

(छ) असावन्तश्चञ्चद् ...॥

(च० क० १।१८ सा० द० परि० ६।१८४ पर ,,)

(ज) वसन्तलेखैकनिबद्धभावं ...।

(च० क० १।८ सा० द० परि० १०।५० पर ,,)

(झ) सह कुसुमकदम्बैः ··· ॥

(च० क० १०।५५ सा० द० परि० १०।५५ पर „)

इसके अतिरिक्त साहित्यदर्पण में चन्द्रकला नाटिका की कुछ गद्यपंक्तियाँ भी उद्धृत की गयी हैं। (तदर्थं दर्पण के ६ परि० की १४२, १८४, १७७ तथा १९१ कारिका की वृत्ति और उदाहरण अवलोकनार्ह हैं।) कुछ विद्वानों ने समग्र चन्द्रकला का अवलोकन न करने के कारण 'मूर्द्धव्या घूयमान' इत्यादि पद्य को उनकी किसी अन्य नाट्यकृति की नान्दी निरूपित कर डाला तथा अन्य विद्वानों ने इसी तरह के पद्यों से उनके शैव या शाक्त होने की ही पुष्टि कर डाली। चन्द्रकला नाटिका में प्राप्त भारतवाक्य या प्रशस्ति को साहित्यदर्पण में प्रभावती नाटिका की प्रशस्ति बतलाया गया है परन्तु यह भी सम्भव है कि कविराज ने दोनों ही नाटिका के समानकर्तृत्व को बतलाने के हेतु एक ही प्रशस्ति लिखी हो [और जिसमें थोड़ा परिवर्तन कर दिया हो]।

प्रस्तुत संस्करण

अब चन्द्रकला के हिन्दी व्याख्यान के विषय में दो शब्द कहना अनुपयुक्त न होगा। यही हर्ष का विषय है कि चन्द्रकला-नाटिका मूलसंस्कृत एवं हिन्दी व्याख्यानात्मक अनुवाद के साथ प्रकाशन हो रहा है। मूल के अनुवाद में यथासम्भव ग्रन्थकार के आशय को प्रस्तुत करने का प्रयास करने के अति-रिक्त एक स्वतन्त्र अनुवाद जैसा आनन्द भी पाठकों को मिलेगा यदि वे केवल हिन्दी भाग ही देखें। इसमें यथाशक्य मूलसंस्कृत को शुद्ध रखने का प्रयास किया गया है और कहीं-कहीं असावधानी से छूट जाने वाली मुद्रणा-शुद्धियों को 'शुद्धिपत्र' में दे दिया गया है। हिन्दी व्याख्यान में कुछ खटकने वाली अशुद्धियाँ रह गयी थी जिनका यथास्थान शुद्धिपत्र में निवेश कर दिया है किन्तु फिर भी कुछ स्थान ऐसे अवश्य छूट गये होंगे जो अशुद्ध होंगे। ऐसे स्थानों को बतलाना और अनुवाद के किसी अंश या भूमिका में प्रस्तुत किन्हीं तथ्यों पर महत्वपूर्ण सुझाव स्वागतार्ह होंगे तथा उपयुक्त होने पर उनका अगले संस्करण में अवश्य निवेश किया जाएगा। सामान्य अशु-द्धियों को यथाशक्य हमने छोड़ दिया है (जो प्रायः हिन्दी व्याख्यान में हैं) क्योंकि उनसे शुद्धिपत्र व्यर्थ ही बढ़ जाता। अन्त में अकारादिक्रम से पद्यानु-क्रमणिका भी पाठकों के सुविधार्थ जोड़ दी गयी है।

आभार

चन्द्रकला के प्रस्तुत संस्करण में लोचन टीका के साथ प्रकाशित साहित्यदर्पण के लाहौरसंस्करण (सम्पा० करुणाकर 'कर', १९३८)

तथा बम्बई संस्करण का पर्याप्त उपयोग किया गया है तदर्थ इनके सम्पादकों का आभारी हूँ। ओडीसा स्टेट म्यूजियम में विद्यमान चन्द्रकला-नाटिका की हस्तलिखित प्रति की प्रतिलिपि से भी पर्याप्त सहायता मिली जिसकी मित्रवर प्रो० प्रल्हाद प्रधान, अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, उत्कलविश्वविद्यालय ने भी प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप में समय-समय पर अनेक सूचनाएँ प्रदान की तदर्थं मैं इन महानुभावों का हृदय से कृतज्ञ हूँ। 'चन्द्रकला' के सम्पादन एवं अनुवाद-लेखन की प्रेरणा देने और अनेक-विध सहायता के कारण डॉ० हीरालाल जी जैन, अध्यक्ष, संस्कृतपालि प्राकृत विभाग जवलपुर विश्वविद्यालय का भी अनुगृहीत हूँ।

अन्त में चौखम्बा संस्कृत ग्रन्थमाला, वाराणसी के सञ्चालक श्रीकृष्णदास जी गुप्त का भी आभारी हूँ जो अलभ्यग्रन्थों को प्रकाशित करने में सदा अग्रणी रहते हैं। इसी संस्था के उदीयमान वन्धुद्वय श्रीमोहनदास जी एवं श्रीविट्ठलदास जी गुप्त का भी इस सन्दर्भ में आभार आवश्यक है। ग्रन्थ के सुव्यवस्थित एवं शुद्ध मुद्रण में सुहृद्वर पं० रामचन्द्रजी झा व्याकरणाचार्य का सहयोग भुलाया नहीं जा सकता। यदि मेरे इस प्रयास को विद्वन्मण्डली में थोड़ा भी उपयोगी समझा गया तो अपना परिश्रम सफल मानकर संस्कृतसाहित्य के अन्य महत्वपूर्ण प्रसूनों को प्रस्तुत करने का और उद्योग करता रहूँगा। दूरस्थ प्रदेश वाराणसी में पुस्तक के मुद्रित होने से इसमें अनेक अनवधानजन्य त्रुटियाँ सम्भव हैं जिन्हें सुधारते हुए सुधी पाठक को प्रकृतग्रन्थ का परिशीलन करने की निम्न अभ्यर्थना करता हूँ। इति शुभम्।

विसर्गेषु वर्णेषु भाषासु पङ्क्ति-
ष्वनुस्वारसंयोगदैर्घ्येषु यद्यत्।
प्रणष्टं प्रमादेन हस्तस्य दोषात्
समालोच्य सर्वं सहन्तां महान्तः ॥ इति।

नरसिंहगढ़ — सुधीजन कृपाकाङ्क्षी
दि० २६ जनवरी १९६७ — **बाबूलाल शुक्ल, शास्त्री**

द्वितीयसंस्करण की प्रस्तावना

यह बड़ी प्रसन्नता की बात है कि चन्द्रकला-नाटिका का प्रथमसंस्करण समाप्त हो गया तथा द्वितीयसंस्करण के प्रकाशन का समय आ गया। इस द्वितीय संस्करण में यत्र तत्र हिन्दी व्याख्या में संशोधन एवं परिवर्धन भी कर दिया है। आशा है सुधीजन, अभ्यासक एवं सामान्य पाठकों का इससे पूर्व से भी अधिक हित होगा तथा वे और भी प्रसन्नता से इसका भी उसी प्रकार स्वागत करेंगे जो पिछले संस्करण का रहा।

शाजापुर (मध्यप्रदेश)
दि० २६ जनवरी ८३

सुधीजन कृपाकांक्षी
बाबूलाल शुक्ल, शास्त्री

पात्रपरिचयः

पुरुष-पात्राणि

सूत्रधारः—नाटकीयकथायाः प्रस्तावकः प्रधानः नटः ।

नटी—सूत्रधार-भार्या ।

चित्ररथदेवः—नायकः, महाराजः ।

सुबुद्धिः—चित्ररथदेवस्य प्रधानः सचिवः ।

रसालकः—विदूषकः, नर्मसचिवः ।

कञ्चुकी—

शबरः—प्रमदोद्यानस्य संरक्षकः राजकीयसेवकः ।

बन्दिनौ—पाण्ड्यराजस्य सन्देशहारकौ दूतौ ।

स्त्री-पात्राणि

लक्ष्मी—विष्णुपत्नी ।

वसन्तलेखा—प्रधानमहिषी, पाण्ड्यराज-दुहिता ।

चन्द्रकला—पाण्ड्यराजस्य द्वितीया दुहिता, नायिका ।

रतिकला —
माधविका— } महादेव्याः विश्वासभाजनं दासीयुगलम् ।

सुनन्दना—चन्द्रकलायाः सखी ।

तथा परिचारिका प्रभृतयः ।

नाटिकायामुल्लिखितानि पात्राणि

पाण्ड्येश्वरः—पाण्ड्यराजः ।

विक्रमाभरणः—चित्ररथदेवस्य सेनानायकः ।

शबरस्वामी—शबराधिपतिः ।

मेदिनी—चित्ररथदेवस्यापरा भार्या ।

पद्यानामकाराद्यनुक्रमणिका

—००:०:००—

श्रीविश्वनाथकविराजप्रणीता

चन्द्रकला-नाटिका

'प्रभावली' हिन्दीव्याख्योपेता

—:०:—

अथ प्रथमोऽङ्कः

(नान्दी)

जीयासुः शफरायमाणशशभृल्लेखाः स्खलत्कैरव-
व्रातोद्भ्रान्तमधुव्रतव्रजमिषादुत्क्षिप्तनीलांशुकाः ।
बिभ्रत्यो[1] गिरिजाकटाक्षपतनादादित्यजासङ्गमं
नृत्यद्भर्गकिरीटकोटिचपलाः स्वर्गापगावीचयः ॥ १ ॥

(नान्द्यन्ते)

सूत्रधारः—अलमतिविस्तरेण । (नेपथ्याभिमुखमवलोक्य) आर्ये, इतस्तावत् ।

नटी—एस म्हि । आणवेदु अज्जो । [एषास्मि । आज्ञापयत्वार्यः ।]

(नान्दी)

आकाशगंगा की वे लहरें आपको विजय प्रदान करें जिनमें कुमुदिनी दल से दूर हट जाने के कारण उद्भ्रान्त भौंरों का समूह पार्वती के कटाक्ष से उत्पन्न होने वाली नीली किरणों सा ऊपर उठ रहा है और नृत्य करने वाले भगवान् शिव (भर्ग) के मस्तक पर स्थित चन्द्रकला जिनमें एक (छोटी) शफरी के समान उच्च स्थान पर स्थित होने के कारण यह (गंगा) शुभ्र होकर भी यमुना के सङ्गम को धारण करती-सी प्रतीत हो रही है ॥ १ ॥

(नान्दी के अन्त में सूत्रधार का प्रवेश)

सूत्रधार—अच्छा अब और अधिक विस्तार मत कीजिये । (नेपथ्य की ओर देखकर) आर्ये, जरा इधर आओ ।

नटी—यह आयी । आर्य, आज्ञा दीजिये ।

---

१. विन्दन्त्यो—मू० पाठः ।

सूत्रधारः—आर्ये पश्य पश्य। अयमिदानीं यवनपुरपुरन्ध्रीवर्ग-निर्गलदविरलनयनजलधारानिर्धौतगिरिकन्दरो निजभुजप्रतापतपनसमुत्सादितारातिे-तिमिरनिकरश्चोल-कोशल-बङ्ग-हावङ्ग - कोच-काञ्ची-गौड - डाहालमत्स्य - म्लेच्छ-लाट-कर्णाटप्रमुखराजराजीवराजिरजनीकरः सकलगुणरत्न-रत्नाकरो निखिला नवद्यविद्यानिधिरर्थिकुलकल्पद्रुमः सभामध्यमध्यास्ते गजपतिर्महाराजाधिराजस्त्रिकलिङ्गभूमण्डलाखण्डलः श्रीमान्निश्शङ्कभानुदेवः।

आच्छन्ने घर्मधाम्नि प्रखरहयक्षुरक्षुण्णपृथ्वीरजोभिः
क्षिप्ते नक्षत्रलक्षे नभसि करिकरोद्धूतगङ्गापयोभिः।
ज्योत्स्नाभिः कीर्तिचन्द्रे धवलयति जगज्जैत्रयात्रावकाशे
गौडक्ष्मापाललक्ष्मीर्व्यरचयदचिरादेव यस्याभिसारम् ॥२॥

तदस्माकमिदानीं चतुर्दशभाषाविलासिनोभुजङ्गमहाकविनिखिला-

सूत्रधार—आर्ये, देखो देखो ! हमारे सम्मुख सभा के बीच आज गजपति महाराजाधिराज त्रिकलिंगभूमण्डलेन्द्र निश्शङ्क भानुदेव स्थित हैं। जिन्होंने अपने प्रताप से यवनराज के रनिवास और महलों में रहने वाली कामिनियों की आँखों से निरन्तर बहने वाली अश्रुधाराओं के द्वारा पर्वत की कन्दराओं को धुलवाया है, जिसने अपनी भुजाओं के प्रतापरूपी सूर्य के द्वारा शत्रुरूप अन्धकार के संघात को हटा दिया है, जिस रामचन्द्र ने चोल, कोशल, वंग, हावङ्ग, कोच, काञ्ची, गौड, डाहाल, मत्स्य, म्लेच्छ, लाट, कार्णाट आदि प्रमुख राजकमलों को संकुचित कर दिया है, समग्र गुणरत्नों की आधारभूमि होने के कारण जो रत्नाकर के सदृश है और याचकवर्ग के लिये कल्पवृक्ष के समान उदार एवं समग्र निर्मल विद्याओं का जो आगार है।

दिग्विजययात्रा में गौडेश्वर पर चढ़ाई करते समय जिनकी सेना के अश्वों के खुरों से पीटी गयी पृथ्वी से उठने वाली धूलि से सूर्य के ढँक जाने पर और इनके सैन्यगजों की सूंडों से गंगाजल की फुहारें उड़ाने के कारण आकाश में सहस्रों नक्षत्रों के विकीर्ण हो जाने से जब कीर्तिरूप चन्द्र की धवलिमा (चन्द्रिका) चारों ओर विस्तीर्ण हो गयी तो तुरन्त (ऐसे सुअवसर पर) गौडेश्वर की विजयलक्ष्मी ने इनकी ओर अपना अभिसार आरम्भ कर दिया ॥ २ ॥

अतएव अब हमारे लिये गजपति साम्राज्य के सान्धिविग्रहिक श्रीविश्व-

नवद्यविद्यामहोदधिराजहंसमहापात्रश्रीचन्द्रशेखरतनूजन्मनः श्रीमन्नाराय-णचरणारविन्दमधुकरीभूतचेतसो निजजनकसमधिगतनिखिलसाहित्य तत्त्वस्य नाट्यवेददीक्षागुरोः सहृदयैकबान्धवस्य गजपतिमहाराजसान्धि-विग्रहिकमहापात्रश्रीविश्वनाथकविराजस्य कृतिमभिनवां चन्द्रकला नाम नाटिकामभिनेतुमुचितोऽयं समयः।

नटी—आणवेदु अज्जो कदमं समअं उद्दिसिय गाइस्सं। [आज्ञापयत्वार्यः कतमं समयमुद्दिश्य गास्यामि।]

सूत्राधारः—आर्ये, अमुमेवाचिरोपस्थितं केतकीपरिमलमिलितमधु-करनिकरझङ्कारमुखरितदिशाभोगं मलयाचलदरीगलितनिर्झरसलिल-शीकरशिशिरधीरमारुतचूतकाननं दरदलितचूताङ्कुरास्वादसुन्दरमदकल-कण्ठकुलकलितकाकलिविरचितविरहिकर्णज्वरं वसन्तसमयम्। इह हि—

लताकुञ्जं गुञ्जन् मदवदलिपुञ्जं चपलयन्
समालिङ्गन्नङ्गं द्रुततरमनङ्गं प्रबलयन्।

नाथ कविराज के द्वारा निर्मित चन्द्रकला नाटिका का अभिनय प्रस्तुत करने का यही उचित समय है। ये विश्वनाथ चौदह भाषारूपी अङ्गनाओं के प्रियतम (भुजङ्ग) हैं, इनके पूज्य पिता समस्त विद्यारूपी महार्णव में राजहंस के समान विहार करने वाले चन्द्रशेखर महापात्र हैं और जिनका मन प्रपितामह श्रीनारायण के चरणारविन्द का मधुकर हो रहा है, जिन्होंने अपने पूज्य पिताजी से ही समग्र साहित्य विद्या का अध्ययन किया, जिन्होंने नाट्यशास्त्र के तात्त्विक अध्ययनरूप व्रत की दीक्षा ले रखी है और जो सहृदय जन के एकमात्र अवलम्बन बने हुए हैं।

नटी—अच्छा, तो इस अवसर पर अब आप मुझे किस ऋतु के गीत प्रस्तुत करने की आज्ञा दे रहे हैं।

सूत्रधार—आर्ये, अभी ही आरम्भ होनेवाली इसी वसन्तऋतु का गीत सुनाओ जिसमें केतकी के परिमल का उपभोग करने के लिए एकत्रित मधु-करों की झंकार से दिशाओं के अन्तराल मुखरित हो उठे हैं, जिसमें मलयाचल की कन्दराओं से निकलने वाले जलस्रोतों की फुहारों से शीतल रहने वाले पवन के मन्द-मन्द संचार से युक्त आम्र के वन हो रहे हैं और आम्रमंजरी का कुरेदकर स्वाद लेने वाले कोकिलों के कण्ठ से निकलने वाले सुरीले सुरों ने कामिजन के कानों में ज्वर उत्पन्न कर डाला है। इस समय—

गुंजार करते हुए मदमत्त मधुकरों के समूह से सम्पृक्त हो लताकुंजो को चंचल करता हुआ, स्पर्श मात्र से शरीर में अनंग का संचार करता हुआ,

मरुन्मन्दं मन्दं दलितमरविन्दं तरलयन्
रजोवृन्दं विन्दन् किरति मकरन्दं दिशि दिशि ॥ ३ ॥

(नटी—गायति)

अमुअंतो वि णिअंतं कुंदलदं सुइर-उबहुत्तं ।
चुंबइ रसाल-वल्लीं अहिणअ-महुगंधिअं भमरो ॥ ४ ॥

[अमुचन्नपि विजां तां कुन्दलतां सुचिरमुपभुक्ताम् ।
चुम्बति रसालवल्लीम् अभिनवमधुगन्धिकां भ्रमरः ॥]

सूत्रधारः—(सशिरःकम्पम्) आर्ये, साधु गीतम् । एवं खलु शिथिलितकुन्दलतानुरागातिशयमभिनवप्रफुल्लसहकार-वल्ली - निबद्धप्रेमाणं मधुकरं वर्णयन्ती सत्यमाह भवती । तथाहि—

चिरादधिगतं वस्तु रम्यमप्यवधारयत् ।
पुरः प्रतिवनं वीक्ष्य मनस्तदनुधावति ॥ ५ ॥

(नेपथ्ये)

साधु ! शैलूष साधु !! (चिरादधिगतमित्यादि पठति)

विकसित कमल के दलों को धीरे-धीरे विकंपित कर पराग लेने के कारण मन्दगति से संचार करने वाला यह मलयपवन पुष्परस को दसों दिशाओं में छिटका रहा है ॥ ३ ॥

नटी—(गाती है)

आज यह भौंरा चिरकाल तक उपभोग की गई एवं इष्ट कुन्दलता को बिना छोड़े हुए नवगन्ध से सुवासित इस आम्रवल्ली का चुम्बन कर रहा है ॥ ४ ॥

सूत्रधार—(मस्तक हिलाकर स्वीकृति देते हुए) ठीक ! आर्ये, तुमने अच्छा गीत गाया जिसमें सदा सन्निहित कुन्दलता के प्रति अपना अनुराग शिथिल कर नवविकसित आम्रवल्लरी में (भी) अपना अनुराग संसक्त कर देने वाले भौंरे का एकदम सत्य वर्णन कर डाला । क्योंकि,

(किसी) रमणीय पदार्थ का चिरकाल तक उपभोग (प्राप्त) रहने पर भी अपने सम्मुख किसी अन्य नवीन वस्तु को देखने पर मन उसी ओर भागने लगता है ॥ ५ ॥

(नेपथ्य में)

ठीक ! बिलकुल ठीक कहा है नट, तुमने । ('चिरादधिगतां' (१।५) इत्यादि को दुहराता है ।)

सूत्र—(आकर्ण्य) आर्ये, अयमसावितः प्राप्त एव क्षोणीभुजश्चित्ररथदेवस्य सुबुद्धिनामा प्रियामात्यः। तदावामपि समनन्तरकरणीयाय सज्जीभवावः। (इति निष्क्रान्तौ)

प्रस्तावना।

(ततः प्रविशति सुबुद्धिः)

सुबुद्धिः—(साधु शैलूषेत्यादि नेपथ्योक्तं पठित्वा) अनेन खलु चन्द्रकलायां भर्तुरनुरागबन्धः स्यान्नवेति चिन्तयतो मम दत्तमेव प्रतिवचनं भवता। तथा ह्येषा कर्णाटविजयार्थं प्रस्थितेन विक्रमाभरणाख्येन सेनापतिना मध्येमार्गं कुतोऽप्यधिगत्य निरुपमसौन्दर्यलक्ष्मीरिव विग्रहवतीति राजवंशजेयमिति कथयित्वा मत्परितोषकाङ्क्षिणा मदन्तिकं प्रहिता। मया चात्यन्तसुलक्षणेति निरूप्यमाणा। तत्काले च—

"यस्तु भूमिपतिर्भूमौ पाणिमस्या ग्रहीष्यति।
लक्ष्मीः स्वयमुपागत्य वरमस्मै प्रदास्यति॥ ६॥"

इत्यमानुषीं गिरमाकर्ण्य तत्परिणयेन भर्तुरुपचयं महान्तं चिन्तयता

सूत्रधार—(सुनकर) आर्ये, महाराज चित्ररथदेव के सुबुद्धि नामक महामन्त्री इधर आ पहुँचे हैं; इसलिये अब हमें भी अपने अगले कार्यों को करने के लिये तैयार होना चाहिए। (दोनों का] रंगभूमि से] प्रस्थान)

प्रस्तावना।

(तब सुबुद्धि प्रवेश करते हैं)

सुबुद्धि—(ठीक है नट, इत्यादि कहकर) और आज अपने इसी कथन के द्वारा तुमने मेरी ऐसी चिन्ता—कि हमारे स्वामी का चन्द्रकला में अनुराग हो सकेगा या नहीं—का उत्तर दे दिया है। क्योंकि कर्णाट देश पर विजय हेतु प्रस्थान करते हुए हमारे विक्रमाभरण सेनापति को यह कन्या रास्ते में प्राप्त हो गयी थी और इसके अनुपम सौन्दर्य और शरीर के सुलक्षणों को ध्यान में रखते हुए इसने उच्चवंशीय कन्या एवं सशरीर लक्ष्मी समझकर इस (कन्या) को मेरे समीप भिजवा दिया। इसके सुलक्षणों को देखकर जब मैं चिन्ता करने लगा तभी मुझे एक दिव्यवाणी सुनाई दी—

"इस कन्या का पृथ्वी पर जो भूमिपति पाणिग्रहण करेगा तभी लक्ष्मी स्वयं प्रकट होगी और उसे अभीष्ट वरदान प्रदान करेगी'॥ ६॥

तब इस अमर्त्य वाणी को सुनकर मैंने विचार किया कि यदि इस कन्या

पाण्ड्यराजदुहितुर्महादेव्या भयेन स्वयं महाराजेनैनां परिणाययितुमशक्नुवतान्तःपुरचारिणीमिमामवलोक्य स्वयमेव परिग्रहीष्यति स्वामीति विचिन्त्य मम वंशजेयं सखीपदे स्थापयित्वा परिपालनीयेति सादरं समर्पिता देव्याः। (विचिन्त्य) तत् कुतः पुनरिदानीमाकर्णयामो वृत्तान्तमेतस्याः। कथं चिरादाहूयमानापि नाभिवर्तत मामन्तःपुरचारिणी सुनन्दना।

(सुनन्दना प्रविश्य)

सुनन्दना—अज्ज, वंदामि। [आर्य, वन्दे।]

सुबुद्धिः—सुनन्दने, कथय चन्द्रकलावृत्तान्तं तूर्णमिदानीम्।

सुनन्दना—अज्ज, कधिदुं भिएमि। [आर्य, कथयितुं बिभेमि।]

सुबुद्धिः—कथय। न खलु सम्भावय रहस्योद्भेदमस्मादृशेषु।

सुनन्दना—पुव्वं क्खु कधिदं ज्जेव मए अज्जस्स। इअं क्खु दंसणमेत्तकेणज्जेव्व महाराआअणुराअबंधणं भविस्सदित्ति आसंकंतीए वि अज्जगोरव-णिअंतिदाए देईए पिअसहिपदे ट्ठाइदा वट्टइ। दाणिं अ अदि-

---

से हमारे महाराज का विवाह हो जाए तो (अनायास ही) उन्हें महान् अभ्युदय की उपलब्धि हो सकती है परन्तु पाण्ड्यदेश के महाराजा की पुत्री एवं पट्टमहिषी (महारानी) के भय से इसका महाराज के साथ (सहसा) विवाह करवा देने में स्वयं की असमर्थता पाकर मैंने (अभी) इस (कन्या) को महारानी के ही रनिवास में अपनी सम्बन्धिनी बतलाकर रखवा दिया है। ऐसा करने से यह अनायास ही अन्तःपुर में रहने से महाराज की दृष्टि में जब पड़ जाएगी तो वे स्वयं इससे विवाह कर लेंगे। (विचारकर) तो अब मैं इस समाचार को कहाँ से ज्ञात करूँ। (और) आज बुलवाने पर भी उस अन्तःपुर की परिचारिका सुनन्दना को आने में इतना विलम्ब क्यों हो रहा है!

(सुनन्दना प्रवेश करते हुए)

सुनन्दना—आर्य प्रणाम करती हूँ।

सुबुद्धि—सुनन्दना, चन्द्रकलाविषयक समाचारों को शीघ्र बतलाओ।

सुनन्दना—आर्य, मुझे समाचार बतलाने में भय लगता है।

सुबुद्धि—तुम बतलाओ। हमारे पास से तुम्हारा कोई रहस्य प्रकट नहीं हो सकता है।

सुनन्दचा—अच्छा! इतना तो मैं आपको बतला ही चुकी हूँ कि 'यदि उसे एक बार भी महाराज देख लेंगे तो इसके सौन्दर्य पर निश्चित ही मुग्ध होकर रहेंगे' ऐसी आशंका महारानी के हृदय में बनी हुई है, परन्तु

पउत्तेण गोविज्जमाणा वि अदक्किदेण देइ समीवमुअगच्छंतस्स महाराअस्स लोंयणगोअरे पडिदा। [पूर्वं खलु कथितमेव मया आर्याय। इयं खलु दर्शनमात्रकेणैव महाराजानुरागबन्धनं भविष्यतीत्याशङ्कन्त्या आर्यगौरव-नियन्त्रितया देव्या प्रियसखीपदे स्थापिता वर्तते। इदानीञ्चातिप्रयत्नेन गोपाय्यमानापि अतर्कितेन देवीसमीपमुपगच्छतः महाराजस्य लोचनगोचरे पतिता।]

सुबुद्धिः—ततस्ततः।

सुनन्दना—तदो इअं मत्थरतरलतारअं महाराअं आलोअंती ससंभमं देईपरिअणेहिं दूरदो णीदा। [तत इयं मन्थरतरलतारकं महाराजं आलोकयन्ती ससम्भ्रमं देवीपरिजनैर्दूरतो नीता।]

सुबुद्धिः—ततस्ततः।

सुनन्दना—तदो पहुदि देईभयादो बाहिजतिरोहिद-विआरो अहंणिसं मदणाणल-भमिदंतरो वट्टदि महाराओ। [ततः प्रभृति देवीभयात् बाह्यतिरोहितविकारोऽहर्निशं मदनानलभ्रमितान्तरो वर्तते महाराजः।]

सुबुद्धिः—भद्रे, तत्कथं महाराजस्य त्वरितमनया सह सङ्गमो भवति।

सुनन्दना—अज्ज मह उवायेण समुप्पण्णोज्जेव। [आर्य, ममोपायेन समुत्पन्नः एव।]

केवल आपके गुणशाली व्यक्तित्व और भावनाओं को आदर देने की भावना से वह चन्द्रकला को अपनी प्रिय सखी बनाये हुए है और उसे बड़े प्रयत्न से छिपाकर भी (इसी कारण उसने) रखा भी है। पर अभी एक बार जब महाराज सहसा महारानी से मिलने को रनिवास में चले आ रहे थे तो यह अचानक उनकी दृष्टि में (वहीं यह) आ ही गयी।

सुबुद्धि—तब फिर?

सुनन्दना—तब इसे अपने नेत्रों से एकटक महाराज को निहारते देखकर महारानी की परिचारिकाओं ने वहाँ से (तुरन्त) उसे हटाकर कहीं दूर भेज दिया।

सुबुद्धि—तब फिर?

सुनन्दना—तभी से महाराज अपने विकारों को ऊपर से दबाकर महारानी से भयभीत होते हुए दिन-रात कामानल से भ्रमितहृदय हो रहे हैं।

सुबुद्धि—तो भद्रे, अब यह भी बतलाओ कि इसके साथ महाराज का शीघ्र मिलन कैसे हो सकता है।

सुनन्दना—आर्य, वह तो मेरे ही एक उपाय से अब शीघ्र होने जा रहा है।

सुबुद्धिः—कः पुनरुपायस्ते ?

सुनन्दना—अज्ज एण्हिं महाराअ-णिओएण चंदअलां अणुसरिदुं तुवरिदा ण सक्कोमि एत्थ चिरं ठादुं । ता पच्छा कहिस्सं । [आर्य, इदानीं महाराजनियोगेन चन्द्रकलामनुसर्तुं त्वरिता न शक्नोम्यत्र चिरं स्थातुम् । तत् पश्चात् कथयिष्यामि ।] (इति निष्क्रान्ता)

सुबुद्धिः—(विचिन्त्य) तदहमपीदानीं राज्यानुसन्धानाय गच्छामि । (इति निष्क्रान्तः)

विष्कम्भकः ।

(ततः प्रविशति मदनावस्थां नाटयन् राजा विदूषकश्च)

राजा—(सचिन्तम्)

सा दृष्टिर्नवनीलनीरजमयी वृष्टिस्तदप्याननं
हेलासंमोहनमन्त्रयन्त्रजनिताकृष्टिर्जगच्चेतसः ।
सा भ्रूवल्लिरनङ्गशार्ङ्गधनुषो यष्टिस्तथास्यास्तनु-
र्लावण्यामृतपूरपूरणमयी सृष्टिः परा वेधसः ॥ ७ ॥

सुबुद्धि—क्या तुम्हारा वह उपाय मैं जान सकता हूँ ?

सुनन्दना—आर्य इस समय मैं महाराज के आदेश से चन्द्रकला का अनुसरण करने में लगी हूँ और शीघ्रतावश यहाँ अधिक देर तक टिक नहीं सकती इसलिये फिर बतला दूँगी । (जाती है)

सुबुद्धि—(विचार कर) तो मैं भी अब कुछ राजकीय कार्यों को निपटाने के लिये आगे बढ़ूँ । (चला जाता है)

विष्कम्भक ।

(कामविह्वल महाराज का विदूषक के साथ प्रवेश)

राजा—(चिन्तायुक्त होते हुए) उसकी दृष्टि अभिनव नील कमलों की वृष्टि है, सम्पूर्ण भूमण्डल के वासियों के चित्त को उसका मुख सम्मोहन मन्त्र या यन्त्र सा आकृष्ट कर रहा है, उसकी भौंहें कामदेव की धनुषयष्टि हैं तथा उसका कलेवर लावण्य की सुधा से पूर्ण सागर के समान विधाता के निर्माणकौशल की पराकाष्ठा है ॥ ७ ॥

विदूषकः—कहं सुइरोवट्ठिदं पेक्खंतो वि मं ण जाणादि पिअ-वअस्सो ? [कथं सुचिरोपस्थितं पश्यन्नपि मां न जानाति प्रियवयस्यः ।]

राजा—(पुनः 'सा दृष्टिः' इत्यादि १.७ पठति)

विदूषकः—भो वअस्स, कधं एव्वं अणणुभूदपुव्वं अहीरदां आअरंदो अम्हेहिं वि गोपेसि चित्तगदं ।] भो वयस्य, कथमेवमननुभूतपूर्वमधीरत्व-माचरन्नस्मास्वपि गोपायसे चित्तगतम् ।]

राजा—(पुनस्तदेव पठति)

विदूषकः (उच्चैः) जइ अहं रहस्सभेदभाअणं वि ण दे । ता इदो गच्छंमि । [यद्यहं रहस्योद्भेदभाजनमपि न ते : तदितो गच्छामि ।]

राजा—(विलोक्य) कथं समीप एव वर्तते मे प्रियवयस्यो रसालकः । सखे, मया खलु न विदितोऽसि धरणीचिन्तापरवशेन ।

विदूषकः—उप्पाडिदासेसकंडअस्स रज्जपालण-णिउत्तधीसइवस्स कलिद-रत्तिमेत्तकोदूहलस्स ण क्खु दे धरणीचिंदा किं तु तलुणीचिंदा । [उत्पाटिताशेषकण्टकस्य राज्यपालननियुक्तधीसचिवस्य कलितरतिमात्र कौतूहलस्य न खलु ते धरणोचिन्ता किन्तु तरुणीचिन्ता ।]

विदूषक—इस स्थान पर वहुत देर तक खड़े रहने पर भी प्रिय मित्र मुझे क्यों नहीं पहचान रहे हैं ?

राजा—(फिर 'सा दृष्टि' (१.७) इत्यादि कहने लगता है)

विदूषक—अरे मित्र, अधीर चित्त के कारण पहिले न होने वाली इस दशा में आकर भी आप आज मुझसे अपने मन की बात क्यों छिपा रहे हैं ?

राजा—(फिर वही बातें कहने लगता है)

विदूषक—(जोर से) यदि मैं आपका इतना विश्वासपात्र भी नहीं रहा तो फिर अब यहाँ से चला जाऊँगा ।

राजा—(देखकर) अरे मेरे मित्र रसालक, तुम मेरे पास ही हो ! मैंने पृथ्वी के शासन की चिन्ता में निमग्न होने के कारण अभी तक तुम्हें नहीं देखा ।

विदूषक—जिसने अपने सम्पूर्ण शत्रुवर्ग का उच्छेदन कर डाला हो, जिसने राज्यशासन चलाने के लिये मन्त्रिगण की नियुक्ति कर दी हो और अब जिसकी केवल आनन्दविहार में कौतुक करना ही चर्या बन गयी हो ऐसे आपको पृथ्वी के शासन की चिन्ता नहीं है केवल युवती की चिन्ता हो सकती है ।

राजा—आः मिथ्यावादिन्, नीचैः शंस। नीचैः शंस। यतः—

वसन्तलेखैकनिबद्धभावं परासु कान्तासु मनः कुतो नः।
प्रफुल्लमल्लीमधुलम्पटः किं मधुव्रतः काङ्क्षति वल्लिमन्याम् ॥८

विदूषकः—भो वअस्स, सच्चं। जदा पुणो मल्लिआ वि गिह्म-आल-परिणामेण ओसरणंत-महुरसा भोदि, तहा घणकाल-समागमेण अहिप्फुरंतो कदंबवल्लि सो वि अहिलसदि। [भो वयस्य, सत्यम्। यदा पुनः मल्लिकापि ग्रीष्मकालपरिणामेनापसरन् मधुरसा (अमधुरसा ?) भवति, तदा घनकालसमागमेनाभिस्फुरत्कदम्बवल्लीं सोऽप्यभिलषति।]

राजा—सखे, तूष्णीको भव। अलमनेनोपहासेन।

विदूषकः—(सरोषम्) भो वअस्स, ज्जइ दाणिं अहं रहस्सभेदभाअणं पि ण दे ता इदो गच्छह्मि। [भो वयस्य, यदीदानीमहं रहस्यभेदभाजनमपि न ते तदितो गच्छामि।] (इति गन्तुमुपक्रमते)

राजा—(करे धृत्वा) सखे, तिष्ठ तिष्ठ। तद् यथा देवी न जानाति तथा त्वयाचरणीयम्।

विदूषकः—जहा देइ जाणादि तहा एव्वं ज्जेव्व सपामि। [यदा देवी जानाति तदा एवमेव शपामि।] (इति यज्ञोपवीतं स्पृशति) एण्हिं कहेघि दाव। [इदानीं तावत् कथय।]

राजा—अरे मिथ्यावादी, जरा धीरे-धीरे बोल। क्योंकि—

एकमात्र वसन्तलेखा में आसक्त रहने वाला हमारा मन दूसरी कामिनी की ओर कैसे जा सकता है। खिली हुई चमेली के मधुपान में अटका हुआ भौंरा क्या दूसरी लता की अभिलाषा करेगा ? ॥ ८ ॥

विदूषक—मित्र, बात तो ठीक है पर ग्रीष्मकाल के कारण जब चमेली का रस कम हो (या सूख) जाता है तो वर्षा के आने पर वही कदम्बलता को चाहने लगता है।

राजा—मित्र, चुप हो जाओ। व्यर्थ का परिहास बन्द करो।

विदूषक—(क्रोध में भरकर) मित्र, इस समय मैं यदि तुम्हारा इतना विश्वासपात्र भी नहीं रहा तो फिर अब मैं यहाँ से चला जाता हूँ।

राजा—(हाथ पकड़कर रोकते हुए) मित्र, ठहरो ठहरो। अब तुम्हें ऐसे रहना चाहिये जिससे महारानी को कुछ मालूम न होने पाए।

विदूषक—महारानी को न बतलाने की मैं सौगन्ध लेता हूँ (अपने हाथ में यज्ञोपवीत ले लेता है।) अब तो कहिये।

राजा—सखेऽद्य खलु देवीसमीपमुपगच्छता मयान्तःपुरे कापि कन्यका दृष्टा। इयं खलु—

तारुण्यस्य विलासः समधिकलावण्यसम्पदो ह्रासः।
धरणितलस्याभरणं युवजनमनसो वशीकरणम्॥ ९॥

विदूषकः—तदो किं ताए पडिवण्णं? [ततः किं तया प्रतिपन्नम्?]

राजा—अनन्तरञ्च—

मुहुः स्मेरापाङ्गं दरविगलिताकुञ्चितपुटं
वितन्वाना दृष्टिं परिमितनिमेषं मयि मनाक्।
अधो विन्यस्यन्ती मुखकमकमुद्भिन्नपुलकम्
क्वचिन्नीता बाला द्रुतमहह देवीपरिजनैः॥१०॥

विदूषकः—तदो किं तए आअरिदं? [ततः किं तया आचरितम्?]

राजा - सखे, किमन्यत्। अनया खलु वध्वा निजगुणसङ्घैर्भृशं समाकृष्टचेतसः प्रसभं हृदये दिवानिशं मे भवति मदनानलो ज्वालितः।

विदूषकः—हिणामहे! ता अविलम्बिदं परिसिय दीहिओच्चिअ-सलिल-कुंभेण णिव्वाएदु एसो वण्ही। [आश्चर्यम्! तदविलम्बितं परिसृत्य दीर्घिकोद्धृतसलिलकुम्भेन निर्वाप्यतामेष वह्निः।]

राजा—मित्र, आज जब मैं महारानी से मिलने रनिवास में जा रहा था तभी वहाँ मैंने एक परम सुन्दरी कन्या देखी।

वह मानो यौवन का विलास, वृद्धिगत लावण्यसम्पत्ति का मधुर हास, पृथ्वी का भूषण और युवकों के मन को आकृष्ट करने वाला वशीकरण मन्त्र है॥ ९॥

विदूषक—तो फिर उस कन्या ने (वहाँ) क्या किया?

राजा—उसने अपनी भौंहों को थोड़ा खिलाकर और ओठों को सिकुड़ाकर मेरी ओर (अपनी) चितवन से थोड़ी देर देखकर ज्योंही फिर अपने रोमाञ्चित मुखकमल को झुका लिया तभी महारानी की दासियाँ वहाँ आ गयीं और उसे वहाँ से दूर हटाकर शीघ्र कहीं ले गयीं॥ १०॥

विदूषक—तब फिर उसने क्या किया?

राजा—मित्र, और क्या हो सकता है। उस कन्या ने अपने विलोभनीय गुणों से हमारे हृदय को अतिशय आकृष्ट कर डाला है और इसी कारण वहाँ बड़े जोर से कामाग्नि जल उठी है।

विदूषक—आश्चर्य! तो फिर जल्दी आगे बढ़कर इस वापिका से जल निकाल कर इस अग्नि को बुझा दीजिये।

राजा—(ईषद् विहस्य) सखे !

परिहाय सुधाधारां तामेव मृगलोचनाम् ।
याति निर्वाणतामेष कथ्यतां कथमन्यथा ।।११।।

विदूषक:—भो वअस्स, ता किं ईरिसावत्थागदेण वि तए एत्तिअं कालं तुण्हीकेण वट्टीअदि । अध को वा चिंतिदो ताए संगमोपाओ ? [भो वयस्य, तत् किमीदृशावस्थागतेनापि त्वया एतावन्तं कालं तूष्णीकेन वृत्यते । अथ को वा चिन्तितस्तस्याः सङ्गमोपायः ?]

राजा—सखे, अनया बद्धसख्यया सुनन्दनया कुसुमापचयव्याजादिदानीमेव लीलोपवनमानीयते तत्रैव महाराजनयनातिथिर्भवतु इति प्रतिज्ञाय[1] ।

विदूषक:—तदा पडिवाणेह्म । एत्थ अ—[ततः प्रतिपालयावः । अत्र च—]

रासी-किदाइँ मरुदा णवखंडकूड-
तुल्लप्पहाइं सहआरप्पसूणणाइं
चित्तं हरंति गुडलाडुअ-सच्चछभाआ-
क्कूरपभिण्णमउला अ असोअगुच्छा ।। १२ ।।

[राशीकृतानि मरुता नवखण्डकूट-
तुल्यप्रभानि सहकारप्रसूननानि ।
चित्तं हरन्ति गुडलड्डुक-स्वच्छभावा-
क्रूरप्रभिन्नमुकुलाश्च अशोकगुच्छाः ।।

राजा—(थोड़ा मुस्कुरा कर) अरे मित्र, उस मृगनयनी रूप अमृतधारा को छोड़कर अन्य किसी (द्रव) पदार्थ से यह आग कैसे शान्त हो सकेगी ।।११।।

विदूषक—मित्र, तो फिर ऐसी दशा में गिर कर इतना समय तुमने चुपचाप क्यों बिता डाला । अरे, उससे मिलने का भी कोई उपाय सोचा है ?

राजा—मित्र, उसी की सखी सुनन्दना ने यह प्रतिज्ञा की है कि वह उसे फूल चुनने के बहाने से इसी उपवन में अभी ले आएगी ।

विदूषक—तो हम प्रतीक्षा करेंगे । क्योंकि यहाँ—

पवन ने ताजी श्रीखण्ड की राशि के समान वर्ण वाले आम्रप्रसूनों को इकट्ठा कर डाला है और गुड़ के मोदक जैसे स्वच्छ रूपवाले ये अशोक गुच्छे भी अपने मुकुलों को शीघ्रता से विकसित करते हुए मन को हर रहे हैं ।।१२।।

---

१. प्रतिगम्य–क० ।

[ततः प्रविशति 'सखि पश्य' इति वदन्ती चन्द्रकला सुनन्दना च]

सुनन्दना—इदो इदो पिअसहिए, [इतः इतः प्रियसखि,]

चन्द्रकला—(दीर्घं निश्वस्य । स्वगतम्) अवि णाम एसो महाराओ पुणो व्वि मे लोअणपहालंकरणं भवे ! [अपि नाम एष महाराजः पुनरपि मे लोचनपथालङ्करणं भवेत् !]

विदूषकः—(अग्रतः अवलोक्य ! साश्चर्यम्) अम्मो कधं एत्थ महिदले सुरकण्णआ परिब्भमेदि ! [आश्चर्यम् । कथमत्र महीतले सुरकन्यका परिभ्रमति ।]

राजा—(सविस्मयमङ्गानि निर्दिश्य) कथमत्र—

अब्जद्वन्द्वमहर्निशं विकसितं सौवर्णमत्राहितं
रम्भास्तम्भयुगं ततश्च पुलिनं लावण्यवारिप्लुतम् ।
तस्मिन्नुन्मदकुम्भिकुम्भयुगलं रत्नैकले[2]खोद्धृतं
राजत्यत्र पुनः कलङ्करहितः शीतद्युतेर्मण्डलः ।। १३ ।।

(विचिन्त्य) नूनमियमन्तर्निहित[3]-मदनविकारा वर्तते । यतः—

(तब 'सखी देखो' कहते हुए सुनन्दना के साथ चन्द्रकला का प्रवेश)

सुनन्दना—प्रिय सखी, इधर आओ इधर ।

चन्द्रकला—(जोर से उसांस खींचकर स्वगत) क्या फिर मेरे नेत्र के पथ को महाराज अलंकृत करेंगे !

विदूषक—(सामने देखकर आश्चर्य से) अरे ! इस वृक्ष के नीचे यह देवकन्या क्यों घूम रही है ।

राजा—(विस्मय के साथ उसके अंगों को दिखलाते हुए) यहाँ यह कैसे—

इसके पृथ्वी पर रखे जाने वाले दोनों पैर सोने के कमल जैसे अहर्निश खिल रहे हैं, दोनों ऊरु कदली के स्तम्भ जैसे दिखाई दे रहे हैं और श्रोणी-प्रदेश लावण्य के जल में डूबे हुए द्वीप के समान लग रहा है, इसके दोनों उरोज उन्मद गजराज के कुम्भ के समान रत्न (के अंशों) को ऊपर उठाए दिख रहे हैं और इसका मुख निष्कलंक चन्द्रमण्डल जैसा सुशोभित हो रहा है ।। १३ ।।

(विचार करते हुए) यह भी निश्चित रूप से अन्तःकरण में काम के विकार लिए हुए है । क्योंकि—

---

१. नाटयन्ति—क० । २. कलेशोद्धृतं—क० । ३. साहित्यदर्पणे तु अन्तः-पीडितेति पाठः ।

हसति परितोषरहितं निरीक्ष्यमाणापि नेक्षते किमपि ।
सख्यामुदाहरन्त्यामसमञ्जसमेवोत्तरं दत्ते ।। १४ ।।

विदूषकः—(चन्द्रकलां निर्दिश्य) भो वअस्स, ता दाणिं इमाए सुधाधाराए णिव्वाविअदु जलिदो मयणाणलो । [भो वयस्य, तदिदानीमनया सुधाधारया निर्वाप्यतां ज्वलितो मदनानलः ।]

राजा—सखे, इदमेवोचितमिदानीम् । तथापि क्षणमिहैव लतान्तरितौ रहसि वृत्तिमालोकयावस्तावदेतस्याः । (इत्युभौ लतान्तरारे प्रविशतः ।)

चन्द्रकला—(दीर्घं निश्वस्य । स्वगतम्) हिअअ हिअअ, तादिस दुल्लह-त्थ-विहिदणिबंधस्स दे समुइदा ईदिसी अवत्था । [हृदय हृदय, तादृशदुर्लभार्थविहितनिर्बन्धस्य तव समुचितेदृश्यवस्था ।]

सुनन्दना—हला चंदअले, इदं क्खु एत्थ त्थोकुन्नदाए केसरलदाए साहाए वट्टदि रमणिज्जं कुसुमं । ता दाणिं उच्चिणोदु एदं पिअसही । [हला चन्द्रकले, इदं खल्वत्र स्तोकोन्नतायाः केसरलतायाः शाखायां वर्तते रमणीयं कुसुमम् । तदिदानीमुच्चिनोतु एतत् प्रियसखी] (इत्युभे माधवीलतायाः कुसुमावचयं नाटयतः) ।

राजा—(निशम्य) सखे शृणु तावत् । चन्द्रकलेति नामास्याः ।

यह विना प्रसन्नता के ही मुस्कराने लगती है, देखी जाने पर देखना नहीं चाहती है और अपनी सखी से सम्भाषण की जाने पर उसका असंगत-सा उत्तर दे रही है ।। १४ ।।

विदूषक—(चन्द्रकला को दिखलाते हुए) तो मित्र, अव इस सुधा की धारा से अपने जलने वाले कामानल को बुझा लीजिये ।

राजा—मित्र, इस समय यही उपयुक्त है फिर भी इन लताओं की ओट में छिपते हुए थोड़ी देर के लिये इनकी मनोभावना देखें ।

(दोनों लताओं की आड़ लेकर छिप जाते हैं ।)

चन्द्रकला—(जोरों से उसांस लेकर । स्वगत (मेरे मन, दुर्लभ पदार्थ की प्राप्ति के लिये हठ करने पर आज तेरी यह दशा उचित ही हुई है ।

सुनन्दना—सखी चन्द्रकले, देखो । केसर लता की इस थोड़ी ऊँची टहनी पर बड़ा सुन्दर पुष्प लगा हुआ है । तुम इसे तो चुन लो । (दोनों माधवी लता के पुष्पों को चुनने लगती हैं ।)

राजा—(सुनकर) मित्र, सुनो । इसका नाम चन्द्रकला है ।

विदूषकः—भो वअस्स, तुमं वि महीमहेसरो। (भो वयस्य, त्वमपि हे महीमहेश्वरः।]

राजा—ततः किम् ?

विदूषकः—ता जुत्तं क्खु दे सिरसि णिधाणं एदाए [तद् युक्तं खलु ते शिरसि निधानमेतस्याः।]

राजा—(ईषद् विहस्य) सखे, कथमीदृशो मादृशानां[1] भागधेयः।

(चन्द्रकला बाहुमुन्नमय्य उन्नतशाखागतकेशरकुसुमावचयं नाटयति)

राजा—(सस्पृहमालोक्य) सखे, पश्य खल्विदानीमेताम्। यतः

दरप्रकाशे कुचकुम्भमूले द्रुतं निपत्य द्रुतकर्बुराभे।

लावण्यपूरे विनिमग्नमुच्चैर्न मे कदाचिद् बहिरेति चेतः ॥१५॥

विदूषकः—ता अविलंबिदं केवट्टं प्पवेसिअ उत्तोलिअदु। [तदविलम्बितं कैवर्तं प्रवेश्योत्तलयतु।]

राजा—अहो ! सुबुद्धिता प्रियवयस्यस्य !

सुनन्दना—हला पेक्ख पेक्ख। इअं क्खु उम्मीलंदपरिमलं सहआरपादवं अइरेण ज्जेव आलिंगिस्सदि णवकुसमिदा बालमाहवीलदा।

विदूषक—तो मित्र, तुम भी पृथ्वी के महेश्वर हो।

राजा—तो इससे क्या ?

विदूषक—ऐसा होने पर इसे मस्तक पर धारण करने में औचित्य बन सकेगा।

राजा—(थोड़ा मुस्कुरा कर) मित्र, हमारे जैसे पुरुषों के ऐसे भाग्य कहाँ !

(चन्द्रकला अपनी भुजाओं को ऊपर उठाकर लता की ऊपरी टहनियों पर लगे केसरपुष्पों को चुनने लगती है।)

राजा—(अतृप्त होकर देखते हुए) मित्र, इस समय इसे देखो। क्योंकिमेरा मन इसके किञ्चित् प्रकट होनेवाले एवं तप्त सुवर्ण की आभा वाले उरोज कुम्भों के मूल प्रदेश में स्थित लावण्य के सरोवर में डूब गया है और अब वहाँ से किसी तरह नहीं निकल पा रहा है ॥ १५ ॥

विदूषक—तो फिर किसी दक्ष धीवर को इसमें उतार कर उसे निकलवाइये।

राजा—आपकी बुद्धिमत्ता पर बलिहारी।

सुनन्दना—सखि, जरा इधर देखो इधर। यह बाला माधवीलता अभी-

---

१. भाग्योदयः—क०।

देवी—महाराज, यह अपराध आपका नहीं मेरा है क्योंकि ऐसे बघेरे को मारने के लिये सामना करने के लिये आपके जाने पर भी आपके साथ न जाकर रनिवास में मुझे जाना पड़ा ।

विदूषक—महारानी जी, ऐसे भयानक बघेरे को मारने वाले प्रिय-

मे पारितोसिअं देइ। [निहततादृशतरक्षुं प्रियवयस्यं श्रुत्वा! किमिति न ददाति मे पारितोषिकं देवी।]

देवी—गेण्हदु पिअवअस्सो। [गृह्णातु प्रियवयस्यः] (इति कण्ठतो हारं निष्काष्य विदूषकाय प्रयच्छति)

विदूषकः—(हारमात्मनः कण्ठे निवेश्य। सहर्षम्) हो ही भो इमिणा हारेण णिउपमं सोहग्गं अहिगदो मे कंठो। ता दाणि इमं अंगुलीं इमिणा अंगुलिअएण अलंकरम्मि। [आश्चर्यम् भोः, अनेन हारेण निरुपमं सौभाग्यमधिगतो मे कण्ठः। तदिदानीमिमामांगुलीमनेनाङ्गुलीयकेनालङ्करवाणि।] (इति चेलाञ्चलाच्चन्द्रकलामुद्रिकामादायात्मनोऽङ्गुल्यां निवेश्य सगर्वमुरो विस्तीर्याङ्गुलिं प्रसारयन् देवीपरिचारिकां प्रति) दासीए दुहिदाए, पेक्खध मे सोन्देरं। [दास्याः दुहितरः प्रेक्षध्वं मे सौन्दर्यम्।]

रतिकला—(विलोक्य। जनान्तिकम्) हला, पुव्वं क्खु तए अहं असच्चभासिणी खलत्ति वहुजप्पिदा। ता पेक्ख दाणि। काए इदं अंगुलीअअं। [सखि, पूर्वं खलु त्वयाहमसत्यभाषिणी खलेति बहुजल्पिता। तत् पश्य इदानीम्। कस्याः इदमंगुलीयकम् ?]

देवी—(विलोक्य। साशङ्कम्) णं चंदअलाए! [ननु चन्द्रकलायाः!]

रतिकला—को एत्थ वि संसओ ? [कोऽत्रापि संशयः ?]

मित्र का कुशल समाचार पाकर आप मुझे पारितोषिक क्यों नहीं देतीं।

देवी—तो स्वामी के प्रियमित्र यह पारितोषिक ले लें। (अपने गले से हार निकाल कर विदूषक को दे देती है।)

विदूषक—(अपने गले में हार को पहिन कर प्रसन्नता से) ओ हो! इस माला से मेरे कण्ठ को अवर्णनीय शोभा प्राप्त होगी। इसलिये अब इस अंगुली को अंगूठी से और अलंकृत कर लेता हूँ। (अपने वस्त्र में बंधी हुई अंगूठी को निकाल कर अंगुली में पहिन लेता है और गर्व से सीना फुला कर अपनी उसी अंगूठी वाली उंगली को आगे करते हुए महारानी की दासी से) अरे दासी पुत्रियो, अब मेरी सुन्दरता तो देखो।

रतिकला—(देख कर जनान्तिक के द्वारा) सखि, आपने मुझे पहिले असत्यभाषिणी और दुष्टा कहते हुए बहुत कुछ कहा था। अब जरा ध्यान से देखिये यह किसकी अंगूठी है।

देवी—(देख कर आशंका के साथ) यह तो चन्द्रकला की है।

रतिकला—अब इसमें सन्देह तो कोई नहीं है न ?

देवी—(दीर्घमुच्छ्वस्य) अहो सव्वधा अविस्ससणीआ ज्जेव्व पुरिसा। हला रदिअले, तुरिदं एधि एधि। खणं वि एदस्स अदिदुव्विलसिदस्स अंतिए ट्ठादुं ण जुज्जदि। [अहो सर्वथा विश्वसनीया एव पुरुषाः। सखि रति कले, त्वरितमेह्येहि। क्षणमप्येतस्यातिदुर्विलसितस्यान्तिके स्थातुं न युज्यते।] (इति सत्वरमुत्थाय गच्छन्ति)

राजा - (ससम्भ्रममुपत्थायोपसृत्य करे धृत्वा)

अभिज्ञा नैव त्वं शशिमुखि विधातुं मयि रुष
विना च त्वां काचिन्नहि मदनुरागस्य विषयः।
तथापि क्षामाङ्गि स्फुरदधरबिम्बं सपदि मा-
मनामन्त्र्यैव त्वं व्रजसि कथमित्थं कथय मे।। १८।।

(देवो राज्ञो हस्तमुत्क्षिप्य सत्वरं सपरिवारा निष्क्रान्ता)

विदूषकः—(राजानमुपसृत्य) भो वअस्स, किं ति देइ तुह वि करं विक्खिविअ एत्थं सिग्घगदीए पचलिदा? [भो वयस्य, किमिति देवी तवापि करं विक्षिप्येत्थं शीघ्रगत्या प्रचलिता?]

राजा—ध्रुवं त्वत्कृतेनैव कार्येण।

विदूषकः—(सरोषम्) किं म्मए किदं? [किम् मया कृतम्?]

देवी—(जोर से उसांस लेकर) ओह! पुरुष का कभी विश्वास नहीं करना चाहिए। सखी रतिकले, जल्दी से इधर आओ। चलो, मैं इस धोखेबाज के साथ एक क्षण भी ठहरना नहीं चाहती। (जल्दी से उठकर सभी जाने लगती हैं।)

राजा—(घबड़ा कर उठता है और महारानी का हाथ पकड़ कर रोकते हुए कहने लगता है)

अरी चन्द्रमुखी, मेरे प्रति तुम्हारे हृदय में आक्रोश का भाव रहना अनुचित होगा क्योंकि तुम्हें छोड़ कर मेरे प्रेम का कोई विषय या लक्ष्य नहीं है। और इतने पर भी हे कृशांगी, मुझसे बिना पूछे ही तुम क्रोध से अपने ओठों को फड़काती हुई वेग से जो चली जा रही हो यह क्यों? इसे तो बतलाओ ।। १८ ।।

(महारानी महाराज से अपना हाथ छुड़ा कर (अपनी) दासियों और सखियों के साथ चली जाती है।)

विदूषक—(राजा के पास आकर) प्रियमित्र, महारानी आपके हाथों को भी इस तरह झिटक कर शीघ्र यहाँ से क्यों चली गयीं?

राजा—तुम्हारे किये गये कार्यों के कारण ही।

विदूषक—(क्रोध से) मैंने क्या किया?

राजा—यतः परमं करणीयं नास्ति ।

विदूषकः—अम्मो ! किं तं ? [अहो किन्तत् ?]

राजा—इदमेव चन्द्रकलाङ्गुलीयकदर्शनम् ।

विदूषकः—(दन्तैर्जिह्वामापीड्य) अपि दाव कधं ताओ दासीदुहिदाओ ऐक्खिअ एत्थमुबगदो मं चिद्दसंमोघो । ता दाणिं एदु एदु प्पिअवअस्सो । जधा देइ प्पसाद गच्छेदि जधा अ तुह चंदअलाए पुणो वि समाअमो होदि तधा अहं ज्जेव्व संपादइस्सं । [अपि तावत् कथं ताः दासीदुहितरः प्रेक्ष्येत्थमुपगतो मां चित्तसम्मोहः । तदिदानीमेतु एतु प्रियवयस्यः । यथा देवी प्रसादं गच्छति यथा च तव चन्द्रकलया पुनः समागमो भवति तथाहमेव सम्पादयामि !]

राजा—तत् किमधुना विधेयम् ?

विदूषकः—भो वअस्स, ता दाणिं पढ़मं देवीं ज्जेव्व प्पसादेह्म । [भो वयस्य, तदिदानीं प्रथमं देवीमेव प्रसादयावः]

(इति निष्क्रान्ताः सर्वे)

इति द्वितीयोऽङ्कः ।

राजा—ऐसा कार्य जिससे अधिक बुरा दूसरा कार्य नहीं हो सकता था।

विदूषक—ओह ! यह क्या था ?

राजा—चन्द्रकला की इस अंगूठी को दिखलाना ।

विदूषक—(दाँतों से अपनी जीभ काट कर) अच्छा तो उन दासीपुत्रियों को देखकर मेरे मन को इस प्रकार का मोह उत्पन्न हो गया होगा । खैर ! प्रियमित्र, अब तुम इस समय मेरे साथ चले आओ । महारानी को जिस किसी तरह भी मना कर चन्द्रकला से तुम्हारा पुनः मिलन करवाने का कार्य जैसे भी बनेगा वह सभी कार्य मैं ही पूर्णतः सम्पन्न कर लूँगा ।

राजा—तो फिर अभी क्या किया जाए ?

विदूषक—मित्र, हम सबसे पहिले महारानी को ही प्रसन्न करने के लिये चलें ।

(सभी का प्रस्थान)

द्वितीय-अङ्क समाप्त ।

— :o: —

अथ तृतीयोऽङ्कः

(ततः प्रविशति विदूषक)

विदूषकः—ही ही भोः अज्ज क्खु मए तधा वंचअत्तेण तधा किदावराधेव्वि पिअवअस्से प्पसादं गमिदा पउदिसुउमारहिअआ देइ। ताए एव्व दाणिं चंदअला अविदिददोसा सुणंदणाए घरे गोविदत्ति कधिदं मे सुणंदणाए (विचिन्त्य) ता दाणिं विलहावत्थावाउलीकिदस्स पिअवअस्सस्स एदाए संगमे मह किलेसो लहूकिदो देईए। अवि अ मंतिदं अ मए सह सुणंदणाए। अज्ज णिसाए चंदअलां पच्छण्णरूवां केलिवणंतरे प्पवेसिअ पिअवअस्सेण समं एसा संगमिदव्वेत्ति। ता जहा दाणिं एदं सुवुत्तंत्तं देई ण जाणादि ता सहलो भविस्सेदि मे सअलो पआसो। (विचिन्त्य) अवि दाव एदं वुत्तंत्तं रक्खंतेण मए केतिअं कालं जीहाजंतणा अणुभवीअदि। (पुरोऽवलोक्य) का एसा ? इअं क्खु देइपरिआरिआ माहविआ व्विअ दीसदि। [आश्चर्यं भोः ! अद्य खलु मया तदा वञ्चकत्वेन तथा कृतापराधेऽपि प्रियवयस्ये प्रसादं गमिता प्रकृतिसुकुमारहृदया देवी। तयैवेदानीं चन्द्रकला अविदितदोषा सुनन्दनायाः गृहे गोपितेति कथितं मे सुनन्दनया। (विचिन्त्य) तदिदानीं विरहावस्थाव्याकुलीकृतस्य प्रियवयस्यस्य एतया सङ्गमे मम क्लेशः लघूकृतः देव्या। अपि च मन्त्रितं च मया सह सुनन्दनया–अद्य निशायां चन्द्रकलां प्रच्छन्नरूपां केलिवनान्तरे प्रवेश्य प्रिय-

---

(विदूषक का प्रवेश)

विदूषक—ओ हो हो ! आज मैंने अपनी चालाकी से आखिर उस सहज कोमल हृदय महारानी को प्रसन्न कर ही डाला जो प्रियमित्र के अपराध के कारण रुष्ट हो गयी थीं और निर्दोष चन्द्रकला को भी जिसने बिना किसी अपराध के सुनन्दना के घर में छिपवा दिया है। पर सुनन्दना से यह बात मुझे किसी प्रकार विदित हो गयी है। (सोच कर) इस प्रकार इस समय तो महारानी ने ही चन्द्रकला के साथ मेरे मित्र महाराज के मिलन में होने वाली भारी रुकावट को कम कर डाला है और मैंने सुनन्दना से सलाह करते हुए एक बात निश्चित कर डाली है जिसके अनुसार आज ही रात्रि में चुपचाप छिपा कर चन्द्रकला को भिजवा दिया जाएगा जिससे मेरे प्रियमित्र के साथ उसका मिलन सम्भव हो जाए। अब यदि मेरे इस कार्य का पता महारानी को न लगे तो

वयस्येन समम् एषा सङ्गमयितव्या इति। तद् यदेदानीमेतं सुवृत्तान्तं देवी न जानाति तत् सफली भविष्यति मे सकलः प्रयासः। (विचिन्त्य) अपि तावदेनं वृत्तान्तं रक्षता मया कियन्तं कालं जिह्वायन्त्रणानुभूयते (पुरोऽवलोक्य) का एषा ? इयं खलु देवीपरिचारिका माधविकेव दृश्यते।]

(ततः प्रविशति माधविका। विदूषकः तां विलोक्य करेण मुखमाच्छादयति)

माधविका—(विलोक्य) अम्मो! कुदो एसो बुढ्ढो (बुढ्ढ) बंभणो मं पेक्खिअ पुणो पुणो अत्तणो वदणं ढक्केदि। ता पुच्छामि णं (इत्युपसृत्य) अज्ज, वंदामि। [आश्चर्यम् ! कुतः एष वृद्धोब्राह्मणः मां प्रेक्ष्य पुनः पुनर्वदनम् आच्छादयति ! तत् पृच्छाम्येनम् (इत्युपसृत्य) आर्य, वन्दे।]

(विदूषकः पुनस्तथा करोति)

माधविका—अज्ज, किमेवं वअणं ढिक्किअदि ? [आर्य, किमेवं वदनमाच्छाद्यते ?]

(विदूषकः पुनस्तथा करोति)

माधविका—(अञ्जलिं बद्ध्वा) पसीददु मे अज्जो। ण गोवायदु रहस्सं। [प्रसीदतु मे आर्यः। न गोपायतु रहस्यम्।]

प्रयास सफल हो जाएगा। (सोचते हुए) और इस बात को कुछ समय तक गुप्त रखने के दायित्व के कारण आज मेरी जिह्वा बड़े कष्ट में पड़ गयी है। (सामने देख कर) अरे यह कौन है ? यह तो महारानीजी की दासी माधविका सी प्रतीत हो रही है।

(माधविका आती है। विदूषक उसे देखकर दोनों हाथों से अपना मुँह छिपा लेता है।)

माधविका—(देख कर) अरे ! यह वृद्ध ब्राह्मण मुझे देख कर आज अपना मुँह बार बार क्यों छिपा रहा है। इसलिए जरा इससे पूछती हूँ। (समीप जाकर) आर्य प्रणाम।

(विदूषक फिर वही करने लगता है।)

माधविका—आर्य, आज अपना मुँह इस तरह आप क्यों छिपा रहे हैं ?

(विदूषक चुपचाप फिर वैसा ही करने लगता है।)

माधविका—(दोनों हाथ जोड़ कर) आर्य, मुझ पर प्रसन्न हो जाएँ और कोई रहस्य भी हो तो उसे मुझसे न छिपाएँ (यही प्रार्थना है)।

विदूषकः—भोदु । ता को वि ण जाणादु । एवं व्विअ । [भवतु । तत् कोऽपि न जानातु । एवमिव] (इति कर्णे कथयति)

माधविका—(स्वगतम्) अहो साहसो बुद्धबम्भणस्स । ताए उण गब्भदासीए सुणंदणाए कहं एवं दुक्कर आचक्खिअदि । ता देइए णिवेदिअ प्पसादं लभिस्सं (प्रकाशम्) अज्ज, गच्छेम्हि सामिणी-णिओअं अणुचलिदुं । [अहो साहसो वृद्धब्राह्मणस्य ! तथा पुनर्गर्भदास्या सुनन्दनया कथमेवं दुष्करमाचक्ष्यते । तद् देव्यै निवेद्य प्रसादं लप्स्ये (प्रकाशम्) आर्यं, गच्छामि स्वामिनीनियोगम् अनुचरितुम् ।]

विदूषकः—अहं पि दाणिं गच्छेमि समोहिदं संपादेदुं । [अहमपीदानीं गच्छामि समीहितं सम्पादयितुम् ।] (इति निष्क्रान्तौ)

प्रवेशकः ।

(ततः प्रविशति मदनावस्थां नाटयन् राजा)

राजा—(सनिर्वेदं दीर्घं निश्वस्य)

आयान्तीमधिगत्य मत्परिसरं देवीं परित्यज्य मां
निर्गच्छन्त्यपि सम्भ्रमेण सुदती किञ्चित्परावृत्य सा ।
दृष्टिं यच्छति याप्युदश्रुकलुषामुत्थाय तावन्मया
तस्यास्तन्मुखमुन्नमय्य सहसा किं नाम नो चुम्बितम् ।।

विदूषक—हाँ ! अच्छा । पर तुम इसे किसी को मत बतलाना । यह है ऐसा (कान में कह देता है) ।

माधविका—(स्वगत) ओह ! इस वृद्ध ब्राह्मण का इतना हौसला बढ़ गया और वह गर्भदासी सुनन्दना भी इस तरह के काम करने लगी है । मैं यह बात महारानी जी को बतलाकर अच्छा पारितोषिक प्राप्त करूँगी । (प्रकट) अच्छा आर्य, अब मैं अपनी स्वामिनी की आज्ञाओं के अनुसार कार्य करने को जा रही हूँ ।

विदूषक—और मैं भी अपना अभीष्ट कार्य करने के लिए जाना चाहता हूँ ।

(दोनों का प्रस्थान)

प्रवेशक ।

(काम-सन्तप्त अवस्था में महाराज का प्रवेश)

राजा—खेद के साथ जोरों से उसाँस लेकर) जब मेरे समीप महारानी के आने का समाचार सुनकर घबड़ाती हुई मुझे छोड़कर चली जाने वाली उस सुन्दर दाँतवाली प्रियतमा ने थोड़ा पीछे मुड़कर आँसुओं से भीगी हुई

(स्मरणमभिनीय)

श्रयति मयि समीपं स्मेरवक्त्रारविन्दं
स्फुरदधरपुटान्त दर्शितभ्रूविभेदम् ।
अलसवलिततार किञ्चिदाकुञ्चिताक्षं
कवलयति मनो मे पक्ष्मलाक्ष्याः कटाक्षः ॥ २ ॥

तत् कथं पुनरवलोकयामि समदनवेदनान्धकारशमनीं प्रियतमामिमां चन्द्रकलाम् । (विचिन्त्य) तदिहैव तावत्--विकसितकुसुमभरशीतलामोदमेदस्विनि निरन्तरनवपल्लवप्रताननिवारिततरणिकिरणप्रवेशे रसालतरुतले नीलमणिशिलामध्यासीनो निर्वापयामि प्रेयसीविरहसन्तप्तमात्मानम् (इति परिक्रम्योपविश्य च) अये ! कथमसौ सहकारः समन्ततः सम्फुल्लकुसुमपरागैः प्रेयसीविरहविधुरं मामत्यन्तमुद्वेजयति । (विचिन्त्य) एष खलु मयैव चिरपालितो न लङ्घयिष्यति मे वचनम् । तदेनमेव सदैन्यं निवेदयामि । [इति साञ्जलिबद्धम्]

अपनी दृष्टि को ऊपर उठाकर मुझे देखा था तभी मैंने सहसा उसके मुख को ऊपर उठा कर (आश्वस्त करते हुए) उसे (या उसके मुख को) क्यों नहीं चूम लिया ॥ १ ॥

(स्मरण करते हुए)

जिसने मेरे समीप आ जाने पर (अपने) मुखकमल को प्रफुल्लित कर लिया, जिसमें ओष्ठपुट फड़क रहे हैं और भ्रूभङ्ग हो रहे हैं, आलस्यवश पुतलियाँ घूम रही हैं और नेत्र थोड़े संकुचित से हैं ऐसा उस कमलनयना का कटाक्ष आज मेरे मन को निगल रहा है ॥ २ ॥

तब अब मैं अपनी प्रियतमा चन्द्रकला को—जो मदनवेदना के अन्धकार की विनाशिका हो—कहाँ देखूं ! (विचार कर) तो मैं यहीं पर इसी आम्र-वृक्ष की छाँह में रखी हुई नीलमणि शिला पर बैठकर प्रिया के विरह से सन्तप्त (अपने) शरीर को शीतल करूं जहाँ (अतिशय) कुसुमों के खिलने से जोरों से सुवास फैली हुई है और जहाँ नवपल्लवों के घनेपन के कारण (छाँह बढ़ जाने से) सूर्य की किरणों का प्रवेश नहीं हो पाया है । (घूमकर बैठते हुए) अरे ! यह आम्रवृक्ष भी अपने चारों ओर खिले हुए कुसुम एवं पराग के द्वारा प्रिया के विरह से तप्त रहने वाले मुझे पीड़ित करने लगा है । (विचार कर) पर मैंने इसका पालन-पोषण किया है इसलिये यह मेरे कथन का उल्लंघन नहीं करेगा । इसलिये अपनी दीन दशा को इसे ही बतला दूं ! (अपने दोनों हाथ जोड़कर)

हं हो चूतमहीरुह त्वमिह नः स्नेहेन वृद्धिं गत-
स्तत् किं माममभिवर्षसि प्रति मुहुर्धूलिच्छलान्मुर्मुरैः ।

(विभाव्य) कथमित्थं प्रार्थ्यमानोऽपि मयि तथैव परिपन्थित्वमाचरसि । (स्मरणमभिनीय)

आँ ज्ञातं कुसुमान्यमूनि विशिखान्निर्माय पञ्चायुधः
पञ्चत्वं जगतीं नयत्यविरतं तेनावलेपस्तव ॥ ३ ॥

तदलमिदानीमचेतने भवत्यत्यन्तं कृपणताप्रकाशनेन । पञ्चायुधमेव तावत् प्रार्थये यत्प्रसादात्तवायमीदृशो गर्वः । (आकाशं लक्ष्य अञ्जलिं बद्ध्वा)

किं कन्दर्प मुखं विधाय मधुपैः पक्ष नवैः पल्लवै-
रेभिश्चूतशरैः करोषि जगतीं जेतुं प्रयासं मुधा ।
निद्रातुं शयितुं प्रयातुमथवा स्थातुं क्षमः को भवे-
देकोऽसौ कलकण्ठकण्ठकुहरे जागर्ति चेत् पञ्चमः ॥४॥

अरे रसाल ! मैंने बड़े स्नेह से पाल कर तुझे इतना बड़ा किया है तो फिर तुम बार-बार अपनी पराग उड़ाने के बहाने से इस जलते हुए भूसे को मुझ पर क्यों प्रतिक्षण बरसाने लगे हो ।

(विचार कर) और इतनी प्रार्थना करने पर भी तुम उसी तरह शत्रुता क्यों बरत रहे हो ? (याद करते हुए)

अच्छा ! अब समझा । तुम्हें इसी कारण गर्व है कि मदन तुम्हारे ही पुष्पों का तीर बनाकर संसार का सदा हनन करता है ॥ ३ ॥

तुम्हारे जैसे निश्चेतन के सम्मुख अपनी दीनता प्रदर्शित करने से कोई लाभ न होगा । अब मैं उस मदन की ही प्रार्थना करता हूँ जिसकी कृपा से तुम्हें इतना गर्व हो रहा । (आकाश की ओर लक्ष्य कर हाथ जोड़ते हुये)

ओ मदन, तुमने अपने बाणों का मुख भौरों से और उसके पंखों का नव-पल्लवों से निर्माण किया है तो फिर इन बाणों से व्यर्थ ही संसार-विजय का प्रयास करते हो । तुम्हारे इस अकेले पञ्चम स्वर कलकण्ठ (कोकिल) के सामने भी क्या कोई नींद लेने, सो जाने, चले जाने या खड़े रहने में समर्थ हो सकता है ॥ ४ ॥

(विचिन्त्य) अये, कथं त्वमपि नामैवं प्रार्थ्यमानोऽपि निशितशर-निपातेन कृन्तसि मे हृदयम् ? शृणु तावत्—

शरस्ते दुर्वारः स्मर पुरहरस्यान्तभिदुरः

फलं किं नामासावधिकमधिगन्तुं तुदसि माम् ।

(विचिन्त्य)

अलं वा दैन्येन त्वयि यदखिलस्यापि जगतो

मनो मथ्नासीति प्रथितिरिह ते मन्मथ इति ।। ५ ।।

(पुनः विचिन्त्य) कथं मयापि दुरवसितार्थप्रार्थनेनात्मा सन्तापनीयः। तथाहि—

सन्तः[1] सन्तु पराङ्मुखाः,

(सोत्कण्ठम्)

सुमुखि मां किं नाम नो भाषसे

(पुनर्विचिन्त्य) आः कथं नाम लोकेषु विवेकितया प्रथितिमासादय-तापि मया निष्फलप्रयासोऽयमनुभूयते (विचिन्त्य) तथाहि—

मूढानां वितथप्रयासपरता,

(विचार कर) और तुम इतनी प्रार्थना करने पर भी अपने तीक्ष्ण बाणों के द्वारा मेरे हृदय को छेद रहे हो । जरा सुनो तो—

अरे मदन, तुम्हारा अमोघ बाण त्रिपुरान्तक शिवजी के हृदय को वींध सकता है फिर भी मुझे कष्ट दे कर अब तुम्हें और किस फल की अधिक प्राप्ति होगी ? (विचार कर)

या फिर मुझे अपनी दीनता तुम्हें दिखलाना व्यर्थ प्रतीत हो रहा है क्योंकि संसार के समग्रप्राणियों के मन को व्यथित करने के कारण ही तुम्हें 'मन्मथ' के नाम से प्रसिद्धि प्राप्त हुई है ॥ ५ ॥

(फिर विचार करते हुए) और मुझे भी दुर्लभ वस्तु की अभिलाषा करते हुए अपनी आत्मा को सन्ताप नहीं देना चाहिए । क्योंकि—

चाहे सज्जन मुझसे दूर हट जाएं (उत्कण्ठित होकर)

सुन्दरी, तुम मुझसे संभाषण क्यों नहीं करती ।

(फिर विचार करते हुए) अरे ! संसार में मेरी विवेकी पुरुष के रूप में जब प्रतिष्ठा है तो इस व्यर्थ के प्रयास को क्यों अनुभव में लाया जारहा है । (विचार कर) क्योंकि—

व्यर्थ के प्रयासों में लगे रहना मूर्खों की आदत होती है ।

---

१. सन्तोऽस्यन्तु—मू० पा० ।

(सदैन्यम्)

मा मुञ्च वामाक्षि माम् ।

(पुनर्विचिन्त्य) अलमकारणमनारतं देवीप्रकोपभीतिकातरस्य मामैव-मारम्भः । तथाहि एवं सति—देवी कुप्यत्ति,

(सोद्वेगम्)

किं प्रपृच्छसि परीरम्भं न रम्भोरु मे ।

(पुनर्विचिन्त्य । सधैर्यावष्टम्भम्)

चेतः प्रार्थयसे किमन्यसुलभम्

(सौत्सुक्योद्वेगम् । सवाष्पगद्गदम्)

हा ! क्वासि मे प्रेयसि ॥ ६ ॥

किञ्च,

हा वामाक्षि कटाक्षमारचयसि प्रेम्णा मयि प्रेयसि

(विभाव्य । सविषादम्)

स्मेरेन्दीवरगर्भतः कुत इयं निर्याति भृङ्गावलिः ॥

(दीनता के साथ) अरी स्नेह से मादक दृष्टि रखनेवाली सुन्दरी, तुम मुझे मत छोड़ो ।

(फिर विचार करते हुए) जब मैं अकारण ही महारानी के क्रोध से डरता हूँ तो फिर ऐसे कार्यों का आरम्भ व्यर्थ होगा क्योंकि ऐसा करने पर—महारानी क्रुद्ध हो जाएँगी ।

(घबड़ाहट के साथ) अरी सुन्दरी, तुम (मेरे) आलिंगन के विषय में क्या पूछना चाह रही थी ?

(फिर विचार कर धैर्यधारण कर स्थिरता के साथ) अरे मेरे मन, क्या तुम किसी सरलता से मिलने वाली वस्तु की अभिलाषा किये हो ?

(उत्सुकता और उद्वेग के साथ आँसुओं से रुँधे कण्ठ के साथ) आह ! मेरी प्रिये, तुम कहाँ हो ? ॥ ६ ॥

और भी, ओ मेरी प्रिये, तुम अपने कटाक्षपूर्ण लोचनों से मुझ प्रियतम को देखने लगी हो ।

(विचार कर खेद के साथ)

खिले हुए नील कमलों के बीच से भौरों की यह पांत कहाँ से निकल रही है ।

(ककोकिलध्वनिमनुभूय । । सवितर्कम्)

किं नाम्ना विदधासि सुन्दरि,

(निरूप्य)

कथं क्रीडापिकीनिस्वनः ?

(पुनरन्यतो विलोक्य । सहर्षम्) जितं मया ।

किं प्राप्तासि कृशोदरि,

(सनैराश्यम् । दीर्घं निश्वस्य) आः कथं मम भाग्यविपर्ययेण ।

स्तबकिनी वल्लीयमुत्पल्लवा ।। ७ ।।

(इति मूर्च्छितः पतति । पुनः समाश्वस्योत्थाय दिशोऽवलोक्य च उच्चैः कारम्) ननु भोः क्रीडावनविहारिणः तरुमृगविहङ्गमाः, जानन्ति भवन्तः कुतो मे प्रियतमेति ।

(विभाव्य) अये, कथमयमशोकश्चलता किसलयकरेण मामाकारयति । एष खलु मे कथयिष्यति प्रियतमावृत्तान्तम् । तदुपसृत्य पृच्छामि (इत्युपसृत्य ।)

(कोयल की ध्वनि सुनने की अनुभूति कर सन्देह के साथ)

सुन्दरी, तुम किस का नाम ले रही हो ।

(ध्यान से देख कर) और यहाँ इस क्रीड़ा कोकिला का आलाप क्यों हो रहा है ।

(फिर इधर उधर देख कर प्रसन्नता से) अरे ! मैं जीत गया । अरी कृशोदरी, तुम यहाँ आ ही गयी न ।

(निराशा के साथ जोर से सांस लेते हुए)

ओह ! मेरे विपरीत भाग्य के कारण यह तो गुच्छों से लदी विकसित पल्लव वाली लता है ।। ७ ।।

(मूर्च्छित होकर पृथ्वी पर गिर पड़ता है । फिर होश आने पर उठ बैठता है और चारों ओर देख कर जोर से) ओ इस उपवन में स्थित रहने वाले वृक्षों, पशुओं एवं पक्षियों, क्या आप मेरी प्रेयसी का पता बतला सकते हो ?

(ध्यान से देख कर) अरे ! यह अशोक वृक्ष अपने हिलते हुए पत्तों के हाथ से मुझे क्यों बुला रहा है । यह मुझे मेरी प्रियतमा का समाचार निश्चित ही बतला सकता है । तो मैं इसी के समीप जाकर पूछता हूँ । (समीप जा कर)

त्वमशोक शोकमपहृत्य मामकं
कुरु तावदाशु निजनाम सार्थकम् ।
अवलोकिताऽत्र भवता यदि सा
क्व नु विद्यते ननु निगद्यतां तदा ॥ ८ ॥

(विभाव्य) अये कथमिदानीमिहाहूय मामकथयित्वा प्रियावृत्तान्तं मौनमवलम्ब्यसे ।

(सरोषम्) अये मृषावञ्चक, तदिह न चिरादेव दावानलस्य विषयी भविष्यति भवानेकः । (पुनरन्यतो गत्वा । सवितर्कम्) नूनमनेन सर्वतश्चरता चञ्चरीकेण विदिता भविष्यति सा । तदेनमेवोपसृत्य पृच्छामि । (इत्युपसृत्य । सविनयम्)

भ्रातर्द्विरेफ भवता भ्रमता समन्तात्
प्राणाधिका प्रियतमा मम वीक्षिता किम् !
(झङ्कारमनुभूय सानन्दम्)
ब्रूषे किमोमिति सखे कथयाशु तन्मे
किं किं व्यवस्यति कुतोऽस्ति च [1]कीदृशीयम् ॥९॥

(निश्वस्य) हा निर्दय, जानामीत्युक्तवानपि अकथितप्रियावृत्तान्तः

अरे अशोक, मेरे शोक को शीघ्र दूर कर तुम अपने नाम को सार्थक करो । यदि तुमने मेरी प्रिया देखी हो तो बतलाओ कि अब वह कहाँ है ॥ ८ ॥

(पहिचान करते हुए) अरे ! मुझे यहाँ बुला कर अब तुम बिना मेरी प्रिया का कुछ भी समाचार बतलाए चुपचाप खड़े हो ।

(क्रोध के साथ) अरे ! झुठे धोखेबाज, तुम ही दावानल के शिकार होने वाले हो । (दूसरी ओर मुड़ कर आशंकित होते हुए) इस भौंरे को-जो सदा चारों ओर घूमता रहता है—उसका निश्चित ही पता होना चाहिए । तो अब मैं इसी के पास पूछने को चलूँ । (उसके पास पहुँच कर विनय पूर्वक)

अरे भाई भौंरे, तुम तो चारों दिशाओं में घूमते फिरते हो । क्या तुमने मेरी प्राणों से भी अधिक प्रियतमा को (भी) कहीं देखा है ?

(भौरों की गुंजार सुनकर प्रसन्नता से)

अरे मित्र, क्या तुम 'हाँ' कर रहे हो । अच्छा तो फिर मुझे शीघ्र बतलाओ कि वह क्या कर रही है, किधर है और उसकी दशा कैसी है ॥ ९ ॥

(निसांस लेते हुए) ओ निर्दयी, 'मैं जानता हूँ' ऐसा बतलाकर भी

१. कीदृशी सा—मू० पा० ।

कथं व्रजसि परिहाय मामशरणम् ! (सरोषम्) अये, कथं नाम केतक-कण्टकावलिग्रथितविग्रहो न मरणमधिगच्छत्ययं पाप !! (कोकिलध्वनि-मनुभूय । निपुणं विभाव्य) अये, सत्यमिदानीम्—

कुहूमाकारयत्येष कुहूकण्ठो मुहुर्मुहुः ।
तत् कथं परिदृश्येत प्रिया चन्द्रकला मम ॥ १० ॥

तदेनमेवानुनीय निवारयामि । (इति कोकिलमुपसृत्य । सविनयम्)

विश्राम्यतु कुहूकण्ठ कुहूरिति तव ध्वनिः ।
यत्तया नैति साम्मुख्यं प्रिया चन्द्रकला मम ॥११॥

(सरोषम्) आः कथं प्रार्थ्यमानोऽपि तथैव व्याहरसि ? (विचिन्त्य) भवतु । परव्यसनसंतृप्तं न पुनरेनं मलिनात्मानं प्रार्थयिष्ये । तदितोऽन्यतो गत्वापि प्रियतमामन्वेषयामि । (कतिचित्पदानि गत्वा मलयानिल-स्पर्शमनुभूय । सोद्वेगम्) अहो । किमिदानीं दरदलितकेतकपरिमलमिलद-विरलभ्रमरझङ्कारमुखरिताशामुखश्चन्दनानिलोऽपि मामुत्तापयति । भवतुः तदेनमेवमनुनयामि । (इति सविनयम् ।)

मुझे बिना प्रिया के समाचार देते हुए अकेला छोड़कर क्यों भाग रहे हो । (क्रोध में) ओह ! केतकी के कण्टकों में अपने शरीर को बिंधवा कर रखने पर भी यह पापी क्यों नहीं मर जाता ! (कोकिल की ध्रुनों का अनुभव कर और ठीक से पहिचानते हुए) अरे ! इस समय तो सचमुच ही—

यह कुहू कण्ठ कोकिल अपनी कुहू कुहू की ध्वनि से बार बार 'कूहू' को बुला रहा है जिससे मेरी प्रिया चन्द्रकला का मुझे सामुख्य प्राप्त न हो पाए ॥ १० ॥

इसलिये मैं इसे नम्रता पूर्वक मनाकर (अपने कार्य से) रोकता हूँ। (कोकिल के पास पहुँच कर विनयपूर्ण स्वरों से)

अरे ! कोकिल, तुम अपनी 'कुहू कुहू' ध्वनि को बन्द कर दो, क्योंकि इसी कारण मेरी चन्द्रकला मेरे सम्मुख नहीं आ रही है ॥ ११ ॥

(क्रोध के साथ) अरे ! इतनी प्रार्थना के बाद भी तुम फिर उसी तरह बोल रहे हो (विचार कर) अच्छा जाने दो । दूसरों की विपत्ति में प्रसन्न होने वाले इस मलिन वर्ण से क्या प्रार्थना की जाए । यहाँ से आगे बढ़कर मैं स्वयं ही अपनी प्रिया को ढूंढ लूंगा । (कुछ दूर जाकर मलयानिल का स्पर्श प्राप्त कर घबड़ाहट के साथ) केतकपुष्पों के थोड़े खिलने से उनकी सुगन्ध से खिंचकर बैठे हुए भौंरों की गुंजन से दिशाओं को गुंजित करने वाला

धीरसमीरण दक्षिण सरसिजशीतल किं मां दहस्येवम् ।
(सविमर्शम्)
जाने चन्दनशैलद्विजिह्वसंसर्गदूषितस्त्वमपि ॥ १२ ॥

(नेपथ्ये)

अहो ! पश्यत । पश्यत—

आस्तीर्णा इव नीलचेलनिचयैः पूर्णा इवेन्दीवरै-
राकीर्णा इव चूर्णितैर्मृगमदैः पूर्णा इवाभ्रैर्नवैः ।
रुन्धानेन विगृह्य लोचनपथं मेद्येन सूचीमुखै-
राच्छन्नास्तमसा तमालमलिनच्छायेन सर्वा दिशः ॥१३॥

राजा—(निशम्य । समन्तादवलोक्य च) अये ! कथमिदानीम्—

आलोकाय भवन्ति न व्रततयो नैणा न भूमिरुहो
नाकाशं न वसुन्धरा न हरितो नाक्षाणि नाङ्गानि वा ।

यह मलयानिल मुझे अब क्यों कष्ट दे रहा है। खैर ! तो अब इसी की थोड़ी प्रार्थना की जाए। (विनयपूर्वक)

अरे धीर पवन, तुम चतुर, आज्ञाकारी और कमल के स्पर्श से अपना शरीर शीतल रखकर भी मुझे अपने स्पर्श से क्यों जला रहे हो?

(विचार कर) ऐसा प्रतीत होता है कि मलयाचल पर (विद्यमान चन्दन वृक्षों पर) स्थित सर्पों के संसर्ग के कारण तुम्हारा हृदय भी दूषित हो चुका है ॥ १२ ॥

(नेपथ्य में)

अरे ! देखो; देखो !!

तमाल के सदृश मलिन आभावाले इस अंधकार ने सभी दिशाओं को ढँक दिया है इसलिये ऐसा लगता हैं कि ये नीलवस्त्रों से आच्छादित कर दी गयी हो या नील कमलों से भर दी गयी हो या कस्तूरी की बुकनी सभी ओर बिछा दी गयी हो या काले बादलों को चारों ओर छा दिया गया हो और इसी कारण रात्रि के इस सूचीभेद्य अंधकार ने नेत्रों के मार्ग को अवरुद्ध कर दबा डाला है ॥ १३ ॥

राजा—(सुनकर और चारों ओर देखते हुए) अरे ! इस समय यह कैसे?

(क्योंकि) अभी न तो लताएँ ही दिखलाई पड़ रही हैं, न मृग, न वृक्ष न आकाश, न पृथ्वी, न दिशाएँ, न इन्द्रियाँ और न अंग ही दिखाई दे रहा है।

---

१. शैलाद् द्विजि—क० ।

रुद्ध्वानेन कुतश्चिदेत्य जगतीं कस्मादकस्मादहो
सर्वं क्वापि निरन्तरेण तमसा संहृत्य नीतं बलात् ॥१४॥

(विचिन्त्य)

दुर्लक्ष्योऽपि भवति नितरां बाणघातः परेषा-
मस्यत्वेवं कथमितरथा जायते पुष्पकेतोः ।
ध्वान्तच्छन्ने जगति परितश्चापमाकृष्य रोषा-
दित्थं यस्मादधिकमधुना मामयं निर्भिनत्ति ॥१५॥

(पुनर्विचिन्त्य) कथमिदानीं चीयते प्रियवयस्यो मे रसालकः । यतः सुहृत्प्रकाशितः खलु शिथिलीभवति सकलोऽप्यान्तरः क्लेशः ।

(ततः प्रविशति विदूषकः)

विदूषकः—कहिं दाणिं पेक्खामि एत्थ घोरे अधआरे कहिं पि लुढंतं मयणवेअणाउव्विग्गं पिअवअस्सं । (अग्रतोऽवलोक्य) कधं इधज्जेव्व अणवरणाहरणप्पदाअभासुलो दीसदि वादुलो विअ परिब्भमंदो एसो । ता दाणिं एदस्स पिअं णिवेदिअ सअलाणं वि मंतिवराणं सिरे चलणं दइस्सं । [कुत्रेदानीं पश्यामीहघोरेऽन्धकारे कुत्रापि लुठन्तं मदनवेदनोद्विग्नं प्रियवयस्यम् । [अग्रतोऽवलोक्य] कथमिहैवानावरणाभरणप्रतापभासुरो

कहीं से आकर सहसा इस विश्व को अवरुद्ध कर देने एवं निरन्तर घने होने वाले इस अन्धकार ने तो हठात् सभी को घर दवाया है । ॥१४॥ (विचार कर)

(किन्हीं) अन्य पुरुषों से चलाये गये वाणों का निशाना चूक सकता है परन्तु काम के वाण कभी अन्यथा लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकते । जब यह क्रोध से अपने धनुष को खींच कर अंधकार से ढंके हुए विश्व में भी वाण छोड़कर मुझे बींधकर चलनी बना रहा है ॥ १५ ॥

(फिर विचार करते हुए) मैं अपने मित्र रसालक को अब कहाँ ढूढूं ? क्योंकि अपने मित्र के सम्मुख प्रकट कर देने से आन्तरिक सन्ताप हलका हो जाता है ।

(विदूषक का प्रवेश)

विदूषक—अब मैं कामवेदना से इधर उधर तड़फने वाले अपने प्रिय मित्र को इस घने अँधेरे में कहाँ देखूं । (आगे देखते हुए) अरे ! यह तो यहीं घूमने वाले वातुल के समान बिना उचित वस्त्र एवं अलंकारों को धारण किये हुए प्रताप मात्र से प्रकाशित सा दिखाई दे रहा है । अब मैं इसे एक प्रिय

इव परिभ्रमन्नेषः। तदिदानीमेतस्य प्रियं निवेद्य सकलानामपि मन्त्रिवराणां शिरसि चरणं दास्यामि] (इत्युपसर्पति।)

राजा—सखे एह्येहि। कथय कथं वा मम विनोदनीयं मदनवेदना-विदूनं हृदयम्।

विदूषकः—जस्स दे अहं अदिसइद-सअलमंतिबुद्धिविहओ पिअ वअस्सो तस्स कथं मदणवेअणाए वि ओकासो। [यस्य तवाहमतिशयितसकल-मन्त्रिवुद्धिविभवो प्रियवयस्यस्तस्य कथं मदनवेदनाया अप्यवकाशः।]

राजा—कथय, कथं नाम ?

विदूषकः—एसा क्खु दाणिं ज्जेव अदूरवट्टिदं मणिमंडवं आणीदा मए सह सुणंदणाए। जइ दाणिं अतक्किदमेहमंडलीव्व कुदो वि आअदुअ देइ अंदराआ ण भोदि तहिं उपलद्धव्वा तुए चंदअला [एषा खल्विदानी-मेवादूरस्थितं मणिमण्डपमानीता मया सह सुनन्दया। यदीदानीमतर्कित-मेघमण्डलीव कुतोऽप्यागत्य देव्यन्तराया न भवति तदोपलब्धव्या त्वया चन्द्रकला।]

(ततः प्रविशति माधविकया निर्दिश्यमानमार्गा देवी रतिकला च)

देवी—हंजे, एव्वं पि णाम भवे ! [चेटि, एवमपि नाम भवेत्।]

माधविका—पेक्खदु भट्टिणी। [पश्यतु भट्टिणी] (इत्यङ्गुल्या निर्दिशति।

वार्ता सुनाकर सभी मन्त्रियों के सर पर अपना मस्तक रख देता हूँ। (समीप जाता है)

राजा—मित्र, आओ आओ। बतलाओ तो मेरे विनोद का प्रदेश और मेरी मदनवेदना के अपहारक हृदय का क्या समाचार है।

विदूषक—जब सभी मन्त्रियों को अपने बुद्धि वैभव से पराभूत कर देने वाला मुझ जैसा तुम्हारा मित्र है तो फिर मदनवेदना के लिए स्थान कहाँ !

राजा—यह कैसे ?

विदूषक—मैं उसे यहाँ से समीप विद्यमान मणिमण्डप में सुनन्दना के साथ ले आया हूँ। यदि वहाँ सहसा मेघमण्डली के समान महारानी आकर विघ्न न बनें चन्द्रकला अवश्य प्राप्त हो सकती है।

(माधविका से रास्ता बतलायी जाती हुई महारानी और रतिकला आती हैं)

देवी—सखी रतिकले, क्या ऐसा भी हो सकता है।

माधविका—महारानी जी, आप देख लीजिये। (अपनी अंगुली से उधर ही दिखलाती है।)

देवी—(विलोक्य) हला रदिअले, किं दाणिं करेम्ह ! [सखि रतिकले किमिदानीं कुर्मः !]

रतिकला—पच्छण्णा ज्जेव्व एदं अणुगच्छंतीओ सव्वं जाणह्म। [प्रच्छन्ना एवैनामनुयच्छन्त्यः सर्वं जानीमः] (इति तथा कुर्वन्ति ।)

राजा—सखे, केन पुनरुपायेन इत आनीता एषा ?

विदूषकः—ता सुणेहि। एव्वं व्व [तच्छृणु एवमिव] (इति कर्णे कथयति।)

राजा—(सहर्षम्) सखे, तदेतत्तव पारितोषिकम् (इति कङ्कणं दत्वा) तद् दर्शयेदानीं कुतः प्रियतमा ?

(ततः प्रविशति सोत्कण्ठा चन्द्रकला सुनन्दना च)

चन्द्रकला—(सनिर्वेदं दीर्घं निश्वस्य) हला, अआरणं कीस मं पुणो पुणो वंचअन्ती किलिसेसि ? अहं दाणिं इमाए असोअ-साहाए कंठे लतापासं उब्बंधिअ अत्ताणं वावादेमि। मा मा मं दाणीं णिवारेहि। [सखि, अकारणं किमिति मां पुनः पुनर्वञ्चयन्ती क्लेशयसि ? अहमिदानी-मस्यामशोकशाखायां कण्ठे लतापाशमुद्बध्यात्मानं व्यापादयामि। मा मामिदानीं निवारयस्व।]

सुनन्दना—हला, मा उत्तम्ह। मह वअणेण खणं पि पडिवालेहि भट्टिणो आअमणं।] सखि, मा उत्ताम्य। मम वचनेन क्षणमपि प्रतिपाल-यस्व भर्तुरागमनम्।]

देवी—(देख कर) सखी रतिकले, इस समय अब हम क्या करें ?

रतिकला—हम छुप कर इनका पीछा करने पर सारी बातें जान लेगें। (सभी वैसा करती हैं)

राजा—मित्र, उसे तुम यहाँ किस तरह ले आये ?

विदूषक—तो सुनो। इस तरह। (कान में कहता है)

राजा—(प्रसन्न होकर) मित्र, तो यह लो तुम्हारा पुरस्कार। (अपना कंकण दे कर) अच्छा, अब बतलाओ मेरी प्रियतमा कहाँ है ?

(उत्कण्ठित दशा में चन्द्रकला का सुनन्दना के साथ प्रवेश)

चन्द्रकला—(खिन्न होकर दीर्घ उसांस लेती हुई) सखी, तुम बिना कारण बार बार छल करती हुई क्यों मुझे सता रही हो ! अब मैं इसी अशोक-वृक्ष की शाखा पर लतापाश बाँध कर (उसमें अपने) गले को बाँध कर अभी लटक जाती हूँ। अब तुम मुझे मत रोकना।

सुनन्दना—सखि, अपने मन को अधिक संताप क्यों दे रही हो। थोड़ी देर तक मेरे कहने से और स्वामी के आने की प्रतीक्षा तो करो।

विदूषकः—एदु एदु प्पिअवअस्सो। [एतु एतु प्रियवयस्यः] (इत्युभौ परिक्रामतः) (सर्वाः अनुक्रामन्ति)

विदूषकः—पेक्खदु पेक्खदु पिअवअस्सो। एसा सा अत्तणो ज्जेव्व अंगकंतिए मह-अंधआरे वि पआसिदा दे पिअदमा। [पश्यतु पश्यतु प्रियवयस्यः। एषा सा आत्मनः एवाङ्गकान्त्या महान्धकारेऽपि प्रकाशिता ते प्रियतमा]

राजा—(विलोक्य। सहर्षम्) अये, अस्याः खलु—

बिम्बस्यासुकृतेन दन्तवसनं मत्तेभकुम्भद्वय-
स्यापुण्येन पयोधरौ कुवलयस्याकर्मणा चक्षुषी।
इन्दोर्भाग्यविपर्ययेण वदनं कुन्दावलेरेनसा
दन्ताली कदलीतरोश्च दुरितेनोरुद्वयं निर्मितम् ॥ १६ ॥

किञ्च—

मध्येन मध्यं तनुमध्यमा मे पराजयं नीतवतीति रोषात्।
कण्ठीरवोऽस्याः कुचकुम्भतुल्यं मत्तेभकुम्भद्वितयं भिनत्ति ॥१७॥

देवी—(निःश्वस्य) अहो! म-अहिणिवेसो एदाए दुट्ठकण्णआए

विदूषक—प्रियमित्र, तुम इधर आओ।

(दोनों घूमते हैं। सभी उनके पीछे पीछा करती हुई घूम जाती हैं।)

विदूषक—मित्र देखो। यही है तुम्हारी प्रियतमा जो इस घने अंधेरे में भी अपने शरीर की आभा से (अलग ही) चमक रही है

राजा—(देख कर प्रसन्न होते हुए) अरे! बिम्बफल को अपने कर्म के फल भोगने के लिए विधाता ने इसके ओठ बना दिया है, मदमत्त गजराज के दोनों कुम्भों को अपने पुनर्जन्म में इसके दोनों उरोज बन जाना पड़ा है, और नील कमल इसके नेत्र हो गये हैं, चन्द्र को भाग्य के पलटने के कारण इसके मुख के रूप में आ जाना पड़ा और कुन्द पुष्पों की पांत और कदली वृक्ष को अपने कर्म-विपाक के कारण क्रमशः इसकी दन्तावली और जंघाएं बन जाना पड़ा है ॥ १६ ॥

और—मेरी कटि को इस तनुमध्या ने निश्चित ही पराभूत कर डाला ऐसा समझ कर सिंह इसी कामिनी के उरोज कलशों की समानता रखने वाले गजराज के गण्डस्थलों को (खीझ के कारण आज भी) विदीर्ण करता रहता है ॥ १७ ॥

देवी—(जोर से उसांस भर कर) ओह! इस दुष्ट कन्या में महाराज

अज्जउत्तस्स। हला, ता एहि इम भित्तिए अंदरिदा उवरिवुत्तन्तं पेक्खह्न। [अहो! महाभिनिवेशोऽस्यां दुष्टकन्यायामार्यपुत्रस्य। सखि, तदेहि। इह भित्यान्तरिता उपरिवृत्तान्तं पश्यामः] (इति सर्वा अन्तरिताः पश्यन्ति)

राजा—सखे, तदेहि। निर्वापयामो मदनसन्तप्तमात्मानमनया। (इत्युपसर्पतः)

चन्द्रकला—(विलोक्यसवकितव्रीडं सहसोत्थाय मुखं नमयन्ती सानन्दमात्मगतम्) अम्महे! जं किर एवं जीविदं हलाहलं ति संभाविदं ता दाणि कधं मह भाअधेएण अमित्तणेण पलिणद! [आश्चर्यम्! यत् किलेदं जीवितं हलाहलमिति सम्भावितं तदिदानीं कथं मम भागधेयेन अमृतत्वेन परिणतम्!]

राजा—

वैलक्ष्यस्य भवत्यसाववसरो नैतावतस्तेऽधुना
किं नामाननचन्द्रमानमयसि प्राणाधिके प्रेयसि।
एभिर्गाढमनङ्गमञ्जुलगृहैरालङ्ग्य मामङ्गकैः
एणप्रेक्षणि पञ्चबाणविशिखक्षीणं विनिर्मापय ॥ १८ ॥

देवी—(रतिकलां तिर्यगवलोक्य) हला, पुणो वि इमं आलविस्सदि अज्जउत्तो। [सखि, पुनरपि एनामालपिष्यत्यार्यपुत्रः]

इतने आसक्त हो चुके हैं। सखि, इधर आओ। हम इस दीवाल की ओट में छिप कर खड़े खड़े आगे की घटना देखें। (सभी छिप कर देखने लगतीं हैं)

राजा—तो मित्र आओ। हम इससे कामानल से सन्तप्त अपनी आत्मा को शान्ति दे लें। (दोनों आगे बढ़ जाते हैं)

चन्द्रकला—(देख कर आश्चर्य और लज्जा से अपने मस्तक को झुका कर। (स्वगत) अरे! मैंने अपने जिस जीवन को हलाहल विष समझ लिया था आज वही मेरे भाग्य के पलटने से अमृत हो उठा है।

राजा—प्रिये, समय लजाने का नहीं है फिर तुम अपने मुखचन्द्र को इस प्रकार क्यों झुका रही हो। अरी हरिणनयने, तुम काम के बाणों से जर्जर शरीर वाले मुझे अपने काम के मञ्जुल आगार अंग को गाढ़ आलिंगन दे कर शान्ति प्रदान करो ॥ १८ ॥

देवी—(रतिकला की ओर तिरछी दृष्टि से देख कर) सखि, क्या इससे महाराज और भी कुछ कहेंगें।

सुनन्दना—हला, किं एव्वं पणिवज्जसि ? करेहि दाव भट्टिणो वअणं। [सखि, किमेवं प्रतिपद्यसे ? कुरुष्व तावत् भर्तुः वचनम्]

माधविका—भट्टिणि, सुण दाव तुह वीससणीआए वअणं। [भट्टिनि शृणु तावत् तव विश्वसनीयाया वचनम्]

देवी—हञ्जे, कालसप्पिणी किर णीलमणिमालारूवेण वसदि त्ति को जाणादि ? [चेटि, कालसर्पिणी किल नीलमणिमालारूपेण वसतीति को जानाति ?]

चन्द्रकला—(सगद्गदस्वरम्) हला, देइप्पओवभीदेहिं महाराहेहिं अह्माणं को वीसासो ? [सखि, देवीप्रकोपभीते महाराजेऽस्माकं कः विश्वास ?]

देवी—(श्रुत्वा) अम्मो. मह प्पिअसहीए पिअसहित्तअं एदं। [अहो ! मम प्रियसख्याः प्रियसखित्वमेतत्]

राजा—

प्रेमबन्ध-निबद्धा मे न देवी न च मेदिनी।
इतः प्रभृति तन्वङ्गि त्वमेव मम जीवितम् ॥ १९ ॥

देवी—(निशम्य सास्रम्) हला रतिअले, एवं पि मए सहेदि। [सखि रतिकले, एतदपि मया सह्यते।]

सुनन्दना—सखी, तुम चुपचाप ऐसे क्यों बैठी हुई हो। जो महाराज कह रहे हैं उसे क्यों नहीं पूरा करती।

माधुविका—महारानी जी, अपनी विश्वासपात्र दासी के शब्दों को ध्यान देकर सुनिये।

देवी—दासी, यह नीलम की माला के रूप में कालसर्पिणी निकल जाएगी ऐसा पहिले कौन समझाता था।

चन्द्रकला—(रुंधे हुए कण्ठ से) सखि, ये महाराज तो महारानी के क्रुद्ध होने पर डरने वाले प्राणी है। इन पर विश्वास कैसे किया जाए !

देवी—ओह ! यह है। हमारी प्रिय सखी की यही मिताई है।

राजा—अब मुझे महारानी और पृथ्वी दोनों ही अपने प्रेम बन्धन में आबद्ध नहीं कर सकती है। अरी कृशाङ्गी, आज से केवल तुम्हीं मेरा जीवन हो ॥ १९ ॥

देवी—(सुनकर रोते हुए) सखी रतिकले; अब मुझे यह सभी सहना पड़ेगा।

रतिकला—हला, पुरिसभसलाणं[1] सुहावो एसो जं किर णवं णवं एव्व अणुधाअंदि। [सखि, पुरुषभ्रमराणां स्वभाव एषः यत् किल नवं नवमेवानुधावन्ति।]

चन्द्रकला—सहि सुणंदणे, देइं पेक्खिअ सव्वं क्खु विस्समेरि स्सेदि महाराओ। [सखि सुनन्दने, देवीं प्रेक्ष्य सर्वं खलु विस्मरिष्यति महाराजः]

देवी—हला, सुणेहि दाव सुणेहि। अज्जउत्तस्स दंसणमेत्तकेण वि एदाए दुट्ठकण्णआए एव्वं विहाणि आलविदाणि। [सखि, शृणु तावत् शृणु। आर्यपुत्रस्य दर्शनमात्रकेणापि एतस्या दुष्टकन्यकाया एवं विधान्यालपितानि]

रतिकला—सहि, एव्वं पदं। [सखि, एवमेतत्]

राजा—प्रिये, किमेवं व्यावहरसि ? अद्यप्रभृति निदेशवर्ती तवायं जनः।

विदूषकः—(सहर्षम्) अम्महे, जइ एदाए पिअवअस्सो अण्णाकरः ता सव्वा अवि अंदेउरिणिओ अण्णाकारिणीओत्ति। [आश्चर्यम्। यदि एतस्याः प्रियवयस्य आज्ञाकरः ततः सर्वा अप्यन्तःपुरिण्यः आज्ञाकारिण्यः इति]

देवी—(सरोषमुपसृत्य) आः राअवअस्स महाबह्मण, अहं वि एदाए अण्णाकरिणी त्ति। [आः राजवयस्य महाब्राह्मण; अहमप्येतस्या आज्ञाकारिणीति] (इति पुनः पुनरधिक्षिपति)

चन्द्रकला—(सभयोत्कम्पम्) अम्मो ! किं दाणिं आपदिदं ? [अहो ! किमिदानीमापतितम् ?]

रतिकला—सखी, पुरुष का भ्रमर जैसा स्वभाव होता है और वे सदा नवीन वस्तु की ओर दौड़ पड़ते हैं।

चन्द्रकला—सखी सुनन्दना, ये महाराज महारानी को देखने पर सभी बातें भूल जाएंगे।

देवी—सखी, जरा सुनो तो। आज महाराज के केवल दर्शन मिलजाने से ही यह दुष्ट कन्या इतना बकने लगी है।

रतिकला—सखी, तुम ठीक कहती हो।

राजा—प्रिये, तुम ऐसा क्यों कहती हो। आज से मैं तुम्हारा आज्ञाकारी सेवक हूँ।

विदूषक—(प्रसन्नता से) अहा ! जब हमारे मित्र इनके आज्ञाकारी सेवक हो गये तो फिर सारी रनिवास में रहने वाली इसकी दासी बन ही गयी हैं।

महादेवी—(क्रोध के साथ आकर) ओ राजा के मित्र दुष्ट ब्राह्मण क्या अब मैं भी इसकी आज्ञा में रहूँगी। (बार बार डाँटती है)

चन्द्रकला—(भय से काँपती हुई) अरे ! यह सब क्या हो गया !

---

१. भमराणं—मू० पा०।

सुनन्दना—(सभयोत्कम्पम्) अहो, किं दाणिं करिस्सं ! [अहो ! किमिदानीं करिष्यामि ?]

विदूषकः—(सोद्वेगम्) भोदि, मा अह्मेहिं कुप्प । [भवति, मास्मभ्यं कुप्यस्व]

राजा—(सनिर्वेदमात्मगतम्) इदानीं खलु चेतनापि मे नात्मनो वशंवदतामवलम्बते ।

देवी—हला रदिअले, हंजे माहविए, एसो क्खु दुट्ठो बह्मणो एदा क्खु गम्भदासी सुणंदणा दुवे वि एक्केण व्व लदापासेन एक्किकी कदुअ बुट्ढा गण्हीद । इअं अ दुट्ठकण्णआ अत्तणो एव्व ओत्तरीएण हत्थे सुदिड्ढं अप्पीड आणेहि । [सखि रतिकले, चेटि माधविके, एष खलु दुष्टब्राह्मणः इयं गर्भदासी सुनन्दना द्वे अपि एकेनैव लतापाशेनैकीकृत्य बद्ध्वा गृह्णीताम् । इयञ्च दुष्टकन्यका आत्मन एवोत्तरीयेण हस्ते सुदृढमापीड्य आनीयताम्] (उभे तथा कुरुतः)

विदूषकः—अच्चरिअं अच्चरिअं ! कहं बंधणादो वि एदाए गब्भदासीए सुणंदणाए कठोरत्थणभरेण आपीढ़णं गुरुअं मह अंगं बाधेदि । [आश्चर्यमाश्चर्यम् । कथं बन्धनादप्येतस्याः गर्भदास्याः सुनन्दनायाः कठोरस्तनभरेणापीडनं गुरुकं मेऽङ्गं बाधते] ।

देवी—हला रदिअले, हञ्जे माहविए, एदाहिं दाणिं अग्गदो कदुअ गच्छेहि । [सखि रतिकले, चेटि माधविके, एतानीदानीमग्रतो कृत्वा गच्छथ] (इति राजवर्जं निष्क्रान्ताः)

सुनन्दना—(भय से काँप कर) ओह ! अब क्या करें ।

विदूषक—(खिन्न होते हुए) महारानी जी, आप हम पर क्यों नाराज हो रही हैं ?

राजा—(खिन्न होते हुए । स्वगत) अब तो मेरी चेतना भी नियन्त्रण से बाहर होने लगी है ।

देवी—सखी रतिकला और दासी माधवी, इस दुष्ट ब्राह्मण और इस गर्भदासी सुनन्दना को एक ही लतापाश में मिला कर कसते हुए बाँध कर ले चलो । और इस दुष्ट कन्या के इसी के दुपट्टे से दोनों हाथ कस कर बाँधो और ले चलो । (दोनों वैसा ही करती हैं)

विदूषक—अरे ! इस गर्भदासी सुनन्दनाके साथ मिलाकर बँधने से मेरा शरीर इसके कठोर उरोजों से दबकर बड़ा कष्ट पा रहा है ।

देवी—सखी रतिकले और दासी माधविके, तुम दोनों इन्हें अपने आगे रख कर ले चलो । (राजा को छोड़ कर सभी चले जाते हैं)

राजा—(सनिर्वेदं दीर्घमुच्छ्वस्य)

देव्याः प्रेक्ष्य समक्षमन्यवनितासङ्गं ममैतादृशं
मानस्त्याजयितुं कथन्नु भविता शक्योऽतिभूमिं गतः ।
बद्ध्वानीयत वल्लभा च सुहृदा सार्द्धं मुधा मत्कृते
निर्गच्छन्निव नाशको[1]ऽपि सहसा तत् किं विधेयं मया ॥२०॥

(विचिन्त्य) तदलमिदानीमत्र स्थित्वा । पुरमेव प्रविश्योपायं चिन्तयामीति । (इति निष्क्रान्तः)

(इति निष्क्रान्ताः सर्वे)

इति तृतीयोऽङ्कः ।

राजा—(दुःखी होकर जोरों से उसाँस लेते हुए)

मेरे इस प्रकार के दूसरी प्रेयसी के साथ मिलन को अपने सामने देखने वाली महारानी के बढ़े हुए मान को छुड़वाना कैसे सम्भव हो सकता है। और मेरे कारण ही मित्र के साथ प्रियतमा को भी बाँधकर ले जाया गया । इस कारण सहसा यह नहीं बन रहा है और ऐसी अवस्था में जब कि विनाश स्वयं अचानक उपस्थित हो तो मैं क्या करूँ ॥ २० ॥

(विचार कर) यहाँ ठहरने से अब कोई लाभ नहीं है इसलिये नगर में जाकर ही इसका कोई उपाय सोचूंगा । (जाता है)

(सभी का प्रस्थान ।)

तृतीयाङ्क समाप्त ।

---

१. नासनोऽपि—मू० पा० ।

चतुर्थोऽङ्कः

(ततः प्रविशति निर्विण्णो राजा)

राजा—(दीर्घमुच्छ्वस्य)

[1]पीतं कर्णपुटद्वयेन गरलं भृङ्गीनिनादाभिदं
प्रालेयांशुकरच्छलासु दहनज्वालासु गात्रं हुतम् ।
भूयो भूय इति स्वयं विदहता[2] नीता मया यामिनी
निर्याताः कथमश्मसारकठिनास्तत्रापि नैवासवः ॥१॥

आलप्य वञ्चनपरं बहुचाटुगर्भ-
मेष स्थितोऽस्मि चिरमङ्घ्रितले निपत्य ।
आलीजनैरभिहिताऽपि तथा मदर्थं
देवी कथञ्चन पुनर्न गता प्रसादम् ॥ २ ॥

(विचिन्त्य सकरुणं निश्वस्य । आकाशे लक्ष्यं बद्ध्वा)

हे दुर्दैव यदा चिरस्य भवतो भूयोऽपराद्धं मया
तन्मय्येवमनारतं प्रहरतो वक्षे न किञ्चित्तव ।

(खिन्न राजा का प्रवेश)

राजा—(जोरों से उसांस लेते हुए) भौरों की गुंजार के नाम से सुना जाने वाला गाना आज मेरे कानों के लिए विष हो गया है। मेरा शरीर हिमकिरण की शीतल किरणों के भ्रम से आग में जल चुका है और इसी दशा में वार वार जलते हुए मैंने आज सारी रात बिता दी पर फिर भी आश्चर्य है कि ये मेरे वज्र के समान कठोर प्राण क्यों नहीं निकले !

अनेक वञ्चना एवं चाटुकारिता से भरे वचनों में आलाप करते हुए उनके पैरों पर गिर कर देर तक रहने पर भी और सखियों से मेरी इस दशा पर ध्यान देने की वात महारानी को कहलवाने पर भी अभी तक न तो वह प्रसन्न ही हुई ओर न क्रोध ही उतर पाया ॥ २ ॥

(सोचकर और करुणा के साथ उसांस भर कर)

अरे मेरे दुर्भाग्य, जब तूने उठ उठ कर मुझ पर वार किया तो अब इस मेरे अपराध के वारे में तुझे कुछ भी कहना मैं उचित नहीं मानता हूँ। पर

---

१. गीतम्-इति पाठः; २. विदधता—इति पाठः ।

बद्ध्वाङ्गेषु दृढं शिरीषकुसुमप्रायेषु यत् प्रेयसी
नीताजीवितसंशयं कथय तत् किं वा कृतं तेऽनया ॥३॥

(पुनर्निश्वस्य सास्रम्) हा ! वयस्य, त्वमपि मत्कृते जीवितमपहारयिष्यसि !

(ततः प्रविशति विदूषकः)

विदूषकः—(राजानं प्रति उपेत्य) सोत्थि भोदु पिअवअस्सस्स।
[स्वस्ति भवतु प्रियवयस्याय]

राजा—(विलोक्य । सहर्षम्) दिष्ट्या जीवति प्रियवयस्यः ।

विदूषकः—भो वअस्स देइ विण्णावेदि—"मह तादस्स णअरादो एत्थ वंदिणो समाअदाओ। ते दाणिं अय्यउत्तसहिदाए मह दस्सणसमुस्सुकाओ वट्टेदि। अहं पि सुइरअहिगद-वंधुउल-वत्तंत्तं सुणिदुं उक्कंठिआ ह्मि। ता जइ तुह रोअदि तह, मए सह अब्भंदरत्थाणमणिमंडवेहिं उट्ठिदाणं ताणं वंदिजणाणं ओआसं पदिज्जेदु अज्जउत्तो" त्ति। [भो वयस्य, देवी विज्ञापयति—"मम तातस्य नगरादिह वन्दिनः समागताः। ते इदानीम् आर्यपुत्रसहिताया मम दर्शनसमुत्सुका वर्तन्ते। अहमपि सुचिरादधिगतबन्धुकुलवृत्तान्तं श्रोतुमुत्कण्ठिता। तद् यदि ते रोचते तदा मया सहाभ्यन्तरस्थानमणिमण्डपे उपविश्य तेषां वन्दिजनानामवकाशं प्रयच्छतु आर्यपुत्रः" इति]

जो शिरीषपुष्प के समान कोमलांगी प्रियतमा के अंगों को जोरों से बांध कर कसते हुए उसकी ऐसी दशा कर दी कि उसके प्राण संशय में आ गये तो बतला कि उन बेचारी ने तेरा क्या विगाड़ा था ॥ ३ ॥

(फिर उसांस लेकर रोते हुए) ओह ! मित्र, तुम्हारा भी मेरे कारण जीवन नष्ट होगा।

(विदूषक का प्रवेश)

विदूषक—(राजा के समीप आ कर) प्रियमित्र, तुम्हारा कल्याण हो।

राजा—(देख कर प्रसन्न होते हुए) अरे ! सौभाग्य से मेरा प्रियमित्र जीवित है।

विदूषक—मित्र, महारानी ने निवेदन किया है कि मेरे पिताजी की नगरी से (आज) यहाँ वन्दीगण आये हुए हैं और इसी समय वे आपके दर्शन मेरे साथ करने के लिए अति उत्सुक हो रहे हैं और मैं भी अपने सम्बन्धियों के कुशल समाचार बहुत समय के बाद प्राप्त होने के कारण उनसे बातें करने को उत्सुक हो रही हूँ। तो यदि मेरे साथ रनिवास के मणिमण्डप में बैठकर आप उन आगत वन्दिजन के साथ संभाषण का अवसर देंगे तो अच्छा होगा।

राजा—(निशम्य । सहर्षम्) सखे, तथा दुरपनोदामर्षवशंवदाया अयमपि मे महाप्रसादो देव्याः । तत् कथय कथं नाम बन्धनान्मुक्तो भवान् ?

विदूषकः—अत्तणो एव्व सोबंह्मणस्स प्पआदेण । [आत्मन एव सुब्राह्मण्यस्य प्रसादेन !]

राजा—तथापि कथम् ?

विदूषकः—कहं त्ति । अले, मंतसीहीणा ! [कथमिति ? अरे, मन्त्र-सिद्धया ।]

राजा—अलं परिहासेन । स्फुटं कथय ।

विदूषकः—किं अण्णं ! बंधुउलजणागमणहरिसेण तहा अणुइदं णिक्किदं तुमं एव्व अज्ज आसासिदुं ! [किमन्यत् ! बन्धुकुलजनागमनहर्षेण तथा-नुचितं न्यक्कृतं त्वामेवाद्याश्वासयितुम्]

राजा—उचितमेवेदं तथाभिजात्यस्य देव्याः । कः कोऽत्र भोः ?

(प्रविश्य कञ्चुकी)

कञ्चुकी—आज्ञापयतु देवः ।

राजा—कञ्चुकिन्, सत्वरं निवेद्यताममात्यः सत्वरमभ्यन्तरस्थानमणि-

---

राजा—(सुनकर प्रसन्न होते हुए) मित्र, यह तो उस महारानी की अपने ऊपर कृपा ही मानता हूँ जिसका मेरे प्रति क्रोध का दूर होना तक दुष्कर था । अच्छा ! अब यह तो बतलाओ कि बन्धन से तुम कैसे छूट गये ?

विदूषक—अपने ही उत्कृष्ट ब्राह्मणत्व के प्रताप से ।

राजा—फिर भी कैसे ?

विदूषक—किस तरह ? अरे, मन्त्रसिद्धि से ।

राजा—अच्छा, अब अधिक परिहास रहने दो । साफ साफ बतलाओ ।

विदूषक—और क्या होगा । अपने बन्धुजन के मिल जाने से प्रसन्न हो कर और उस समय आपको अनुचित रूप में अपमानित कर देने से आज पुनः अपने अनुकूल करने और आश्वस्त करने के ही लिए मुझे छोड़ दिया ।

राजा—यह महारानी का कार्य तो निश्चित ही उनके उच्चकुल के अनुरूप ही हुआ है । अरे, यहाँ कोई है ?

(कञ्चुकी आता है ?)

कञ्चुकी—महाराज, क्या आज्ञा है ?

राजा—कञ्चुकी, महामन्त्री को निवेदन करो कि वे रनिवास के मणि-

मण्डपसज्जीकरणाय निषेधाय च सकलपुरुषाणाम् आहूयताञ्च माधविकाम् ।

कञ्चुकी—यदाज्ञापयति देवः । (इति निक्रान्तः)

(प्रविश्य माधविका)

माधविका—(सप्रणामम्) जेदु जेदु भट्टा । [जयतु जयतु भर्त्ता]

राजा—माधविके, इदानीमवश्यं खलु देव्या निदेशेनाभ्यन्तरमणिमण्डपं साधयामः । तदाहूयतां तत्रैव देवी ।

माधविका–जं आणवेदि भट्टा । [यदाज्ञापयति भर्ता] (इति निष्क्रान्ता)

राजा—सखे, तद्दर्शय पन्थानं मणिमण्डपस्य ।

विदूषकः—एदु एदु पिअवअस्सो । [एतु एतु प्रियवयस्यः] (इत्युभौ परिक्रामतः)

विदूषकः—पेक्खदु पेक्खदु दाव पिअवअस्सो । एसो तुह अब्भंदरत्थाणमणिमंडवालंकिदो सोहो । [पश्यतु पश्यतु प्रियवयस्यः । एष तवाभ्यन्तरस्थानमणिमण्डपालंकृतः सौधः]

राजा—(विलोक्य । सहर्षम्) अथ कथमयमद्य—

दीप्तोऽनन्तमणिप्रभाभिरभितः पातालशङ्काकरो
भास्वत्काञ्चनभूभृदञ्चितरुचिर्भूलोकतुल्याकृतिः ।

मण्डप को सुसज्जित करें और सभी का प्रवेश वहाँ न होने दें और माधविका को यहाँ बुला लाओ ।

कञ्चुकी—जैसी महाराज की आज्ञा । (जाता है ।)

